रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ | RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com | रायपुर, गुरुवार 22 अगस्त 2024 | पृष्ठ-12 | वर्ष-09, अंक-02 | मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 23 अगस्त को रायपुर आएंगे



**रायपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 23 से 25 अगस्त, 2024 तक रायपुर प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री का आगमन 23 अगस्त 2024 को रात्रि 10 बजे होगा। अपने प्रवास के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री 24 अगस्त 2024 को सुबह 10:30 बजे महाप्रभु वल्लभाचार्य आश्रम का दौरा करेंगे। इसके बाद, इसी दिन सुबह 11:30 बजे होटल मेफेयर, रायपुर में छत्तीसगढ़ एवं पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशकों के साथ अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक के बाद दोपहर 2:30 बजे छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास संबंधी बैठक में सम्मिलित होंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 25 अगस्त 2024 को सुबह 10:30 बजे एन.सी.बी. ऑफिस, रायपुर का उद्घाटन करेंगे एवं समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

### ईडी के दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस का ईडी दफ्तर के बाहर होगा प्रदर्शन

**रायपुर।** ईडी के द्वारा केंद्र सरकार के इशारे पर देशभर में की जा रही राजनैतिक कार्यवाहियों के विरोध में कांग्रेस देश के सभी राज्यों में ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ईडी दफ्तर के बाहर कांग्रेसजन धरना देकर ईडी को चेतावनी देंगे की वह अपनी संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघन मत करे। कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करके जांच एजेंसी को आईना दिखायेगी। मोदी सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों को भाजपा का अनुषांगिक संगठन बना कर रख दिया है। विपक्ष को परेशान करने का षड़यंत्र ईडी का मुख्य काम बन गया है।

### 22 अगस्त को होने वाला जनदर्शन स्थगित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरूवार 22 अगस्त को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### चुनाव आयोग ने जयराम रमेश की हरियाणा में भर्ती से संबंधित आपत्ति को खारिज किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए दिया गया विज्ञापन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है क्योंकि यह भर्ती प्रक्रिया राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले शुरू हो गयी थी। आयोग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने भर्ती प्रक्रिया पर रोक नहीं लगायी है लेकिन राज्य सरकार से भर्ती के परिणाम चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद घोषित करने को कहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उसे पत्र लिखकर कहा था कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सरकार ने नौकरियों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। आयोग ने कहा कि उसने इस संबंध में राज्य सरकार से जानकारी मांगी थी।

### राजनाथ चार दिन की यात्रा पर अमेरिका जाएंगे



**नई दिल्ली (वार्ता)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के निमंत्रण पर 23 से 26 अगस्त तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। सिंह अपने अमेरिकी समकक्ष ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वह राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के लिए राष्ट्रपति के सहायक जेक सुलिवन से भी मुलाकात करेंगे। उनकी यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ती गति और कई स्तरों पर रक्षा संपर्कों की पृष्ठभूमि में हो रही है। इस यात्रा से भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के और घनिष्ठ तथा व्यापक बनने की उम्मीद है। सिंह अमेरिकी रक्षा उद्योग के साथ मौजूदा और भविष्य के रक्षा सहयोग पर एक उच्च स्तरीय गोलमेज बैठक की भी अध्यक्षता करेंगे।

# शासकीय कामकाज को पारदर्शी बनाने और व्यवस्थित करने ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने और शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने के लिए सभी क्षेत्रों में आईटी का व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल शुरू हो गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तीन पोर्टलों ई-ऑफिस प्रणाली, मुख्यमंत्री कार्यालय ऑनलाइन पोर्टल और स्वागतम पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पहल से सुशासन के साथ शासकीय कामकाज में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार सरकारी काम-काज में अधिक से अधिक पारदर्शिता लाने के लिए अधिकाधिक क्षेत्रों में आईटी का उपयोग किया जा रहा है, ताकि भ्रष्टाचार की गुंजाईश न रहे। मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर ये तीनों ऑनलाईन पोर्टल तैयार किए गए हैं, जिसका शुभारंभ मंत्रालय महानदी भवन में बटन दबाकर मुख्यमंत्री ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने मुख्य सचिव को सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के निर्देश देने संबंधी फाइल का डिजिटल अनुमोदन कर ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन के संकल्प को पूरा करने की दिशा में ई-ऑफिस प्रणाली और स्वागतम पोर्टल का शुभारंभ राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस और सरकारी काम में पारदर्शिता के उद्देश्य से सभी विभागों में आईटी के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। डिजिटल गवर्नेंस को हर स्तर पर ले जाने के लिए हम काम कर रहे है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है। हम लोगों ने सरकारी कामकाज में अधिक पारदर्शिता और आमजन की सुविधा के लिए एक साथ तीन-तीन ऑनलाइन प्रणाली का शुभारंभ किया है। तीनों पोर्टल का शुभारंभ प्रदेश में सुशासन स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। ई-ऑफिस प्रणाली से फाइलों के निराकरण में अनावश्यक देरी नहीं होगी। गलती की गुंजाइश कम होगी। फाइल किस स्तर पर है, इसकी ट्रेकिंग हो सकेगी। इसी तरह मंत्रालय में मुख्यमंत्री, मंत्रीगणों और अधिकारियों से मिलने जो आंगतुक आते है, उनकी सुविधा के लिए स्वागतम पोर्टल भी शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने सीएमओ पोर्टल के शुभारंभ की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों, जनहितैषी फैसलों और काम-काज की जानकारी आम लोगों को मिलेगी। गौरतलब है कि ई-ऑफिस प्रणाली शुरुआती चरण में सामान्य प्रशासन विभाग में लागू किया गया है, जिसे क्रमशः सभी विभागों में लागू किया जाएगा। ई-आफिस प्रणाली में आफिस के दस्तावेज डिजिटल किये जाएंगे। दस्तावेज को एक आफिस से दूसरे आफिस भेजे जाने पर काफी समय लगता था, यह समय अब बच जाएगा। इसके साथ ही दस्तावेज में हेर-फेर किये जाने की गुंजाईश समाप्त हो जाएगी। दस्तावेजों के खोने या गायब होने की दिक्कत नहीं रहेगी। डिजिटल माध्यम में दस्तावेज अधिक सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब तय समय-सीमा पर फाइलों का निराकरण हो सकेगा। इससे अधिकारियों के कामकाज की मॉनिटरिंग भी आसान हो सकेगी। ई-आफिस सिस्टम आने से आम जनता के लिए भी अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति जानने में आसानी होगी। इसी प्रकार मंत्रालय में प्रवेश हेतु स्वागतम पोर्टल के माध्यम से आगंतुकों के प्रवेश की व्यवस्था आसान हो जाएगी। आगंतुकों से संबंधित विवरणों के संधारित हो जाने से मंत्रालय परिसर की सुरक्षा सुदृढ़ होगी। इसके साथ ही सीएमओ पोर्टल का भी शुभारंभ किया गया। सीएमओ पोर्टल के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी एक क्लिक पर लोगों को मिल सकेगी। इस पोर्टल के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कला संस्कृति इतिहास और अन्य विशेषताओं के बारे में लोग जान पाएंगे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों और उससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां इस पोर्टल पर उपलब्ध होगी।

# कांग्रेस ने अडानी समूह के सम्बन्धों को लेकर कथित घोटाले की जांच जेपीसी से कराने की मांग दोहरायी

**पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने सेबी के चेयरमैन और अडानी समूह के सम्बन्धों को लेकर कथित घोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से कराने की मांग दोहरायी है। पायलट ने पत्रकारों से कहा कि कुछ दिन पहले एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी जिसमें सेबी के चेयरमैन और अडानी ग्रुप के सम्बन्धों को लेकर घोटाले की चर्चा की बात आयी,जिसकी जांच के लिए सेबी द्वारा जो जांच हुई उसमें तथ्यात्मक रिपोर्ट पर विलम्ब हुआ और केन्द्र सरकार ने इसे मानने से इंकार कर दिया। कांग्रेस और इण्डिया गठबन्धन ने इस मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग की है। हमारी मांग है कि रिपोर्ट के अनुसार हजारों करोड़ के घोटाले की जेपीसी से जांच करायी जाए और जांच पूरी होने तक सेबी के चेयरमैन इस्तीफा दें। उन्होने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेकर केन्द्र सरकार से कहा कि इसकी जांच करिये। अब सवाल यह है कि जो व्यक्ति इस मामले में संदिग्ध है उससे जांच की निष्पक्षता और गुणवत्ता क्या होगी। सेबी के चेयरमैन के पति जिनके साथ मिलकर व्यवसाय करते हैं जिसमें सेबी चेयरमैन खुद संदिग्ध हैं ऐसे में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और इण्डिया गठबंधन के सभी सदस्यों ने जेपीसी की मांग की है क्योंकि जेपीसी के मध्यम से जो रिपोर्ट में घोटाले की बात आई है उसके तथ्य तक पहुंचा जा सकता है। कांग्रेसी विधायक ने कहा कि हम लोग संसद और संसद के बाहर सरकार पर दबाव बनायेंगे। सेवी के चेयरमैन को इस्तीफा देना पड़ेगा क्योंकि बहुत ही गंभीर आरोप लगे हैं और आप इसे इंकार नहीं कर सकते। करोड़ों निवेशक जिनका नुकसान हुआ है सेबी की जिम्मेदारी है उसे उसकी निगरानी रखने की जिम्मेदारी है, जेपीसी की जांच हो ताकि देश के सामने सच्चाई सामने आ सके।

# भारत बंद का दिखा मिला जुला असर

**एजेंसी ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com





अनुसूचित जाति-जनजाति आरक्षण वर्ग में क्रीमीलेयर लागू करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरोध में आयोजित 'भारत बंद' का मिला जुला असर बुधवार को देखने को मिला। राष्ट्रीय राजधानी-एनसीआर में बंद बेअसर रहा। राजधानी के बाजार खुले रहे और सड़कों पर यातायात भी आमदिनों की तरह सामान्य रहा। दिल्ली के बाजार संगठनों ने पहले ही साफकर दिया था कि वह इस बंद का समर्थन नहीं करते हैं। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि किसी भी आंदोलनकारी संगठनों ने भारत बंद के संबंध में दिल्ली के बाजार संगठनों से संपर्क नहीं किया था इसलिए राजधानी के सभी 700 बाजारों के साथ 56 औद्योगिक क्षेत्रों में गतिविधियां सामान्य रहीं। उत्तर प्रदेश में भारत बंद का कोई असर नहीं दिखा,हालांकि बंद समर्थकों ने जुलूस निकाल कर और संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष झंडे बैनर लहरा कर अपने विरोध का इजहार किया। बंद के दौरान लखनऊ,कानपुर और प्रयागराज समेत अधिसंख्य जिलों में दुकाने और व्यापारिक प्रतिष्ठान समय से खुले वहीं सड़क और रेल यातायात पर भी बंद का कोई असर नहीं दिखा।

# आसान नहीं है कल्याण सिंह होना : योगी

**पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ**
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के चरित्र को याद करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई व्यक्ति कल्याण सिंह अचानक नहीं बन जाता। कल्याण सिंह बनने के लिए संघर्ष, चुनौती, त्याग और बलिदान का मार्ग चुनना पड़ता है। स्वर्गीय कल्याण सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित 'हिंदू गौरव दिवस' के दूसरे संस्करण के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये योगी ने कहा कि चुनौती और संघर्ष जब सामने होता है तो त्याग और बलिदान का जज्बा पैदा होता है, तब कोई भी ताकत आपको झुका नहीं सकती, आपका बाल भी बांका नहीं कर सकती है। एक अपार जनआस्था और विश्वास आपके साथ खड़ा होता है। इस अपार जनविश्वास के प्रतीक श्रद्धेय कल्याण सिंह जी बने। उन्होंने उस समय की ताकतों का मुकाबला किया, विपरीत परिस्थितियों में काम किया, लेकिन श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन के मार्ग से कतई नहीं हटे। अंततः परिणाम आज हमारे सामने है। आज उसकी सुखद अनुभूति पूरी दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में समाजवादी पार्टी और इसके मुखिया पर भी हमला किया और पीडीए पर गंभीर सवाल उठाए। योगी ने कहा कि अलीगढ़ के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाले 'बाबूजी' ने शुरुआत से ही संघर्ष और चुनौतियों का मुकाबला करना सीख लिया था। पहले किसान और फिर शिक्षक, आरएसएस के स्वयंसेवी, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में अपनी यात्रा प्रारंभ करने वाले बाबू जी की यात्रा शून्य से शिखर तक की यात्रा है। वे विधायक भी थे, सांसद भी थे। वह प्रदेश सरकार में कांग्रेस की दमनकारी नीतियों के खिलाफ और आपातकाल के खिलाफ आंदोलन के दौरान जेल में भी बंद हुए थे। आपातकाल के बाद बनी सरकार में वह स्वास्थ्य मंत्री भी थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने नायडू के खिलाफ सीबीआई जांच की याचिकाएं की खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय रिश्वत की कथित पेशकश के एक पुराने मामले में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का निर्देश देने की मांग वाली एक रिट याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक अल्ला रामकृष्ण रेड्डी की इस याचिका पर संबंधित पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद उस पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह मामला 2015 में विधान परिषद (एमएलसी) चुनाव में कथित तौर पर तेलुगू देशम पार्टी के पक्ष में वोट देने के लिए 50 लाख रुपये नकद देने की पेशकश का है। इस पुराने मामले में मुख्यमंत्री नायडू के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का निर्देश देने की मांग वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक अल्ला रामकृष्ण रेड्डी की थी। उन्होंने एक रिट याचिका दायर करने के अलावा इस मामले में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के नौ दिसंबर 2016 के फैसले को भी चुनौती थी।

# दो देशों की यात्रा के पहले पड़ाव में वारसा पहुंचे मोदी



**वार्ता ◄ वारसा/नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com

पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले पड़ाव में वारसा पहुंच गये हैं। पिछले 45 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली पोलैंड यात्रा है। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह पोलैंड के अपने समकक्ष डोनाल्ड टस्क के निमंत्रण पर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों में गति आएगी। उन्होंने लिखा, पोलैंड पहुंच गया। यहां विभिन्न कार्यक्रमों के इंतजार में हूं। इस यात्रा से भारत-पोलैंड मित्रता को गति मिलेगी और हमारे देशों के लोगों को लाभ होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री का हवाई अड्डे पर औपचारिक स्वागत किया गया। उन्होंने लिखा , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐतिहासिक शहर वारसा पहुंचे। हवाई अड्डे पर औपचारिक स्वागत किया गया। यह यात्रा विशेष महत्व रखती है क्योंकि भारत और पोलैंड इस वर्ष राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

## भारत तथा अफ्रीका के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव निर्मित किया

# भारत का उदय वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए शुभ संकेत : धनखड़

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com





उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत का उदय वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए शुभ संकेत है। धनखड़ ने 19वें भारतीय उद्योग परिसंघ इंडिया-अफ्रीका बिजनेस कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में साझा भविष्य का निर्माण विषय पर बोलते हुए ग्लोबल साउथ के देशों को प्रगति के लिए प्रेरित करने में भारत के समावेशी, बहुपक्षीय दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने जोर देकर कहा, एक जीवंत लोकतंत्र और मानवता के छठे हिस्से का घर होने के नाते भारत का विकास , वैश्विक स्थिरता और शांति का संकेत देता है। उपराष्ट्रपति ने सभी की भलाई के लिए साझा भविष्य बनाने की दिशा में एकजुट प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भागीदारी इन प्रयासों की पहचान होनी चाहिए। उन्होंने कहा, एक साझा भविष्य बनाना मानवता की भलाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इस चुनौती को अब और विलंबित नहीं किया जा सकता। जलवायु परिवर्तन को 'एक बम' और 'मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा' बताते हुए उपराष्ट्रपति ने सभी देशों से इस चुनौती से निपटने के लिए सामूहिक रूप से ध्यान केंद्रित करने की अपील की। उन्होंने जनभागीदारी और प्राकृतिक संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए चेतावनी दी, हमारे पास बसने के लिए पृथ्वी के अलावा कोई अन्य ग्रह नहीं है। भारत और अफ्रीका के बीच साझे इतिहास, समान संघर्षों, और एक न्यायपूर्ण तथा प्रगतिशील भविष्य की आपसी आकांक्षाओं द्वारा निर्मित परस्पर गहरे संबंधोंकी ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, धनखड़ ने दोनों की साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिसमें आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय, सुरक्षा और कूटनीतिक पहलू शामिल हैं। उन्होंने कहा, पुनजार्गृत अफ्रीका और उभरता हुआ भारत विशेष रूप से स्वच्छ प्रौद्योगिकी, जलवायु अनुकूल कृषि, समुद्री सुरक्षा, कनेक्टिविटी, और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में दक्षिण-दक्षिण सहयोग को एक मजबूत प्रेरणा दे सकते हैं।

उपराष्ट्रपति ने 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने को गौरव का विषय और एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक घटनाक्रम बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने अफ्रीकी देशों की अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, वैश्विक जैव गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन में भागीदारी की सराहना की। भारत को चीतों के माध्यम से देश की जैव विविधता को फिर से बनाने में मदद देने के लिए अफ्रीका के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, इस विकास ने देश को उत्साहित किया है और भारत तथा अफ्रीका के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव निर्मित किया है। उन्होंने अफ्रीकी देशों को अंतर्राष्ट्रीय 'बिग कैट अलायंस' में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से कभी विस्तारवाद पर विश्वास नहीं किया है। उन्होंने भारत के साझेदारी को और सशक्त बनाने के प्रति सहभागिता के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, भारत, विशाल डिजिटलकरण और तकनीकी प्रगति के साथ, सहयोग के लिए कई अवसर प्रदान करता है और आपसी लाभ तथा साझा सफलता के लिए अवसर प्रस्तुत करता है। इस आयोजन में बुरुंडी के उपराष्ट्रपति प्रो बाजोम्बांजा, गाम्बिया के उपराष्ट्रपति मुहम्मद बी.एस. जलो, लाइबेरिया के उपराष्ट्रपति जेरमिया क्पान कोंग, मॉरीशस के उपराष्ट्रपति मैरी सीरिल एडी बॉइसेज़ोन, जिम्बाब्वे के उपराष्ट्रपति डॉ. सी.जी.डी.एन. चिवेंगा और उद्योग जगत के प्रमुख लोगों ने हिस्सा लिया।

# प्रौद्योगिकी का गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है : मुर्मु

**वार्ता ◄ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सतत विकास और सार्वजनिक हित के लिए किया जाना चाहिए क्योंकि इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है। मुर्मु ने हरियाणा के फरीदाबाद में जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हए कहा कि अभी पूरा विश्व चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में है। भारत भी इस क्रांति की चुनौतियों का सामना करने और अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी जैसे संस्थानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि तकनीक के विकास से प्रगति के कई रास्ते खुल गये हैं। उदाहरण के लिए, दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच ने ऑनलाइन रोजगार के कई अवसर पैदा किए हैं, लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि प्रौद्योगिकी का उपयोग उचित और सतत विकास तथा सार्वजनिक हित के लिए किया जाना चाहिए। इसका गलत इस्तेमाल विनाशकारी हो सकता है। मुर्मु ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में कई औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौते किए हैं। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए इस विश्वविद्यालय के परिसर में उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन सभी प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का नाम महान वैज्ञानिक और आधुनिक विज्ञान के प्रणेता जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखा गया है, जो संभवतः दुनिया के पहले वैज्ञानिक थे जिन्होंने वैज्ञानिक रूप से साबित किया कि पेड़-पौधों में भी भावनाएं होती हैं। उनकी क्रांतिकारी खोज ने वनस्पति जगत को देखने का हमारा नजरिया बदल दिया। उन्होंने छात्रों से उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने और प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आग्रह किया। मुर्मु ने कहा कि भारत की समृद्ध विरासत हमें सदैव गौरवान्वित करती है। युवा इस समृद्ध विरासत का हिस्सा हैं और उन्हें इसका ध्वजवाहक बनना होगा। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी योग्यताओं और क्षमताओं पर भरोसा रखें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

# बालको ने विश्व स्तनपान सप्ताह पर समुदाय में चलाया जागरूकता अभियान





पायनियर संवाददाता ‹ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने समुदाय की गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान के साथ विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया। इस वर्ष की थीम 'क्लोजिंग द गैपः ब्रेस्टफीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल' के अनुरूप महिला एवं बाल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सत्र आयोजित की गई। इस अवसर पर 'आरोग्य परियोजना' के अंतर्गत शिशुवती माताओं और गर्भवती महिलाओं को बच्चों के पोषण और स्तनपान के महत्व से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चे के लिए पहले 1,000 दिनों में मां के दूध का महत्व और कंगारू देखभाल जैसी उन्नत देखभाल तकनीकों पर जागरूकता प्रदान की गई। अभियान में मातृ एवं शिशु दोनों के बेहतर स्वास्थ्य और स्तनपान को अनुकूलित करने के लिए प्रसव से पहले महिलाओं के शरीर को तैयार करने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में 500 से अधिक गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन में कंपनी ने स्तनपान कराने वाली माताओं को सम्मानित और समर्थन देने का काम किया। अभियान ने स्तनपान प्रथाओं को बढ़ावा देने तथा इसे बनाए रखने में परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य सेवा कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका को बताया गया। साप्ताहिक पहल में माताओं और गर्भवती महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक सभी की पहुँच एक समृद्ध समुदाय बनाने के हमारे दृष्टिकोण का केंद्र है। विभिन्न पहल के माध्यम से हम महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के साथ लोगों को एक स्वस्थ जीवन, आत्मनिर्भर भविष्य तथा सशक्त बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। मातृ एवं बाल स्वास्थ्य का समर्थन करके हम अपने समुदाय की भलाई को बढ़ावा दे रहे हैं। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि समुदाय के प्रत्येक माता एवं शिशु एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन व्यतीत कर सके। कोरबा की महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि बच्चे का पोषण माँ की भलाई से जुड़ा हुआ है। महिला एवं बाल विकास लक्ष्यों के अनुरूप बालको की पहल माताओं को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए सशक्त बनाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उनके बच्चों को उनकी ज़रूरत के अनुसार पोषण मिले। मुझे विश्वास है कि प्रतिभागी इन सीखों को स्वयं तथा अपने बच्चों की देखभाल के लिए अधिक प्रभावी ढंग से लागू करेंगी। पथरीपारा की लाभार्थी रेजिना लिंगा ने बताया कि इस सत्र से कंगारू केयर तकनीक ने मातृत्व के प्रति मेरे दृष्टिकोण को बदल दिया है। कंगारू केयर पद्धति में सिखाया गया की अपने बच्चे को शरीर से लगाकर रखने से मातृ एवं शिशु के रिश्ते मजबूत होते हैं साथ ही मेरे बच्चे की समग्र विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। सत्र के दौरान मिले मार्गदर्शन ने एक माँ के रूप में मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है जिससे मुझे अपने बच्चे की उचित देखभाल करने में मदद मिली है। समुदाय के प्रति समर्पित बालको की आरोग्य और नंद घर पहल, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सामाजिक-आर्थिक विकास और कल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। आरोग्य व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करता है जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण, एनीमिया और एचआईवी, टीबी और नशामुक्ति के बारे में जागरूकता पर केंद्रित है। नंद घर, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से प्री-स्कूल पोषण, उच्च-स्तरीय पाठ्यक्रम के साथ शिक्षा, डिजिटल शिक्षण उपकरण और बेहतर सुविधाओं को बढ़ाता है जिससे बच्चों के संज्ञानात्मक विकास और स्कूल उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## ममता बनर्जी के राज्य में पश्चिम बंगाल में अपराधियों को बचाया जा रहा : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



कोलकाता के एक अस्पताल में महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की घटना को लेकर बुधवार को दुर्गा वाहिनी भाटापारा द्वारा आयोजित पैदल मार्च एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी सहभागिता कर भारत माता चौक पर दीपक जलाकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर इस जघन्य अपराध के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थितजनो से शिवरतन शर्मा ने कहा कि आरजी कार चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की हत्या की घटना के बाद वहां पर शुरू किये गये मरम्मत कार्य से स्पष्ट प्रतीत होता है कि सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर और उन्हें मिटाने के लिये कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज्य में पश्चिम बंगाल में अपराधियों को बचाया जा रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि घटना के बाद के पहले 24 घंटे सबूत जुटाने की दृष्टि से अहम थे, लेकिन बनर्जी ने बयान दिया कि वह इस मामले को कुछ दिन बाद सीबीआई को सौंपेंगी। उन्होंने सीबीआई को मामले सौंपने में हुयी देरी की वजह पर सवाल खड़ा करते हुये कहा कि अगर सीबीआई को यह मामला पहले सौंप दिया गया होता, तो वह घटनास्थल को सुरक्षित कर सकती थी और अपराधी सलाखों के पीछे पहुंच गया होता। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में पश्चिम बंगाल में जंगलराज कायम हो गया है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की एक तरफ पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर्स पर टीएमसी के गुंडे मेडिकल कॉलेज में घुस कर हमला करते और डराते है। साथ ही अपराध के बाद मौजूद साक्ष्य को नष्ट करने की कोशिश करते हैं। दूसरी तरफ ममता बैनर्जी खुद ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदर्शन कर सरकार से इंसाफ की मांग कर रही हैं। पश्चिम बंगाल की स्वास्थ्य मंत्री, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी और इन सब के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली भी ममता बैनर्जी है। उक्त कार्यक्रम में राकेश तिवारी, आशिष जायसवाल, आशिष पुरोहित, अभिषेक दास, अभिषेक मोदी, सतीश साहू, अभिषेक मिश्रा, कान्हा मिश्रा, नीरा साहू, आयशा खान, अंजली जायसवाल, मधु सोनी, हेमंत व्यास, कुणाल नायडू, सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## नगरी ब्लाक के संपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठान रहे बंद



पायनियर संवाददाता ‹ नगरी/धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरी ब्लाक मुख्यालय में सर्व आदिवासी समाज अनूसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति सयुंक्त मोर्चा उच्चतम न्यायालय के 1 अगस्त अजा, अजजा में कृमिलेयर वर्गीकरण का निर्णय दिया है जिसके विरोध में अनूसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति सयुक्त मोर्चा के द्वारा पूरे भारत बंद का आव्हान किया गया था जिसके तहत नगरी ब्लाक बंद कराया गया जो पूरी तरह से सफल रहा वहीं व्यापारियों से अपील करने के पश्चात समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान के साथ-साथ स्कूल भी बंद रही। वही आदिवासी समाज के समस्त सरकारी कर्मचारी भी छुट्टी लेकर आंदोलन में शामिल हुए समस्त सामाजिकजन पूरे नगर में भ्रमण कर सभी दुकानों को बंद करने का अपील किया और आमसभा का आयोजन नगरी नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक में किया गया जहां डा.भीमराव अंबेडकर तेलचित्र पर पूजा अर्चना करने के पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात आमसभा को संबोधित करते हुए सभी ने अपने अपने उद्बोधन में अजा अजजा क्रीमलेयर वर्गीकरण को लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्णय का जमके विरोध प्रदर्शन किया गया। आम सभा के बाद एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौपने वालो में सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष उमेश देव सहित भारी संख्या में अजा.अजजा के महिला, पुरूष शामिल हुए।

## मठपुरैना ने जीता प्रथम पुरस्कार



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरैना के 218 बच्चो के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। जो स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से प्रस्तुत कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालिकाओं को अपने करकमलों से पुरस्कार प्रदान किया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवम् ऐतिहासिक धरोहर का सुंदर चित्रण बच्चो ने अपनी प्रस्तुति में किया। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा में बच्चो ने सबका मन मोह लिया। संस्था की प्राचार्य सरोज चंद्राकर,व्याख्यातागण एल ठाकुर,गोविंद प्रसाद सोनी, बी एल पटेल, ऋतु वैष्णव, सुषमा कंवर, सविता श्रीवास्तव, मनोज बारीक, विजिया पटेल का विशेष सहयोग रहा। शाला को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिये प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाई स्कूल के सभी स्टाफ के साथ साथ पीटीआई आर एल पटेल एवं शाला विकाश समिति के सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## नेवनारा चंडी मंदिर में राखी पर्व पर भाजपा नेता योगेश तिवारी को हजारों महिलाओं ने बांधा, रक्षा सूत्र




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

नेवनारा चंडी मंदिर में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक राखी पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम नेवनारा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व भाजपा नेता योगेश तिवारी के द्वारा किया गया। कुलदेवी चंडी मंदिर नेवनारा में रक्षाबंधन त्यौहार मनाने क्षेत्र की हजारों महिलाएं शामिल हुई। भाजपा नेता योगेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में 7 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई। महिलाओ ने भाजपा नेता योगेश तिवारी को रक्षा सूत्र बांधकर उपहार प्राप्त किया। कार्यक्रम में शामिल हजारों महिलाओं को साड़ी भेंट की गई। इस अवसर पर बहनों ने भाई योगेश तिवारी को रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने भाई के रूप में जो मेरा कर्तव्य है उसे पूरा करूंगा वादा किया। बेमेतरा क्षेत्र के विकास में भी बहनों का भागीदारी रहे। भाजपा नेता ने कहा कि क्षेत्र की बहनों से हर साल जो स्नेह मिलता है, वह अतुलनीय है। क्षेत्र से आई बहने मेरे परिवार की तरह हैं। इनका मुझ पर हमेशा स्नेह बना रहा। इस अवसर पर सौरभ मिश्रा सभापति हेमंत वैष्णव, पीयूष शर्मा अजय मिश्रा, राजेंद्र फौजी, दरबारी साहू जनपद सदस्य, नेतराम निषाद, प्रेमलाल साहू,

## मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु नगर निगम द्वारा वार्डो में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग अभियान जारी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र में मच्छरों के कारगर नियंत्रण एवं मच्छरजनित रोगो से सुरक्षा व बचाव हेतु सभी जोनो के स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से वार्डो में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। नागरिको के मध्य मच्छरजनित रोग डेंगू के प्रति जागरूकता लाने अभियान जारी है। एवं घर घर जाकर विंडो कुलरो में भरा हुआ व जमा पानी खाली करवाकर कुलरों में एंटी लार्वा छिड़काव लगातार किया जा रहा है। इस क्रम में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन 2 के वार्ड क्रमांक 6 के क्षेत्र में एंटी लार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया। वार्ड क्रमांक 28 के देवेन्द्र नगर भाठापारा क्षेत्र में एंटीलार्वा अभियान चलाया गया। जोन 9 के वार्ड क्रमांक 51 के तहत लाभांडी बस्ती क्षेत्र में मच्छरों के कारगर नियंत्रण हेतु एंटीलार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया। जोन 4 के वार्ड क्रमांक 47 के क्षेत्र में एंटीलार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया। जोन 5 के तहत भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 के श्रीराम नगर बस्ती क्षेत्र और कर्मचारी कालोनी क्षेत्र कुषालपुर वार्ड क्रमांक 66 के क्षेत्र में एंटीलार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया। जोन 1 के तहत वार्ड क्रमांक 15 के क्षेत्र में एंटीलार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया। जोन 1 क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 3 और 16 के क्षेत्र में एंटीलार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया। जोन 9 के वार्ड क्रमांक 9 के क्षेत्र में दुबे कालोनी मोवा बस्ती के विभिन्न स्थानों में मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु एंटीलार्वा ट्रीटमेंट अभियान चलाया गया। इसी प्रकार नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मच्छरों पर कारगर नियंत्रण हेतु व्यापक तौर पर फॉगिंग अभियान चलाया। जोन 8 के तहत वार्ड 21 के क्षेत्र में टाटीबंध गुरूद्वारा कालोनी, गुरूद्वारा गार्डन, गजानंन रिजेंसी, नरूला गार्डन में जोन 4 के वार्ड क्रमांक 47 नया पारा तेली पारा, तात्यापारा सदर बाजार मार्ग, जोन 5 के तहत वार्ड क्रमांक 52 के सीता चौक, कोपलवाणी, व्हीआईपी चौक, रामायाण नगर, शीतला बस्ती क्षेत्र , वार्ड 51 के जोरा बस्ती क्षेत्र, वार्ड 31 के दुलारी वाटिका गायत्री नगर रहवासी क्षेत्र, वार्ड 47 के तहत महादेव नगर गली नंबर 1, 2, 4 पुराना राषन दुकान के समीप रहवासी क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 67 के महादेव नगर चाय समिति के समीप यादव पार्क क्षेत्र में अलमारी फैक्ट्री लाईन, साहू किराया भंडार के सामने गली षिवम स्कूल के पीछे, वार्ड 1 के तहत जरवाय बस्ती क्षेत्र में वार्ड 19 अशोक नगर, प्रीतम नगर सामुदायिक भवन साईनाथ चौक के समीप, वार्ड 2 क्षेत्र में सोनडोंगरी बीएसयूपी कालोनी, वार्ड क्रमांक 5 के तहत न्यू आनंद नगर सेंधवा तालाब, रामेश्वर नगर बस्ती क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों में मच्छरों के कारगर नियंत्रण हेतु जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु व्यापक तौर पर फॉगिंग अभियान हैण्ड फॉगिंग मशीन की सहायता से चलाया गया एवं रहवासियों को मच्छरों से त्वरित राहत दिलवायी गयी। एंटी लार्वा ट्रीटमेंट एवं फॉगिंग अभियान नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर जारी रहेगा।

## संसार रूपी सागर को परमात्मा रूपी खेवैया के माध्यम से पार करना है : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com





परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने प्रवचन में फरमाया कि जिंदगी परमात्मा से मिला अमूल्य उपहार है, ये कहीं खो न जाए इसका ध्यान रखना है। क्योंकि ये बार बार मिलने वाली नही है इसलिए इसे संभाल कर रखना है। संसार रूपी सागर को परमात्मा रूपी खेवैया के माध्यम से पार करना है। जीवन रूपी पतंग की डोर के टूटने से पहले मुझे अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। हमे अपने जीवन को फूल जैसा कोमल बनाकर केवल खुशबू लुटाने का काम करना है। पत्थर जैसा बनाकर किसी का दिल नहीं दुखाना है। प्रयत्न पूर्वक प्रयास करने वाले को परिणाम कितना प्राप्त होगा ये उसके प्रयत्न पर निर्भर करता है। परमात्मा ने अपने प्रयासों से उतना परिणाम प्राप्त कर लिया है की अब और कुछ प्राप्त करने की जरूरत ही नही है। बस हमे भी इतना ही परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रयास करना है। कोई भी व्यक्ति जब क्रोध में होता है तो सबसे पहले उसका व्यवहार बदल जाता है। और व्यवहार के बदलते ही शब्द भी बदल जाते है। हम सदा उसके साथ रहना पसंद करते है जिसका व्यवहार आनंदकारी हो। हमे आचरण तो राम का पसंद आता है लेकिन हम आचरण रावण की तरह करते है। हमे विचार करना है जब हम आचरण अर्थात व्यवहार रावण जैसा करते है तो जीवन राम के जैसा कैसे बनेगा। हमारा संबंध भी दिखावटी हो गया है। जो दूर से सबसे अच्छा लगता है पास आते ही वह नापसंद हो जाता है। हमे दूसरो के अच्छे कार्यों और गुणों की अनुमोदना करना चाहिए। साथ ही अपने अवगुणों की आलोचना करना चाहिए। श्रावक को हमेशा विवेक का ध्यान रखना चाहिए। हमारा विवेक ही हमे हमारे कर्तव्य का ध्यान कराता है। दूसरो के गुणों के देखकर आनंदित होने का भाव ही प्रमोदभाव कहलाता है। और हमारा प्रमोदभाव ही जिनशासन की प्रभावना में अभिवृद्धि कर रहा है। हमारे हृदय में भी देव, गुरु और धर्म के प्रति प्रमोदभाव होना चाहिए। उनके गुण, आचरणऔर त्याग को देखकर हमे भी आनंदित होते हुए अपने जीवन में इसे उतारने का प्रयास करना चाहिए। ज्ञानी भगवंत कहते है की हमे अपने मन को इतना योग्य बनाना है की उसे हमेशा गुण ही दिखाई दे और उसे अपने जीवन में लाने का प्रयास करे। हमे परमात्मा की तरह करुणा का भाव अपने जीवन में लाने का प्रयास करना है। इसके लिए दूसरो के साथ अपने विचारधारा को मिलाने की जरूरत है। राम और रावण दोनो हमारे अंदर है। जब हमारा आचरण गलत होता है अमर्यादित होता है तो हमारे अंदर का रावण जागता है। और जब आचरण मर्यादित अर्थात अनुशासित होता है तब हमारे अंदर का राम जागता है। ज्ञानी भगवंत कहते है अधर्म करने वाले का सोना अच्छा है क्योंकि वो जागकर भी अधर्म ही फैलाएगा। और पुण्यात्मा व सज्जन का जागना अच्छा है। क्योंकि वो जहां जहां जायेगा अपने सदाचरण से दूसरो को आनंदित करेगा और धर्म का मार्ग दिखाएगा। हम अपने जीवन में क्या गलती लगातार कर रहे है ये पता तो है लेकिन उसे सुधारना नही चाहते।

## नितिन भंसाली ने लगातार 14वें वर्ष प्रेरणा आश्रम की दृष्टिबाधित बहनों से राखी बंधवाते हुए रक्षाबंधन पर्व मनाया



रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रवक्ता और पब्लिक इशू सोशल फाउंडेशन के चेयरमैन नितिन भंसाली ने लगातार 14वें वर्ष राजधानी के हीरापुर स्तिथ प्रेरणा आश्रम में दृष्टिबाधित बहनों से राखी बंधवाई तथा उनके साथ रक्षाबंधन मनाते हुए उनकी रक्षा किए जाने का संकल्प लिया। नितिन भंसाली ने बताया की वे लगातार 14 वर्षो से प्रेरणा आश्रम नियमित रूप से आते है और रक्षाबंधन पर दृष्टिबाधित बहनों से राखी बंधवाते है।

## हाई स्कूल मेघा के छात्रों ने जल जगार कार्यक्रम में लिया भाग



**धमतरी।** धमतरी जिले में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत् जल जगार कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा के छात्र छात्राओं ने तहसील कार्यालय मगरलोड में आयोजित इस अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम में बताया गया कि रैन वाटर हार्वेस्टिग, रूफटर्फ वाटर और वेस्ट वाटर मेनेजमेंट के माध्यम से शुद्ध पानी को भूमि के अंदर भेजना है। जल संरक्षण के तहत विभिन्न माडल एवं वीडियो के माध्यम से बताया गया की यह जांच करें कि आपके घर में पानी का रिसाव न हो। आपको जितनी आवश्यकता हो उतने ही जल का उपयोग करें। पानी के नलों को इस्तेमाल करने के बाद बंद रखें ,नहाने के लिए अधिक जल को व्यर्थ न करें, ऐसी वाशिंग मशीन का इस्तेमाल करें जिससे अधिक जल की खपत न हो, खाद्य सामग्री तथा कपड़ों को धोते समय नलो का खुला न छोड़े, जल को कदापि नाली में न बहाएं बल्कि इसे अन्य उपयोगों जैसे पौधों अथवा बगीचे को सींचने अथवा सफाई इत्यादि में लाए, सब्जियों तथा फलों को धोने में उपयोग किए गए जल को फूलों तथा सजावटी पौधों के गमलों को सींचने में किया जा सकता है, पानी की बोतल में अंततः बचे हुए जल को फेंके नही अपीतु इसका पौधों को सींचने में उपयोग करें, पानी के हौज को खुला न छोड़ें, तालाबों, नदियों अथवा समुद्र में कूड़ा न फेंके। कार्यक्रम मे दिनेश जाटव सीएसी सरगी, विकास डरसेना उप अभियंता जल संसाधन विभाग मेघा स्कूल से रेडक्रॉस काउन्सलर अवध राम साहू व्याख्याता जयंत कुमार साहू लाइब्रेरियन विद्या साहू समस्त शिक्षक स्टाफ छात्र छात्राओं का भरपूर सहयोग रहा।

## क्रीमी लेयर नियम लागू होने से एसटी, एससी के गरीबों को होगी सबसे ज्यादा फायदा : उमेश साहू

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



सुप्रीम कोर्ट ने जबसे एससी, एसटी में क्रीमी लेयर की बात की है तबसे एससी, एसटी के वे परिवार जिनकी पारिवारिक आय 8 लाख से ऊपर है अब उन्हें डर सता रहा कि उनके बच्चो को अपनी सीट अनारक्षित कोटे से काटनी होगी अर्थात अब ऐसे एससी, एसटी परिवार के बच्चे देश के किसी भी सरकारी पोस्ट या एंट्रेंस एग्जाम में आरक्षण का फायदा नहीं उठा पाएंगे। एक सर्वे के अनुसार आजादी के 70 साल बाद भी एससी, एसटी की 90 प्रतिशत सीटो पर कब्जा समृद्ध एससी, एसटी ही फायदा उठा रहे है। ऐसे में ये कैसा न्याय की जिनके मां बाप की आय 8 लाख से ज्यादा हो वो आज भी यूपीएससी में कम अंक लाकर आईएएस, आईपीएस में जा रहे। मेडिकल कालेज सीट एआईआईटी की सीट ले रहे। कई सरकारी पदों में तो यह 25 प्रतिशत अंक में हो जाता है। जबकि इतने नंबर पर कोई गरीब एससी, एसटी परिवार के कैंडिडेट का अधिकार होता है। जैसा कि ओबीसी में क्रीमी लेयर का सीधा नियम है जिसमे मां बाप की सालाना आय 8 लाख से ज्यादा होने पर उन्हें जनरल माना जाता है जिससे कम आय और गरीब ओबीसी को उनके कोटे में फायदा मिलता है ।संविधान बनाने वाले महान लोगो की भी यही सोच थी लेकिन वोट बैंक के कारण इस पर एससी, एसटी के मामलो में कोई भी सरकार फैसला नही ले पाई इसी स्थिति को देख सुप्रीम कोर्ट ने इस पर गाइडलाइंस जारी किया कि राज्य इस पर कानून बनाए जिससे किसी भी गरीब एससी, एसटी का नुकसान नहीं होगा बल्कि गरीब एससी, एसटी का और अधिक फायदा होगा। जैसे किसी सरकारी एग्जाम में 100 पोस्टएससी, एसटी की हो तो अब तक केवल जो समृद्ध एससी, एसटी है वही लोग 90 प्रतिशत सीट काट लेते थे जबकि उनकी जेब में पूर्ण संसाधन है भले वो कितने भी कम नंबर प्राप्त करे एलेकिन अब ऐसा नहीं होगा अब वो पूरी 100 सीटो पर गरीब एससी, एसटी का अधिकार होगा और अमीर एससी, एसटी को मजबूरन जनरल कैटेगरी ओबीसी के क्रेमिलेयर और सभी वर्ग के टॉपर्स के साथ लड़ना होगा। जो गरीब एससी, एसटी की भीड़ है उन्हे किसी तरह भी सड़क पर उतारा जाए और संविधान खतरे या आरक्षण का खतरा बताकर आंदोलन किया जाए ताकि सरकार वोट बैंक के कारण इस पर नियम न बनाए और जो मलाई एससी, एसटी का अमीर वर्ग अभी खा रहा है उनकी आने वाली अगली पीढ़ी भी यही मलाई 25 प्रतिशत नंबर लाकर नौकरियों में और आगे जाकर सुरक्षित एससी, एसटी की चुनावी सीट पर खाते रहे और गरीब एससी, एसटी को कई सालों तक उभरने का मौका न मिले। सुप्रीम कोर्ट ने यह ऐतिहासिक फैसला दिया है जिस पर कानून बनते ही भारत के लाखो गरीब एससी, एसटी को बहुत मौके अपने आप बन जायेंगे जिन पर कई वर्षो से नैतिक अधिकार उन्ही का है जिनके लिए वास्तविक रूप से बाबा साहेब ने संविधान में आरक्षण का प्रावधान किया था, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बाबा साहेब की वास्तविक सोच साकार होगी।

## छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार वापस छोड़े गए जप्त किए गए वन्यजीव



### चार मॉनिटर लिजार्ड को किया गया आजाद

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

**पहली बार छोड़े गए शेड्यूल-1 के चार मॉनिटर लिजार्ड (गोह)**

30 जून 2024 को रायपुर वन मंडल ने विधि द्वारा संरक्षण प्राप्त शेड्यूल-1 के चार मॉनिटर लिजार्ड जप्त किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चेकिंग के दौरान ये जप्त किए गए थे। इन्हें नंदनवन जंगल सफारी नया रायपुर में शिफ्ट कर दिया गया। डायरेक्टर जंगल सफारी द्वारा 23 जुलाई को इन वन्य प्राणियों का स्वास्थ्य जांच कर, वनमंडल अधिकारी रायपुर को पत्र लिखकर चारों मॉनिटर लिजार्ड को छोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखा। वन मंडल अधिकारी रायपुर ने कोर्ट से अनुमति लेने के पश्चात चारों मॉनिटर लिजर्ड को उचित रहवास में छोड़ दिया है। सिंघवी ने वन विभाग को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि पूर्व में जब्त सभी स्वस्थ और छोड़े जाने योग्य वन्य प्राणियों को वन विभाग शीघ्र ही वन क्षेत्र में छोड़ देगा एंव भविष्य में भी वन्य जीवों के हित में कार्यवाही करेगा।

छत्तीसगढ़ के इतिहास में शायद यह पहली बार है कि किसी न्यायालय प्रकरण में जप्त किए गए वन्यप्राणी को वापस उनके रहवास में छोड़ा गया है। इस मामले में जानकारी देते हुए रायपुर के नितिन सिंघवी ने बताया कि अभी तक किसी भी न्यायालय प्रकरण में जप्त किए गए वन्यप्राणी को जप्त किए जाने के बाद जू में रख दिया जाता था। न्यायालय में प्रकरण लंबित रहने के कारण उन्हें वापस वन में छोड़ने का कोई प्रयत्न नहीं किया जाता था। वन्यजीवों को आजीवन जू में ही रहना पड़ता था। सिंघवी ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) से निवेदन किया कि केंद्रीय जू अथॉरिटी की गाइडलाइंस के अनुसार ऐसे जप्त वन्यप्राणियों को कोर्ट की अनुमति लेने के बाद छोड़ा जा सकता है और उन्हें छोड़ा जाना चाहिए। इसके पश्चात प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) ने वन विभाग के मैदानी अमले में पदस्थ समस्त अधिकारियों को पत्र लिखकर जप्त वन्य प्राणियों को न्यायालय से अनुमति लेकर वन क्षेत्र में छोड़े जाने के आदेश जुलाई में जारी किये।

# विधायक लता उसेंडी के संरक्षण में चल रहा ओड़िसा दारू को छत्तीसगढ़ में खपाने का कारोबार : मोहन मरकाम

## कोंडागांव पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा शराब का अवैध कारोबार

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में मंगलवार को फ्लोरोसिस रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में फ्लोरोसिस के प्रभाव को कम करने और इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। फ्लोरोसिस एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो फ्लोराइड की अधिक मात्रा के सेवन से होती है। यह समस्या आमतौर पर उन क्षेत्रों में होती है जहां पीने के पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक होती है। फ्लोराइड एक रासायनिक तत्व है, जो स्वाभाविक रूप से जल îोतों में पाया जाता है। जब इसके स्तर में अत्यधिक वृद्धि होती है, तो यह दांतों और हड्डियों में फ्लोरोसिस नामक रोग का कारण बनता है। इस बीमारी से दांतों और हड्डियों में विकृति, दर्द, और हड्डियों के कमजोर होने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है।

बैठक के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले में फ्लोरोसिस से प्रभावित गांवों की फ्लोराइड रिमूवल प्लांट को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित विभागों को एकजुट होकर इस समस्या का समाधान निकालने पर जोर दिया। लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग को उन सभी स्थानों पर फ्लोराइड रिमूवल प्लांट की नियमित जांच करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि बच्चों और गर्भवती महिलाओं को फ्लोराइड के प्रभाव से बचाया जा सके। पोषणयुक्त भोजन शरीर में फ्लोराइड के अवशोषण को कम करने में सहायक होता है।

विशेष रूप से कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन सी से भरपूर भोजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए चूंकि ये पोषक तत्व फ्लोराइड के प्रभाव को कम करने में मददगार होते हैं। स्वास्थ्य विभाग को फ्लोरोसिस की स्क्रीनिंग गतिविधियों को और भी तेज करने के निर्देश दिए गए। जिससे पहले से चल रही स्क्रीनिंग प्रक्रिया को और भी व्यापक और प्रभावी बनाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि प्रभावित व्यक्तियों को उचित चिकित्सा सहायता और परामर्श मिले। कलेक्टर ने इस बात पर भी जोर दिया कि फ्लोरोसिस की रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान को और भी तेज किया जाए। आम जनता को इस रोग के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि लोगों में जागरूकता आए। बैठक के अंत में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि, सभी विभागों को आपसी समन्वय और सहयोग से फ्लोरोसिस के नियंत्रण के लिए काम करने की जरूरत है। फ्लोरोसिस जैसी गंभीर समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है और इसके लिए सभी विभागों को एकजुट होकर काम करना होगा।

# फ्लोरोसिस रोकथाम के लिए हुई अंतर्विभागीय बैठक

## कलेक्टर ने दिए ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश, सभी विभागों को एकजुट होकर काम करने पर जोर

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में मंगलवार को फ्लोरोसिस रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में फ्लोरोसिस के प्रभाव को कम करने और इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था। फ्लोरोसिस एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो फ्लोराइड की अधिक मात्रा के सेवन से होती है। यह समस्या आमतौर पर उन क्षेत्रों में होती है जहां पीने के पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक होती है। फ्लोराइड एक रासायनिक तत्व है, जो स्वाभाविक रूप से जल îोतों में पाया जाता है। जब इसके स्तर में अत्यधिक वृद्धि होती है, तो यह दांतों और हड्डियों में फ्लोरोसिस नामक रोग का कारण बनता है। इस बीमारी से दांतों और हड्डियों में विकृति, दर्द, और हड्डियों के कमजोर होने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है। बैठक के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले में फ्लोरोसिस से प्रभावित गांवों की फ्लोराइड रिमूवल प्लांट को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित विभागों को एकजुट होकर इस समस्या का समाधान निकालने पर जोर दिया। लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग को उन सभी स्थानों पर फ्लोराइड रिमूवल प्लांट की नियमित जांच करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग को पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, ताकि बच्चों और गर्भवती महिलाओं को फ्लोराइड के प्रभाव से बचाया जा सके। पोषणयुक्त भोजन शरीर में फ्लोराइड के अवशोषण को कम करने में सहायक होता है। विशेष रूप से कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन सी से भरपूर भोजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए चूंकि ये पोषक तत्व फ्लोराइड के प्रभाव को कम करने में मददगार होते हैं। स्वास्थ्य विभाग को फ्लोरोसिस की स्क्रीनिंग गतिविधियों को और भी तेज करने के निर्देश दिए गए। जिससे पहले से चल रही स्क्रीनिंग प्रक्रिया को और भी व्यापक और प्रभावी बनाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि प्रभावित व्यक्तियों को उचित चिकित्सा सहायता और परामर्श मिले। कलेक्टर ने इस बात पर भी जोर दिया कि फ्लोरोसिस की रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान को और भी तेज किया जाए। आम जनता को इस रोग के कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि लोगों में जागरूकता आए। बैठक के अंत में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि, सभी विभागों को आपसी समन्वय और सहयोग से फ्लोरोसिस के नियंत्रण के लिए काम करने की जरूरत है। फ्लोरोसिस जैसी गंभीर समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है और इसके लिए सभी विभागों को एकजुट होकर काम करना होगा।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा मुख्यमंत्री, सचिव एवं संचालक के नाम कलेक्टर एवं डीईओ को आज सौंपेगा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर जिला कोण्डागांव छ.ग. शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा युक्तियुक्तकरण नियम, आनलाईन अवकाश नियम में संशोधन करने व शिक्षक एलबी संवर्ग के मुख्य मांग नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री, सचिव एवं संचालक महोदय के नाम कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यम से दिनांक 22.08.2024 दिन गुरुवार समय दोपहर 3.00 बजे ज्ञापन सौपेंगा । ज्ञापन सौंपते समय प्रदेश के शिक्षक एलबी संवर्ग के सशक्त संगठनों में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, शालेय शिक्षक संघ एवं नवीन शिक्षक संघ के प्रांतीय, जिला, ब्लॉक, संकूल पदाधिकारी सहित सामान्य सदस्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी शामिल होंगे । छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह एवं शंकर लाल नेताम ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 02 अगस्त 2024 को युक्तियुक्तकरण नियम जारी किया गया है। जारी आदेश 2008 के भर्ती तथा पदोन्नति नियम के विपरीत है। 2008 के सेटअप के अनुसार युक्तियुक्तकरण नीति नही है। इसमे न्यूनतम छात्र संख्या वाले प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में 1-1 शिक्षक संख्या कम कर सेटअप को ही बदल दिया गया है । आखिर शिक्षा विभाग अपनी रीढ़ सेटअप को कैसे बदल सकता है, इससे बालक व पालक को शाला में कम शिक्षक उपलब्ध होगा जिसका सीधा असर शिक्षा के गुणवत्ता पर पड़ेगा ।

# स्वाधीनता दिवस दिल्ली के लाल किले पर बस्तर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर वापस लौटे अजीत और सलीना

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



देश की राजधानी नई दिल्ली में हर बार की तरह इस बार भी स्वतंत्रता दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। जब मौका देश की आजादी के जश्न का हो तो और उसमें भागीदारी का अवसर एक स्वयंसेवक को मिले तो यह जश्न और भी यादगार बन जाता है। यकीनन इस बार लाल किले पर हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह के मेहमान भी खास थे। क्योकि इस बार के स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने के लिए देशभर से स्पेशल मेहमानों को बुलाया गया था। लाल किले में 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए लगभग 6000 विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया था।समारोह में 24 अलग-अलग श्रेणियों के लोगों को बुलाया गया था। जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण तथा समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाई है। 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में मेरी माटी मेरा देश के तहत एनएसएस के 400 स्वयंसेवक और वहीं विशेष अतिथि के तौर पर पेरिस ओलंपिक 2024 के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया था। इसके अलावा, आकांक्षी जिला प्रोग्राम के प्रत्येक ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों, इनोवेटर्स और एआईएम के छात्रों और पीएम श्री योजना के छात्रों को भी आमंत्रित किया गया था। जिसमें कोंडागाँव जिले के गुण्डाधुर महाविद्यालय कोंडागांव से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करके तथा वर्तमान में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्विद्यालय बस्तर, जगदलपुर में अध्ययनरत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अजीत कुमार तथा सलीना नेताम नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर बस्तर विश्वविद्यालय के साथ साथ छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर वापिस लौट। विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित स्वयंसेवकों से युवा एवम खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने माई भारत पर युवाओं से सुझाव मांगे तथा चर्चा की। स्वयंसेवकों को 14 अगस्त को प्रधानमंत्री मेमोरियल तथा पुलिस वार मेमोरियल का टूर भी कराया गया।

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के दिन लाल किले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किये गए ध्वजारोहण कार्यक्रम के प्रत्यक्ष साक्षी बने। स्वयंसेवक अजीत कुमार तथा सलीना ने बताया कि, यह उनके जीवन का स्वर्णिम पल था जो हमे राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से प्राप्त हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि जहाँ तक पहुंचने के लिए विशेष पास की आवश्यकता होती है तथा कई सुरक्षा के बेड़ियों को पार करने के पश्चात वहाँ पहुंचा जाता है, वहाँ पर विशेष अतिथि के रुप मे उपस्थित होना शौभाग्य की बात है।

# लाइवलीहुड कॉलेज कोंडागांव में 23 अगस्त को होगा रोजगार मेला

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र तथा मॉडल कैरियर सेन्टर कोंडागांव के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 23 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज डोगरीपारा कोण्डागांव में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से 86 रिक्त पदों पर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। प्लेसमेंट कैंप में स्काई ऑटोमोबाइल्स से टीम लीडर के एक पद पर स्नातक एवं 0 से 2 वर्ष का अनुभव, सेल्स एग्जीक्यूटिव के 5 पदों पर 12वीं उत्तीर्ण, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन के 40 पदों पर 8वीं उत्तीर्ण, एफएण्डबी सर्विस एंड हाउसकीपिंग के 40 पदों पर 8वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। विभिन्न रिक्त पदों हेतु इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि मूल दस्तावेज का छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित उक्त रोजगार मेला में सम्मिलित हो सकते हैं। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोंडागांव में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# किरंदुल पुलिस का मानवीय चेहरा गुम हुए बच्चे को 1 घंटे के अंदर ढूंढ कर किया परिजनों के सुपुर्द

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल मिश्रा कैम्प निवासी सन्तोष सोना का बेटा दिव सोना बाथरूम जा रहा हूँ कह कर आज घर से बिना बताए कहीं चला गया था। जिसे आस-पास/रिश्तेदारों में पता तलाश किए नही मिलने पर थाना उपस्थित सूचना दिए।सूचना मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते स्वयं अपने दल-बल के साथ बच्चे को ढूंढने में लग गए और सूचना मिलने के एक घंटे के अंदर बच्चे को ढूंढ कर उनके परिजन के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहू द्वारा पूर्व में भी शहर में 3-4 बच्चे गुम हुए थे जिनकी सूचना प्राप्त होते ही तत्काल एक्शन लेते हुए 1 से 1.30 घंटे के अंदर ढूंढ निकाला था जिसमें थाना प्रभारी की भारी प्रशंसा हुई थी।

## क्वीक न्यूज

### मादक पदार्थ शराब की बिक्री करने वालों को किया गया गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** जिला कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार कोतवाली पुलिस के द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। 20 अगस्त को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि भोलाराम पोयाम अपने मोटर साइकिल से अवैध शराब लेकर बिक्री करने जा रहा हैं जिसकी सूचना पर थाना स्टाफ एवं साइबर टीम के द्वारा ग्राम चिपावंड के पास घेराबंदी कर मुखबीर के बताएं अनुसार गाड़ी को रोककर चेक किया गया, जिसमे संदेही भोलाराम पोयाम के कब्जे से रॉयल स्टेज का 11 पव्वा, फ्रंट लाइन का 1 पव्वा, हंटर बीयर का 3 बॉटल,किंग फिशर केन बीयर 4 नग, हंटर केन बीयर 4 नग जुमला 8.110 लीटर अंग्रेजी शराब का प्राप्त होने से अंग्रेजी शराब और मोटर साईकिल को जप्त कर आरोपी भोलाराम पोयाम पिता घुड़ऊ राम पोयम उम्र 22 वर्ष निवासी पलाट पारा मुलमुला थाना कोंडागांव के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया।

### जिला अस्पताल में 28 अगस्त को टेलीमेडिसिन शिविर का आयोजन

**कोंडागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निदेर्शानुसार संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से 28 अगस्त को जिला अस्पताल कोंडागांव में टेलीमेडिसिन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में डायलिसिस सेवाओं के लिए टेली नेफ्रोलॉजी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें कोलकाता के नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ जिले के मरीजों को टेलीमेडिसिन सेवा प्रदान करेंगे। यह शिविर जिला अस्पताल कोंडागांव में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है जहां सिकलसेल, फाइलेरिया, टीबी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पेशाब की समस्या जैसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से जूझ रहे मरीज टेली कंसल्टेशन के माध्यम से निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

### प्राकृतिक आपदा के 2 प्रकरणों में मृत्यु पर 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 2 प्रकरणों में वारिसों को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा माकड़ी तहसील के ग्राम हिरावण्ड़ी निवासी कपूर बघेल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी कौशिल्या, पुत्र लखीराम, भरत, अनिल और गजेन्द्र को, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम पलना निवासी संताराम ध्रुव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मीनाबाई को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा प्रकरणों में चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# सर्व सनातन समाज द्वारा गणेशोत्सव में सनातन संस्कृति का उपहास उड़ाने वालों पर की गई कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



सर्व सनातन समाज के संज्ञान में आया है कि, कुछ वर्ष पूर्व तक लगभग सभी गणेशोत्सव समितियों द्वारा सनातन परम्परा का निर्वहन करते हुए अच्छे से श्री गणेश जी के पूजा उत्सव को सम्पन्न किया जाता था,किंतु विगत दो वर्षों से यह देखा जा रहा है कि, गणेशोत्सव के नाम पर सनातनी परम्पराओं का मजाक उड़ाया जा रहा है। जैसे कि गणेशोत्सव में स्थापित किये जाने वाले भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति शास्त्रों में वर्णित एवं परम्परानुसार हमारे भारतीय जनमानस की मानस पटल में अंकित मयार्दा के अनुरूप नही करके व्यंग्यात्मक तरीके से अथवा आधुनिक स्वरूप देकर भगवान एवं उनके वाहन का मजाक उड़ाना। भगवान गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन निर्धारित दिवस जैसे अनंत चतुदर्शी तिथि अथवा किसी कारणवश उक्त तिथि में न हो पाने पर अगले दिवस भाद्रप्रद पूर्णिमा की तिथि को न करके मनमाने तरीके से अनंत चतुर्दशी के सप्ताह भर बाद तक करना, जबकि आश्विन कृष्ण पक्ष की प्रथमा तिथि से पितृ पक्ष लग जाता है। यह देखा गया है कि कुछ समितियां पितृ पक्ष में भी गणेश जी को विराजित रखते हैं तथा पितृ पक्ष के दौरान विसर्जन करने की कुरीति प्रचलन में ला रहे हैं, जो कि सनातनी परम्परा के विरुद्ध है एवं शास्त्र सम्मत नहीं है, जबकि विसर्जन हेतु एक ही तिथि सुनिश्चित कर दिये जाने से पुलिस प्रशासन द्वारा बिना किसी परेशानी के सुव्यवस्थित तरीके से सुरक्षा व्यवस्था की जा सकती है तथा विसर्जन के समय घटने वाली विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं की आशंका को भी खारिज किया जा सकता है। इसके अलावा यह भी देखा गया है कि कुछ समितियों के द्वारा प्रतिमा विर्सजन के दौरान भौण्डे एवं अश्लील गीत बजाये जाते हैं तथा इस दौरान कुछ लोग मदिरापान करके भी आते हैं। ऐसे लोग न केवल सनातन संस्कृति का उपहास उड़ाते हैं, अपितु विभिन्न प्रकार के विवाद, लड़ाई-झगड़े का कारण भी बनते हैं।इस प्रकार के कृत्यों से सर्व सनातन समाज में आक्रोश व्याप्त है तथा इन सब की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सर्व सनातन समाज ने चिंतन-मनन करते हुए इसकी रोकथाम हेतु सामाजिक चेतना जागृत करने के साथ ही साथ सनातनी परम्पराओं का उपहास उड़ाने वालों पर वैधानिक कार्रवाई करने हेतु थाना प्रभारी किरंदुल को मंगलवार रात आवेदन प्रेषित किया गया है। इस दौरान सर्व सनातन समाज से पूर्णिमा अवस्थी, आजाद सक्सेना, राजेन्द्र यादव, राजेश सिन्हा, मनोज छालीवाल, मोहित धवन, आर डी मिश्रा, अनुराग सोरी, रिषप राय सहित बड़ी संख्या में सर्व सनातन समाज के सदस्यगण उपस्थित थे।

# भारत बंद के तहत सरायपाली नगर बंद हुआ असफल, सभी छोटी बड़ी दुकाने खुली रही

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण को लेकर दिए गए निर्णय के खिलाफदेशभर में एसटी व एस सी संगठनों द्वारा भारत बंद का आयोजन किया गया था। यह बंद का आयोजन नगर में पूर्ण रूप से असफल साबित हुआ। सभी छोटी बड़ी दुकाने प्रतिदिन की भांति खुली रही। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ एसटी एससी ओबीसी व अन्य संगठनों द्वारा देशभर में भारत बन्द का आयोजन किया गया था। नगर में सुबह लगभग 8 बजे मोटरसाइकिल में कुछ बन्द समर्थक घुम घुमकर बन्द की अपील कर जरूर रहे थे। पर उनके साथ कोई अधिक समर्थक दिखाई नही दिए। बन्द के आयोजनकर्ताओं द्वारा बन्द की सूचना विधिवत एक दो दिन पूर्व संबंधित व्यापारी संघो को समर्थन के लिए दी जानी थी वह नही दी गई और ना ही अनाउंसमेंट कराया गया। व्हाट्सएप में भारत बन्द का मैसेज वायरल हो रहा था संभवत इसी को आधार बनाकर नगर बन्द हो जाएगा सोचकर कोई विशेष रुचि बन्द करने नही ली गई। जब तक ये लोग बन्द कराने निकलते तब तक अधिकांश दुकाने खुल चुकी थी। इस बन्द सफल नही होने के पीछे एक कारण यह भी है कि माह के प्रत्येक गुरुवार को नगर के अनेक व्यवसायिक प्रतिष्ठानें बन्द रहती है। नगर का यह इतिहास रहा है कि किसी भी मामले में गुरुवार के एक दिन पूर्व बुधवार या एक दिन बाद शुक्रवार को आयोजित होने वाले बन्द को सफलता नही मिलती क्योकि लगातार 2 दिन दुकाने बन्द हो जाने के पक्ष में व्यापारी नही होते, इससे काफी नुकसान हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुवे स्थानीय राजनैतिक पार्टियाँ या अन्य लोग गुरुवार को ही नगर बन्द के आयोजनों को प्राथमिकता देते हैं। क्योंकि बन्द के आयोजकों को गुरुवार के दिन बन्द करने अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ती। अधिकांश दुकाने वैसे भी साप्ताहिक बन्द के कारण अधिकांश दुकाने बन्द रहने से इन्हें बन्द को सफल दिखाने में सुविधा हो जाती है।

## सीएसआर के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग चला रहे है मौसमी बीमारियों से बचाव संबंधित जागरूकता कार्यक्रम





पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग तथा न्यूवोको सीएसआर के समन्वय से ग्राम रिसदा, ढनढनी और कुकरदी में मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इसके साथ ही पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बन रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि, प्राथमिकता के अनुरुप स्वास्थ्य विभाग तथा न्यूवोको कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) के समन्वय से यह कार्यक्रम ज़ारी है। जिसमें बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम हेतु सघन स्वास्थ्य जागरुकता एवं आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत मितानिन तथा सी.एस.आर. के कार्यकर्ता घर घर जाकर ग्रामीणों को बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों तथा उससे बचने के उपाय के बारे में बताकर जागरुक कर रहे साथ ही स्वच्छता को अनिवार्य रुप से अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मितानिन द्वारा बुखार के चिन्हित मरीजों की रक्त पट्टिका बनाई जा रही तथा बीमारी से पीडित मरीजों का रिकार्ड बनाकर' हेल्थ एंड 'वेलनेस सेंटर मे सूचित किया जा रहा है.जिससे उनका त्वरित समुचित उपचार हो सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दल को ऐसे पात्र हितग्रहियों की सूची भी उपलब्ध कराई गई है जिनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है ताकि पंचायत में शत प्रतिशत कार्ड के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके.इस कार्यक्रम की निगरानी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी सी.एस.आर.के क्लस्टर हेड चंन्द्रशेखर उपाध्याय तथा रिसदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अविनाश केसरवानी कर रहे हैं।

## प्रजापिता ब्रम्हकुमारी की बहनों एवं महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने विधायक इन्द्र साव को बांधी राखी



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाई-बहन के पवित्र व पावन त्योहार रक्षाबंधन पर विधायक निवास पर अनेक महिला संगठनों द्वारा विधायक इन्द्र साव को रक्षा सूत्र बांधने हथनीपारा इन्द्र निवास पर नगर की बहनों का तांता लगा रहा। जिसमे प्रजापिता ब्रम्हकुमारी बहनों ने ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग शिक्षिका बी.के. मंजू दीदी ने विधायक इन्द्र साव को राखी बांध कर उनके सफ्ल राजनीतिक जीवन व आरोग्य रहने की शुभकामनाएं दी। जिसमें संस्था की अन्य ब्रम्हकुमारी बहनें शामिल रही। साथ ही महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों ने भी विधायक निवास पहुंच कर भाटापारा विधानासभा के लोकप्रिय विधायक इन्द्र साव को रक्षा सूत्र बांध कर उनकी दीर्घायु जीवन व आरोग्य जीवन की मंगलकामना की, जिसमे मुख्यरूप से निर्मला कोशले, हिरमत साहू, प्रमिला साहू, कृष्णा टंडन, सरस्वती साहू, सतरूपा ध्रुव, पूर्णिमा श्रीवास, संध्या साहू, दानी भाट, सीमा रात्रे, दसमत साहू, ज्योति जांगड़े, आशा ध्रुव व अन्य सामाजिक संगठनों की महिला बहने रक्षाबंधन पर उपस्थित रही। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने सभी रक्षा सूत्र बांधने आयी बहनों को भेंट व उपहार दिए जिससे सभी बहनें खुशी ज़ाहिर किये।

## मैट्स विश्वविद्यालय में सप्तदिवसीय दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम का आयोजन की शुरुआत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स विश्वविद्यालय मुख्य परिसर गुल्लू आरंग में मैट्स कॉलेज में प्रवेश लिए नवप्रवेशी विद्यार्थियों हेतु शिक्षा मंत्रालय के दिशानिर्देश अनुसार दीक्षाआरंभ कार्यक्रम की भव्य शुरुआत की गई जो लगातार सात दिनों तक चलेगा। जिसमे विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा से उच्च शिक्षा में जोड़ने एवं उनको उस परिवेश में ढालने के साथ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के साथ जोड़ने पर कार्य किया जाएगा। मैट्स विश्वविद्यालय मुख्य परिसर में संचालित मैट्स कॉलेज विशेष रूप से ग्रामीण अंचल में निवासरत आर्थिक रूप से वंचित वर्ग के विद्यार्थियों हेतु शिक्षा के क्षेत्र में एक संजीवनी की भांति है जिसमे उन्हें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया द्वारा प्रदत्त चांसलर स्कालरशिप फ्री बस सेवा वातानुकूलित क्लासरूम एवं उच्च प्रशिक्षित शिक्षकों के अलावा समस्त प्रकार की सुविधा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ की गई तत्पश्चात राजकीय गीत का गायन किया गया एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों तथा अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। स्वागत गीत के माध्यम से तथा प्राचीन काल से चली आ रही आतिथ्य भेंट उपरांत कार्यक्रम की शुरुआती उद्बोधन में मैट्स कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर ए जे खान ने बताया कि मैट्स कॉलेज आदरणीय गजराज पगारिया महोदय का एक ड्रीम प्रोजेक्ट है एवं यहां अध्ययन करने वाले ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के स्वर्णिम जीवन की आधारशिला है कुलाधिपति ने अभी तक करोड़ों रुपए इन विद्यार्थियों के अध्ययन की सुविधाओ पर लगाए है ताकि वे विद्यार्थी एवं उनका परिवार आर्थिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि से मजबूत हो सके इस उद्बोधन में प्राचार्य सर ने रोचक प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों एवम उपस्थित सभाजनो को मंत्रमुग्ध किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुलसचिव गोकुलानंद पंडा ने विद्यार्थियों को उच्चशिक्षा एवम स्कूली शिक्षा के मध्य भेद को स्पष्ट किया एवं उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का गुरुमंत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के अग्रिम कड़ी में मैट्स विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर के पी यादव ने विद्यार्थियों को उनके विद्यार्थी जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कड़ी मेहनत करने और नूतन प्रयोग पर ध्यान देने की बात कही गई। मैट्स विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रियेश पगारिया ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभाशीष प्रदान किया। तत्पश्चात मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को मैट्स विश्वविद्यालय में उनके प्रथम दिवस पर उनका उत्साहवर्धन करते हुए अनेक प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से शिक्षा अर्जन कर अपने परिवार एवम विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने का संदेश दिया उन्होंने कड़ी मेहनत का कोई दूसरा विकल्प नहीं है इस पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी ध्यान देने एवम विश्वविद्यालय में उनके लिए आवश्यक साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही।

## दिव्य जीवन संघ योगभवन महासमुंद द्वारा नमः शिवाय मंत्र का संकीर्तन किया गया



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

पवित्र श्रवण मास में दिव्य जीवन संघ योगभवन महासमुंद द्वारा प्रत्येक सोमवार क्रमशः दलदली, बम्हनी, कनेकेरा, मनोकामनेश्वर कलेक्टर बंगला के सामने के शिव मंदिरों में सुबह 7 से 8 बजे तक 1 घंटे का नमः शिवाय मंत्र का संकीर्तन किया गया। जिसमे दौलत चन्द्राकर तारेंद्र चन्द्राकर पी एन चन्द्राकर शिवनाथ बोस के आर चन्द्राकर हिरऊ राम साहू सी पी चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर आर के चन्द्राकर पप्पू ननवाणी त्रिलोक चन्द्राकर देवकुमार साहू रामनिवास चन्द्राकर परमानंद अमित चन्द्राकर हेमलाल ठाकुर लालदास मानिकपुरी विजय कुमार चोइथराम राजपाल गौतम सिन्हा सविता चन्द्राकर प्रेमा चन्द्राकर विमला चन्द्राकर अलभ्य चन्द्राकर मौटुशी बोस अभिस्वर चन्द्राकर हेमलता चन्द्राकर गीतांजलि चन्द्राकर अभिनव चन्द्राकर आदिश्वर चन्द्राकर आदि लोग शामिल हुए.

## सावन के आखरी सोमवार को ग्राम पंचायत नवागाँव से कांवरिया जल लेकर सोमनाथ धाम के लिए रवाना





पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवागाँव मे स्थित तालाब के पास प्राचीन भगवान शिव मंदिर के पास से कावरिया जल लेकर विधि व्रत पूजा अर्चना कर कांवरिया ने बाजे गाजे व डीजे की धुन में नाचते गाते भोले भड़री महादेव के जयकारा लगाते हुए गांव के मुख्य मुख्य मार्गो से होते हुये। भव्य रूप से शोभा यात्रा निकाली गई। कांवरियों का जत्था चितावर धाम होते हुए सिमगा से सोमनाथ धाम के लिए पैदल यात्रा रवाना होते हुये। ग्राम नवागांव के भक्त गण व ग्रमीणों का जत्था निकली कांवड़ यात्रा में उमड़े जन सैलाब ने पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान भोलेनाथ बाबा का जयकारा लगाते हुए निकले सावन सोमवार के आखरी दिन व रक्षा बंधन होने के कारण भी भक्त गणों का उत्साह रहा श्रद्धालुओं की शिव शंभु के जयकारा से पुरा गाँव भक्तिमय हो गया सभी दर्शनार्थियों का एक ही नारा था बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है। बाबा की नगरी दूर है। लेकिन जाना जरूर है। की जयकारा लगाते हुए सोमनाथ धाम मंदिर के लिए कांवरियों भक्तों की टोली निकल गयी और भक्तो ने अपने अपने परिवार व ग्राम की खुशहाली, सुख समृद्धि की भगवान भोले नाथ से कामना किया। लोगों ने जगह-जगह कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

## कोडार जलाशय से सिंचाई हेतु पानी छोड़ने की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन





पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

कोडार जलाशय से सिंचाई हेतु पानी छोड़ने की मांग को लेकर पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य योगेश्वर चन्द्राकर ने कलेक्टर लंगेह के अवकाश पर होने के कारण प्रभारी कलेक्टर एवं जिला सीईओ आलोक से मुलाकात कर 2 दिन के अन्दर पानी नही छोड़ने की स्थिति में किसानों द्वारा आंदोलन किये जाने की बात कही है यहां बताना लाजमी है कि जिले भर में हो रही खण्ड और अल्प वर्षा के कारण कृषि कार्य न केवल बाधित है अपितु धान के पौधे बढ़वार की स्थिति में पानी की कमी के विकास बाधित हो गया है ऐसे में शीघ्र ही यदि पानी की व्यवस्था सुनिश्चित नही की जाती है तो निश्चित ही किसानों को बड़ी नुकसान की संभावना से बचाया नही जा सकेगा, सीईओ एवं इइ जलसंसाधन खरे ने जलाशय में मात्र 40% पानी होने के बात कहते हुए अपनी दुविधा जाहिर किये ऐसे में जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों और फ़सल की स्थिति को देखते हुए शीघ्र पानी प्रदाय करने की बात कही भले ही निर्धारित समय अंतराल में पानी को व्यवस्था में विराम दे दिया जाए पर अविलंब ही पानी नही छिड़ने से किसानों को होने वाले नुकसान की सम्पूर्ण जवाबदारी प्रसाशन की होने की बात कही है जिस पर अन्ततः 2 दिन के भीतर कोडार जलाशय से पानी उपलब्ध कराने का आश्वासन प्रभारी कलेक्टर एवं ईई जल संसाधन खरे द्वारा कहा गया है।

## कलेक्टर ने दिव्यांग ओमकुमारी स्मार्ट स्टिक एवं सोनमती को दिया मोटराइज्ड ट्राई सायकिल



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम लटुवा निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग 13 वर्षीय ओमकुमारी कन्नौजे को स्मार्ट केन डिवाइस समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान किया। उन्होंने ओमकुमारी का पृथक राशन कार्ड नही होने पर खाद्य अधिकारी को तलब कर तत्काल नया राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए है। अलग राशन कार्ड बन जाने से अब ओमकुमारी को ज्यादा खाद्यान्न मिल सकेगा। स्मार्ट केन डिवाइस सेंसरयुक्त स्टिक है जो सामने कोई बड़ी वस्तु आने पर कंपन्न व आवाज देता है जिससे हाथ में लेकर चलने वाला व्यक्ति सचेत हो जाता है। इस स्टिक से दृष्टिबाधित व्यक्तियों को चलने -फिरने में काफी सहूलियत होती है। कलेक्टर ने दिव्यांग ओमकुमारी से उनके स्वास्थ्य संबधित जायजा लेते हुए पढ़ाई क़े बारे में भी जानकारी हासिल की उन्होंने आगे कहा की दृष्टिबाधितों की पढ़ाई ब्रेल लिपि क़े माध्यम से हो सकती है। पढ़ने क़े इच्छुक हो तो प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने समाज कल्याण विभाग क़े अधिकारी को ओमकुमारी की पढ़ाई क़े लिए आवश्यक व्यवस्था करने क़े निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम खम्हारिया यदु निवासी 35 वर्षीय सोनमती धृतलहरे को मोटराइज्ड ट्राई सायकिल प्रदान किया गया। सोनमती धृतलहरे ने बताया की अब आने जाने में दिक्कत नही होगी अब मैं खुद ही अपना काम कर सकता है। उन्होंने मोटराइज्ड ट्राई सायकिल मिलने पर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, कुल 32 आवेदन हुए प्राप्त



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथा शीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर दीप्ति गौते,सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। जनदर्शन में ग्राम केसदा के ग्रामीणों ने गांव में विकास कार्य कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर बलौदाबाजार जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए समय सीमा में प्रकरण को निराकरण करने कहा है। इसी तरह ग्राम बलौदाबाज़ार नगर के बनऊं राम कुर्रे ने वृद्धा पेंशन नही मिलने को शिकायत दर्ज कराई जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को जांच कर समय सीमा के भीतर प्रकरण को निराकरण करने निर्देश दिए है। इसी तरह ग्राम करदा के ग्रामीण द्वारा सरपंच महेश साहू के विरुद्ध 15 वी वित्त के राशि का दुरुपयोग संबधित आवेदन प्रस्तुत किए जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा है। इसके अलावा जनदर्शन में स्वास्थ्य उपचार,नए राशन कार्ड निर्माण,रोजगार की मांग,सड़क नाली निर्माण, आईअतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलवाने,सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सावन के आखिरी सोमवार के पूर्व विकास मित्र मंडल ने निकाला भव्य कांवड़ यात्रा

तिल्दा-नेवरा। सावन के पंचम सोमवार के पूर्व बीते रविवार को विकास मित्र मंडल के अगुआई में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर से निकाली गई कांवड़ यात्रा में बहुतायत संख्या में शिवभक्त शरीक हुए। कांवड़ यात्रा बीते रविवार 15अगस्त को गांधी चौक नेवरा से सुबह 11 बजे से शुभारंभ किया गया। जहां पर शिवभक्त बोल बम के नारों के साथ पैदल पथ तय करते हुए डांक्टर खुबचंद बघेल चौक, शिव मंदिर तक का सफर तय किया। तत्पश्चात सभी शिवभक्त शिव मंदिर से फोर व्हीलर वाहनो से तिल्दा-नेवरा नगर से 18 किलोमीटर दुर लखना स्थित अति प्राचीन सोमनाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर विकास मित्र मंडल के द्वारा शिव भक्तों के लिए महाप्रसादी भंडारा का भी ब्यवस्था किया गया था। गौरतलब हो कि सावन के महीने में तिल्दा-नेवरा क्षेत्र पुर्णतः शिवमय हो गया। कांवड़ यात्री भगवा वस्त्र धारण कर ऊं नमः शिवाय, बोल बम के गगनभेदी नारों के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। इस भव्य कांवड़ यात्रा को लेकर विकास मित्र मंडल के अध्यक्ष विकास सुखवानी ने बताया कि कांवर यात्रा में सामाजिक संगठन के अलावा क्षेत्र के धार्मिक प्रवृत्ति के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर चंद्रयान-3 पर व्याख्यान

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की पावन अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पुरुषोत्तमपुर में चंद्रयान तीन पर व्याख्यान कार्यक्रम एवं चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षक डिजेन्द्र कुर्रे के द्वारा यह कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। जिसमें मिडिल स्कूल के सभी बच्चों को चन्द्रयान तीन पर चित्र बनाने को दिया। सभी छात्रों ने भाग लिए। जिसमें कु. सीमा चौहान प्रथम भावेश यादव द्वितीय एवं किरण तृतीय स्थान रहा। ततपश्चात् बच्चों को चंद्रयान-3 पर व्याख्यान दिया गया। इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए हैं, जिनमें शामिल हैं, लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना, चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन।चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना। अंत में डिजेन्द्र कुर्रे ने सभी बच्चों को चंद्रयान 3 पर कविता वाचन कर बच्चों को साहित्य कविता के प्रेरित किया। देश के वैज्ञानिक को नमन करते हुए उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद किया। सुंदर आयोजन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. आर. डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद शुक्ला, बद्रीविशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा बधाई दिए।

## अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र इकाई कुकुरदी में वृक्षारोपण किया गया

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र इकाई कुकुरदी सीमेंट वर्क्स में वन अल्ट्राटेक सेलिब्रेशन के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुकुरदी के इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी ने वृक्षारोपण थीम 'एक पेड़ मां के नाम' 'मेरा प्लांट मेरा अभिमान' की सराहना की एवं पौधों के दीर्घकालिक भविष्य एवं सस्टेनेबिलिटी की बात कही। साथ ही वन अल्ट्राटेक उत्सव की सबको बधाई दी। प्रोजेक्ट हेड केशव नागोरी ने औषधीय पौधों के महत्व को समझाया और प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। खदान प्रमुख मयंक सैनी ने बताया कि प्रतिदिन बढ़ते जा रहे प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्षारोपण ही एक सरल उपाय है। मानव संसाधन विभाग प्रमुख संजय बनर्जी एवं ई आर के प्रमुख जितेंद्र तँवर ने संयंत्र परिसर को हरा-भरा बनाने पर जोर दिया। पर्यावरण प्रमुख अभिषेक मिश्रा एवं सिविल प्रमुख प्रीतम जक्कनवार ने संयंत्र में होने वाले वृक्षारोपण के महत्व को समझाया। इस वृक्षारोपण महोत्सव को सफल बनाने के लिए हॉर्टिकल्चर से इन्दु जांगड़े, सीएसआर विभाग से रूपेन पटनायक एवं मानव संसाधन विभाग से अन्वेषा पाणिग्रही का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के खिलाफ सड़क पर उतरे एससी-एसटी समाज

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जजों की बेंच द्वारा एससी एसटी आरक्षण मे वर्गीकरण के निर्देश के खिलाफ एससी एसटी समाज के लोगो ने भारी आक्रोशित प्रदर्शन किया। समाज के लोग हाथो बाबा साहाब का संविधान वर्गीकरण का फैसला वापस लो के तख्ती पकड़े जोरदार नारेबाजी करते दिखे सबसे सामाजिक लोग देवभोग मुख्यालय के गांधी चौक पर एकत्रित होकर गाड़ियों का काफिला लगाकर सड़क घंटो बैठे रहे इसके रैली के माध्यम से समरसता चौक नीला झंडा फहराया और अंतिम बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते नमन किया तत्पश्चात प्रधानमंत्री राष्ट्रपति गृह मंत्री के नाम एसडीएम तुलसीराम मरकाम ज्ञापन सौंपा, जिसमे वर्गीकरण और क्रीमी लेयर के फैसले को ना लागू करते प्रस्ताव कर वापस लेने की बात कही गई है। इस बीच एससी समाज ब्लॉक अध्यक्ष चंदर प्रधान ने कहा कि न्यायालय का पूरा सम्मान करते हैं लेकिन यह वर्गीकरण और क्रिमिलेयर बिल्कुल भी एसटी एससी के पक्ष नही है बल्कि यह समाज एससी एसटी समाज को बाटने की कोशिश है जिससे समाज के लोगो को भली भांति परिचित हैं। तभी खुल कर विरोध करते फैसला को वापस लेने के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है। क्योंकि जजों की अगर एससी एसटी के पक्ष मे तो सरकार को उत्थान के लिए कहती लेकिन यहां तो एससी एसटी के विकास का पैसा दूसरे काम मे लगा दिया जा रहा है। इसी तरह एसटी एससी मोर्चा अध्यक्ष धनसिंह मरकाम ने कहा की न्यायालय ने पहले भी एट्रोसिटी एक्ट के साथ भी छेड़छाड़ किया था अंतिम वापस लेना पड़ा इसी तरह यह फैसला को भी वापस लेना पड़ेगा क्योंकि कोर्ट का निर्देश बिल्कुल भी एससी एसटी समाज के पक्ष मे नही है क्योंकि बंटवारा से एक विशेष वर्ग की फायदा मिलेगा। इसलिए कोर्ट के फैसले का पुरजोर विरोध किया जा रहा है और वापस ना लेने की स्तिथि आगे भी किया जाएगा।

### बस के पहिए थमे

समाज के लोगो ने बीते दिन ज्ञापन सौंपकर जगह जगह फ्लेक्स लगाते व्ययपारी संघ से समर्थन मांगा रहा जिसके मद्देनज़र आज सभी प्रतिष्ठान बंद रही इसके अलावा बस के पहिए भी थम गए थे हालांकि प्रदर्शनकारी इमरजेंसी मामला को सहुलियत के साथ निकलने दिया प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने भी काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### नदी नाला पार कर प्रदर्शन में शामिल

सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए फैसले के खिलाफ स्टे एससी समाज के लोगों में किस हद तक आक्रोश है महा जे किसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है। नदी नाला तूफान में होने के बावजूद लोग पर कर मुख्यालय के प्रदर्शन में शामिल होने दर्जन भर से अधिक लोग पहुंचे ऐसे ही खवांसपारा के प्रेमलाल नागेश मोटरापारा से पिंटू जगत जब्बर सोनवानी बिंदियागिरी सहित कई लोग बेलाट नाला पार कर आन्दोलन में शामिल हुए इसके अलावा दरलीपरा केकराजोर घोघर सुकलीभांटा कांदाडोंगर परिक्षेत्र के साथ अन्य गांव के भरी बरसात के बीच अपनी अपनी नाराजगी जाहिर करने पहुंचे। सबसे खास बात तो यह एससी एसटी समाज के लोग इस बार दल गत राजनीति से ऊपर उठ कर न्यायलय के फैसले के आक्रोशित दिखे।

# दुर्घटना से बचाने पहल, सड़कों पर बढ़ाई चौकसी, मवेशी दिखते ही पहुंच रही टीम

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



मवेशी की वजह से सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने नगर पालिक निगम रिसाली ने सड़क पर चैकसी बढ़ा दी है। अलग-अलग मुख्य सड़कों पर नजर रखने अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया गया है। बुधवार को चले अभियान में अलग-अलग स्थानों से 6 दुधारू मवेशी को गोठान पहुंचाया गया। आवारा और घुमंतु मवेशी से होने वाली परेशानी को कम करने आयुक्त मोनिका वर्मा ने जिम्मेदारी तय कर दी है। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक डीपीएस चैक रिसाली से बालाजी अपार्टमेंट तक और स्वच्छता निरीक्षक जोहार चौक से शिवाजी चौक तक निगरानी रखेंगे। स्वच्छता निरीक्षक शिवाजी चौक रिसाली से बीआरपी चौक तक और प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी मैत्री गार्डन से उमरपोटी रोड पर मवेशी तो नहीं बैठी है इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। दो उप राजस्व निरीक्षक पंथी चौक से डीपीएस चौक और जोहार चौक से मैत्री विद्या निकेतन, राजस्व निरीक्षक डुण्डेरा सहाग्रेड 02 को जोरातराई, पुरैना के सड़कों और सहायक राजस्व अधिकारी पुरैना के सड़कों पर निगरानी करेंगे। आयुक्त ने जिम्मेदारी तय करते निर्देश दिए है कि लापरवाही होने पर प्रभारी अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।

**शिकायत का त्वरित निराकरण :** सड़कों पर मवेशी होने की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को चले अभियान में कुल 6 मवेशी को पकड़कर गोठान पहुंचाया गया। मवेशी को गोठान में रखने की व्यवस्था की गई है।

**कंट्रोल रूम भी बना :** आयुक्त के निर्देश पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जहां नागरिक आवारा पशु होने की शिकायत कर सकते है। 9770977188 पर मिले शिकायत को तत्काल क्षेत्र प्रभारी के पास भेजा जाएगा। शिकायत मिलते ही मवेशी को गोठान पहुंचाया जा रहा है।

# गंदे इशारे करने के मामले में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



शासकीय लरंगसाय स्नोकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापक सह प्रभारी प्राचार्य डॉ. रामभजन सोनवानी के द्वारा मास्टर ऑफ आट्र्स की छात्रा से गंदे इशारे करने पर रामानुजगंज पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मास्टर ऑफ आट्र्स की महाविद्यालय में नियमित छात्रा का आरोप है कि 12 अगस्त 24 को जब महाविद्यालिन कार्य से प्राचार्य कक्ष में आवेदन लेकर गई थी और प्रभारी प्राचार्य से हस्ताक्षर हेतु निवेदन करने पर उन्होने गंदी ईशारों में घर पर आओं तब तुम्हारा काम करूँगा। आवेदन देखने के लिए निवेदन करने पर कहाँ की तुमको ही देख रहा हूँ मैं तुम्हारा आवेदन नहीं देखूँगा। प्राचार्य के इस गंदे व्यवहार के कारण छात्रा डरी सहमी मानसिक रूप से परेशान रहने लगी और उसे पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा साथ ही ऐसी स्थिति में महाविद्यालय जाने से भी डरने लगी। उक्त रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रभारी प्राचार्य राम भजन सोनवानी के उपर कानूनी कार्रवाई करते हुए आईपीसी की धारा 75(3),79 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। और मामले की विवेचना की जा रही है।

# विश्व मच्छर दिवस पर किया सेवा कार्य, हर माह मच्छर उन्मूलन अभियान चलाने का संकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



विश्व मच्छर दिवस पर मंगलवार को शहर में जन जागरूकता के कार्यक्रम हुए। इस दौरान इस दिवस का महत्व बताया गया वहीं आम नागरिकों विशेषकर वृद्धजनों को मच्छर उन्मूलन के प्रति जागरूक किया गया। युवाओं की टीम ने इस दिवस के परिप्रेक्ष्य में दुर्ग के वृद्धाश्रम में मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम चलाया और पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटर द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आगे से दुर्ग वृद्ध आश्रम में हर माह अपनी सेवाएं देंगे। पेस्ट मैनेजमेंट एसोसिएशन पुणे, छत्तीसगढ़ रीजन हेड मजहर नदीम ने बताया कि 20 अगस्त 1897 को ब्रिटिश डॉक्टर सर रोनाल्ड रॉस ने मादा एनाफिलीज मच्छर के पेट में मलेरिया परजीवी का पहला सबूत खोजा और इससे ज्ञात हुआ कि मच्छर ही मनुष्य के बीच मलेरिया फैलाते हैं। इस उपलब्धि को रेखांकित करते हुए हर साल 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है।

विश्व मच्छर दिवस पर पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटर के साथ संवाद करते हुए मजहर नदीम ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों से हर साल 10 लाख से अधिक लोगों को लोगों की मौत हो जाती है और मच्छर 70 लाख लोगों को संक्रमित करते है। दुनिया के किसी भी अन्य कीट की तुलना में मनुष्य सबसे अधिक मच्छरों से पीड़ित है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार सभी संक्रामक रोगों में से 17 प्रतिशत अधिक रोग मच्छरों के द्वारा फैलाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मच्छर प्रबंधन बेहतर ढंग से कर हम मलेरिया जैसी बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित या खत्म कर सकते हैं। इसमें जन जागरण और जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान प्राइम पेस्ट कंट्रोल कीट एवं मच्छर उन्मूलन के क्षेत्र में विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में अंचल के पेस्ट कंट्रोल ऑपरेटरों ने पुलगांव दुर्ग वृद्ध आश्रम में मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम स्वैच्छिक ढंग से चलाया। इसमें वृद्धाश्रम के सभी कमरों व उसके आसपास बाहरी स्थान पर रासायनिक कीटनाशकों का छिड़काव किया गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलएमआईसी की बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम अंतर्गत शहरों के वायु गुणवत्ता सुधार हेतु कराये जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। समिति में दुर्ग-भिलाई शहरी समूह के सात नगरीय निकाय क्रमशः नगर निगम भिलाई, दुर्ग, रिसाली, भिलाई चरोदा, उतई, जामुल एवं कुम्हारी शामिल है। कलेक्टर चौधरी ने निकायों में वायु गुणवत्ता सुधार हेतु विगत वित्तीय वर्षों में किये गये कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निकायों में ड्रेजिंग से उत्पन्न ठोस अपशिष्ट को तत्काल उठाने तथा नगर निगम के ड्रेन की सफाई एवं कचरा निपटान व सड़कों के गड्ढों को भरने के निर्देश दिये।

# शिवरीनारायण टेंपल सिटी में भोजली का पावन पर्व बड़े ही भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ



पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य की पारंपरिक त्यौहार भोजली जिसे बड़े ही श्रद्धा भक्ति के साथ सभी घर में भोजली मैया की पूजा अर्चना कर सबकी सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की पारंपरिक त्योहार भोजली का पर्व नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह त्योहार नाग पंचमी के दिन से शुरू होता है सभी श्रद्धाल माता, बहन एवं नारी शक्ति सब अपने घरों में परात, टुकनी, बर्तन इत्यादि में भोजली उगाए थे जिसे रक्षाबंधन के दूसरे दिन महानदी में विसर्जन किया। भोजली विसर्जन के अवसर पर नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी एवं शिक्षक शंकर केवट ने सबको बधाई दी। अंजनी तिवारी ने बताया यह पर्व हमारे छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा है और इसे मित्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# सुबह-सुबह आकाश गंगा सब्जी मंडी में निगम की टीम ने दी दबिस

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



आगशगंगा थोक पदाधिकारियो, विक्रेताओ, व्यापारियो एवं आम नागरिको के अनुरोध पर सुपेला आकाश गंगा सब्जी मंडी में कचरा संग्रहण हेतु ट्राली रखा गया। लोगो की शिकायत थी, खुले में कचरा रखने से जानवर इधर-उधर बिखेर देते है, बदबू फैलता है। सब के सुझाव पर ही रोज का रोज सब्जी का कचरा दो टाइम उठे इसी लिए स्पेशल बड़ा ट्राली बनवाकर रखा गया। जिसे ट्रेक्टर खीच कर संग्रहण स्थल तक ले जायेगा। जिस पर व्यापारी अपने दुकान का कचरा ट्राली में डाल सके। दोपहर को दुकान-दुकान से कचरा भी संग्रहण हो रहा है, व्यापारियो के पदाधिकारियो ने सहमति भी दी हम कचरा बाहर नहीं फेकेगे। उसी का निरीक्षण करने सुबह जोन आयुक्त येशा लहरे अपने दल के साथ निरीक्षण करने पहुंची। अपने आदत से मजबूर थोक विक्रेताओ द्वारा सड़क पर गंदगी डाली जा रही थी।

कचरा भी ट्राली में न फेककर खुले में डाला जा रहा था। सड़क के उपर बीच में दुकाने लगाकर रास्ता जाम करके सब्जी का व्यवसाय भी किया जा रहा था। जिसे जाकर नगर निगम की टीम ने बंद कराया। छोटे व्यापारियो के साथ-साथ बड़े व्यापारी, पदाधिकारी, जिन्होने अपनी सहमति दी थी, कि हम रोड में कचरा नहीं फेकेगे, वो स्वयं कचरा फेकते हुए पाये गये। चालानी कार्यवाही करने के दौरान व्यापारिक संगठनो द्वारा एक अवसर और प्रदान करने की मांग की गई। उसी के आधार पर चालानी कार्यवाही नहीं की गई। आखरी चेतावनी था, जो भी सब्जी व्यपारी रोड पर कचरा फेकेगा या रोड पर फैलाकर व्यापार करते हुए पाया जायेगा। उसके उपर अर्थदण्ड की कार्यवाही के साथ-साथ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जायेगी। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी व्यापारियो से अपील की है कि स्वच्छता में सब सहयोग करे। जब निगम व्यापारियो के मांग के अनुसार सुविधा प्रदान कर रही है, तो व्यापारी भी इसमें अपना सहयोग दे। कार्यवाही के दौरान जोन के स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग का अमला मौजूद था।

# आकाशगंगा सब्जी मंडी से कचरा संग्रहण पॉइंट हटाया गया







पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

आकाशगंगा गंगा थोक सब्जी मंडी से कचरा संग्रहण का पॉइंट था। उसको हटाने के लिए शिकायत मिल रही थी, इसे नगर निगम ने हटा दिया है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अब उसके जगह पर वहां पर एक ट्राली रखी गई है। व्यापारी अपने दुकानों से निकलने वाली सब्जी के कचरे को उसे ट्राली में डालेंगे। जिसे निगम की गाड़ी दो टाइम सुबह 11:00 से 12:00 बजे शाम को 4:00 से 5:00 बजे के बीच में लेकर जाएगी और उसका खाद बनाया जाएगा। अब व्यापारी कहीं इधर.उधर कचरा फेंकेंगे तो, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना जाकर व्यापारियों के पदाधिकारी से बात किया। उनको समझाइश दी की सुबह भीड़ रहता है गाड़ी लोडिंग अनलोडिंग होता है। इसलिए रिक्शा प्रत्येक दुकान के सामने नहीं आ सकता है। दोपहर के समय एक बार नगर निगम का रिक्शा प्रत्येक दुकान पर जाएगा आप अपना कचरा उसे रिक्शा में डालें, बाकी कचरे को रखी हुई ट्राली में डालें अब कोई इधर-उधर फेंकेगा तो उसके खिलाफ चलानी कार्रवाई की जाएगी।

# निगम सभागार में प्रमुख विषयों पर समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

निगम भिलाई आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में शहर के नागरिको की मांग एवं शिकायत के निराकरण के विषयों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। जिससे नागरिको की समस्याओ का शीध्र निराकरण किया जा सके। अपर आयुक्त ने सभी अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि कलेक्टर जनदर्शन, कलेक्टर जन शिकायत, कलेक्टर जनचैपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सारर्थी एप में प्राप्त मांग एवं शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये है। 05 अगस्त से पहले जो भी मांग एवं शिकायत प्राप्त हुए है, उसको तत्काल निराकरण करने कहा गया है। नागरिको की सुविधा के लिए पानी, बिजली, सफाई एवं राशन कार्ड आदि का जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया था। इसमें भी नागरिको द्वारा मांग एवं शिकायत की गई है, जिसका निराकरण भी शीध्र करने के निर्देश दिये है।

## भारत माला परियोजना के निदेशक को किसानों की समस्याओं का समाधान करने दिए निर्देश

# जनसमस्याओं के निराकरण और स्वच्छ सर्वेक्षण पर करें फोकस : कलेक्टर चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों की बैठक में नगरीय निकायों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की निकायवार निराकरण करने की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई, नाली सफाई, सम्पत्तिकर, राशनकार्ड, आवास आदि प्राथमिकता वाले प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसी प्रकार स्वच्छ सर्वेक्षण अंतर्गत निकायों में सफाई, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, दिवाल राइटिंग, संकेतक बोर्ड, सौंदर्यीकरण, रेड स्पॉट, पब्लिक यूरीनल स्पॉट, व्यवसायिक एवं बाजार स्थलों की सफाई पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिये। साथ ही उल्लंघन करने वालों से जुर्माना राशि वसूली पर भी जोर देने कहा है। कलेक्टर चौधरी ने विभागवार समय-सीमा प्रकरणों की निराकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, जनशिकायत निवारण प्रकोष्ठ, मुख्यमंत्री अन्य पत्र, कलेक्टर जनचौपाल और सार्थ-ई पोर्टल के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने ई-समाधान के लंबित प्रकरण पर संबंधित एसडीएम को तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एनएचएआई के परियोजना निदेशक से जिले में भारत माला परियोजना के तहत कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने प्रोजेक्ट अंतर्गत ग्रामीणों के कृषि डुबान एवं आवागमन संबंधी समस्याओं का सकारात्मक ढंग से समाधान करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मानसून सत्र में विभागों को निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक अब तक हुए वृक्षारोपण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि आगामी 31 अगस्त तक वृक्षारोपण कार्य पूर्ण किया जाना है। जिले में इस वर्ष 05 लाख पौध-रोपण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारी निर्धारित अवधि तक विभागीय लक्ष्य पूर्ण करने आवश्यक पहल करें। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप लोगों को चिकित्सा सुविधा मुहैय्या कराने हेतु परिवार से सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए डोर-टू-डोर अभियान चलाकर परिवार के छूटे हुए लोगों को चिन्हांकित कर केम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र की युक्तियुक्तकरण/मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने, नशा-मुक्ति भारत अभियान हेतु निर्धारित कार्ययोजना के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अवगत कराया कि जिले के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों का विषयवार मासिक टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। अधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्कूलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के मासिक टेस्ट पंजी का भी अवलोकन करना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, अपर कलेक्टर बी.के. दुबे, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं विरेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, नगर पालिका व नगर पंचायत के सभी सीएमओ एवं समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### कोलकाता मामला सुप्रीम कोर्ट का संज्ञान

कोलकाता बलात्कार मामले का सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया है। इससे कार्यस्थलों में सुरक्षा मजबूत होने की उम्मीद जगी है। कोलकाता बलात्कार और हत्या मामले ने पूरे देश को झकझोर दिया है, इससे व्यापक गुस्सा पैदा हुआ है तथा ऐसे जघन्य अपराध समाप्त करने की मांग हो रही है। अतीत में 1970 दशक के 'रंगा बिल्ला मामले' तथा 2012 में 'निर्भया मामले' ने भी राष्ट्रीय स्तर पर गुस्सा पैदा किया था, पर इसके कारण वास्तविक परिवर्तन सीमित रहा और महिला-विरोधी अपराध लगातार जारी रहे। कोलकाता में हाल में एक रेजीडेंट डाक्टर से बलात्कार और हत्या याद दिलाती है कि महिलाओं को कार्यस्थल पर कितने खतरों का सामना करना पड़ता है। सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता डाक्टर बलात्कार-हत्या मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में एक पीठ ने 20 इस मामले की सुनवाई की। कोलकाता उच्च न्यायालय ने पहले ही राज्य सरकार द्वारा मामले में कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया था। यह घटना कोलकाता के आर.जी. कार मेडिकल कालेज में हुई। यह मामला अब सीबीआई को सौंप दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यह मामला अपने हाथ में लेने से स्पष्ट है कि पेशेवर परिवेशों समेत सार्वजनिक स्थलों पर महिला सुरक्षा के बारे में चिन्ता बढ़ रही है। इस मामले का संबंध मुख्यतः डाक्टरों की सुरक्षा से है जो देश भर में महिला सुरक्षा पर व्यापक विचार-विमर्श का मार्ग भी खोलता है।

भारत में महिला सुरक्षा व्यापक सामाजिक चिन्ता का विषय है, ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कोलकाता मामले में हस्तक्षेप डाक्टरों की सुरक्षा के साथ ही व्यापक मुद्दे पर प्रकाश डालता है। इससे स्पष्ट होता है कि हमारे स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों, खासकर महिलाओं को कितने संकट भरे माहौल में काम करना पड़ता है। हालांकि, भारत में महिला-विरोधी हिंसा के अनेक आयाम हैं, पर महिला पेशेवरों पर हमलों की घटनायें स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र में ज्यादा सामने आई हैं। इससे पूरे देश का ध्यान आकर्षित हुआ है और कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता उजागर हुई है। भारत में महिलाओं की सुरक्षा के लिए संघर्ष जटिल तथा लंबे समय से जारी है। यौन हिंसा, उत्पीड़न तथा कार्यस्थल पर भेदभाव बार-बार जनता के गुस्से का कारण बनते हैं। कानूनी सुधारों और जागरूकता अभियानों के बावजूद महिला-विरोधी हिंसा के मामले बहुत अधिक हैं। अस्पतालों समेत सार्वजनिक स्थल देखभाल के केन्द्र होने चाहिए, पर अनेक महिलाओं के लिए ये खतरनाक बन जाते हैं। इससे समस्या की 'व्यवस्थागत' प्रकृति सामने आती है। स्वास्थ्यरक्षा क्षेत्र खासतौर से चिन्ता का विषय है क्योंकि महिला डाक्टरों और नर्सों को न केवल मरीजों के परिवारों से हिंसा का सामना करना पड़ता है, बल्कि उनको सहयोगियों व वरिष्ठों से यौन उत्पीड़न जैसी आंतरिक समस्याओं से भी जूझना पड़ता है। इस दुहरे खतरे के कारण उनका पेशेवर जीवन लगातार चुनौतीपूर्ण व असुरक्षित बन जाता है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मामले में हस्तक्षेप से उम्मीद पैदा होती है कि इसके बाद अस्पतालों तथा सार्वजनिक संस्थानों के लिए प्रभावी सुरक्षा प्रोटोकाल तैयार होंगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोलकाता मामले की जांच के बाद उम्मीद की जाती है कि इससे भारत में महिला-सुरक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। इस मामले में केवल डाक्टरों पर ध्यान केन्द्रित करने के बजाय महिलाओं को कार्यस्थलों, यात्रा और जीवन में हिंसा और भेदभाव के भय से मुक्ति दिलाने के तरीके खोजे जाने चाहिए। अदालत का फैसला महिलाओं के प्रति जोखिम वाले दूसरे पेशों के लिए भी लाभदायक होगा।




# गैर आदिवासियों से विवाह कर पिसते आदिवासी



विनय प्रकाश तिर्की
रायपुर

**लम्बे** समय तक जनजातीय समुदाय बाहरी सम्पर्कों से अछूता ही रहा। वे कबीलियाई संस्कृति को ही ढोते रहे। उनकी एक अलग ही दुनिया थी। उनकी जीवनशैली, अनूठी सांस्कृतिक प्रथाएँ, परंपराएँ और सामाजिक संरचनाएँ होती हैं जो कि मुख्यधारा की संस्कृति से एकदम अलग होती हैं। हर जनजाति की एक अलग संस्कृति के साथ उनके नियम-धर्म भी अलग ही थे। सबकी अलग-अलग एक विशिष्ट पहचान भी थी, जो अब भी हैं पर तीव्र गति से इनका क्षरण हो रहा है। शिक्षा और संचार के साधनों के कारण अन्य संस्कृतियों की तरह जनजातीय संस्कृति भी बुरी तरह प्रभावित हो गई है। अब भी इसमें बदलाव लगातार हो रहे हैं। ये तो शाश्वत है कि इतिहास में संस्कृतियाँ हमेशा खत्म होती रही हैं। उदाहरण के लिए, कुछ मूल जनजातियाँ 19वीं सदी की शुरुआत में ही खत्म हो गईं। उनमें से हर एक का सफाया हो गया, और उनकी संस्कृति भी उनके साथ ही खत्म हो गई। हम उनके जीवन के बारे में थोड़ा बहुत ही जान पाए हैं, और अब एक इतिहास के सिवा उनका कोई भी नामोनिशान भी नहीं बचा है। कुछ दिनों पूर्व ही मैंने ब्राजील के गुफा मानव के विषय में पढ़ा था, जो अपनी आदिवासी संस्कृति का आखिरी पुरुष था।

आज शिक्षा के प्रसार के साथ शहरीकरण से प्रभावित जनजातीय समुदाय के पढ़े-लिखे वर्ग अपनी ही बोली भाषा को बोलने में लज्जा का अनुभव करते हुए देखे गए हैं, उनकी देखा-देखी गाँव में रहने वाली नई पीढ़ी की संतानें भीअपनी बोली का तिरस्कार करने लगीं हैं। ग्रामीण पीढ़ी हिन्दी भाषा बोलने का प्रयास करते-करते स्थानीय बोली और हिन्दी के मिश्रण से एक नवीन खिचड़ी बोली का भी निर्माण करती जा रहीं हैं। अपनी विशिष्ट बोली और संस्कृति के निरंतर होते क्षरण को देखकर अब इन्हीं समुदायों में से कई लोग इसे वापिस हासिल करने के लिए प्रयासरत हैं। कोई भी संस्कृति लंबे समय तक जिंदा नही रह सकती। हर समाज, हर सभ्यताओं में समय के साथ बदलाव अवश्यम्भावी है। प्रकृति में हर जीवन, हर जीवित प्राणी के साथ क्रम भी यही है। इतिहास में संस्कृतियाँ हमेशा खत्म होती रही हैं। जिन जनजातियों का सर्वाधिक पलायन हुआ वहाँ उनके साथ एक नवीन संस्कृति के उदय, सृजन और उनके विकास के साथ-साथ ही नयी समस्याएं भी उत्पन्न हुई हैं। इस संदर्भ में मुझे अंडमान निकोबार द्वीप समूह के नॉर्थ सेंटिनल द्वीप के आदिवासी याद आते हैं। वे किसी बाहरी को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करते हैं। वे बाहरी व्यक्तियों पर हमला बोलकर उन्हें मार डालते हैं। इसके पीछे ये कारण बताया जाता है कि किसी समय इनके पूर्वज मुख्यधारा के संपर्क में आकर संक्रमित हो गए थे, और पूरे समुदाय के लिए खतरा बन चुके थे।

आदिवासी समाज के कई लोग शिक्षा और सरकारी नीतियों की बदौलत उँचे ओहदों पर पहुँच गए। इससे एक बिल्कुल ही अलग संस्कृति और शहरी जीवन से उनका संपर्क हुआ, पर दुर्भाग्य से वे अपनी जड़ों से कटते चले गए। धीरे-धीरे वे विभिन्न कारणों से अपने मूल स्थानों से पूरी तरह कट से गए। उनका सम्पर्क, विशेष अवसरों पर ही होने लगा है, पर शहरों में पली बढ़ी उनकी संतानें अपने ही पुरखों के ग्रामीण जीवन और उनके परिवेश से दूरियाँ बनायी हुई हैं। नयी पीढ़ी को अपनी जनजातीय संस्कृति और विशिष्टता बेमानी लगने लगी है। पहली-दूसरी पीढ़ी को रोजगार के सुलभ अवसर मिलने से बड़े पदों पर पहुँचकर वे खुद को उच्च कुलीन मानने लगे, उनका आचार-विचार, व्यवहार भी उच्च कुलीनों की तरह हो गया है। यहाँ तक कि कइयों ने तो शादियाँ भी सवर्णों के कर लीं हैं। ऐसे देखने पर तो ये एक सामान्य सी बात लगती है कि एक अधिकारी ने अंतर्जातीय विवाह कर लिया है, पर मैंने अपने संपर्कों में आने वाले कई ऐसे लोगों की पीड़ा को बेहद नजदीक से देखा, समझा और महसूस किया है। ऐसा करके वे न तो आदिवासी रह पाते हैं और न उच्च कुलीन ही रह पाते हैं। उच्च वर्ग की महिला से विवाह करने वाले पुरुष आदिवासी अधिकारी ताउम्र हीनता के बोध का शिकार होते पाए गए हैं। किसी भी जनजातीय वर्ग की महिला से विवाह करने पर इस तरह की समस्याएं आमतौर पर नहीं देखी जाती हैं। जाहिर है, कई जनजातियों के बीच अंतर जनजातीय विवाह होने के बावजूद सांस्कृतिक समानताओं के कारण अड़चनें पैदा नहीं हो पाती हैं। कई मामलों में किसी आदिवासी महिला अधिकारी के किसी गैर आदिवासी पुरुष से विवाह होने पर उसकी आदिवासियत ही उसके लिए एक अभिशाप भी बन गई। उसकी हैसियत किसी गुलाम से अधिक नहीं रह पाती है। सबसे अधिक दिक्कत तो इनसे उत्पन्न संकर नस्ल को होती है, जो कहीं के नहीं रह जाते हैं। उनसे उत्पन्न संतानों को विवाह हेतु कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अपने ही समाज के भीतर इन्हें वर-वधु ढूँढने में बेहद कठिनाई होती है; लोग संकर नस्ल से रिश्ते बनाने में कतराते देखे गए हैं। हालंकि एक अध्ययन से पता चला है कि संकर नस्ल के बच्चे सामान्य बच्चों की तुलना में ज्यादा प्रतिभावान होते हैं। अंतरजातीय विवाह से उन्हें एक नयी समस्याओं से भी जूझना पड़ा है।

यह आलेख ऐसे लगभग पचास परिवारों पर अध्ययन के उपरांत लिखा गया है, जिन्होंने गैर आदिवासी महिलाओं या पुरुषों से विवाह किया हुआ है। यह अध्ययन इन परिवारों के सामाजिक, पारिवारिक, सांस्कृतिक और विवाह पश्चात उत्पन्न जटिलताओं पर केंद्रित है। आदिवासी पृष्ठभूमि, धार्मिक विश्वास, रुचियाँ और लक्ष्य समान न हों, जो प्रायः सांस्कृतिक रूप से जुड़े होते हैं, तो गैर आदिवासी के साथ उनका विवाह एक नरक में तब्दील होते हुए देखा जा सकता है।

किसी अलग पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति के साथ रिश्ता बनाना निश्चित रूप से दिलचस्प होता है, व दोनों पक्ष भी नई चीजें सीखते हैं। निश्चित रूप से किसी के साथ भी यह बेहतर हो सकता है, लेकिन एक जैसी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि साझा नहीं करने पर ऐसे रिश्ते को सफल बनाना बहुत कठिन ही है। ऐसा भी नहीं है कि ऐसा नहीं किया जा सकता, पर हर मानव का स्वभाव व तासीर ताउम्र बनी रहती है। किसी के स्वभाव को बदलने के लिए आज तक न कोई पाठशाला ही खुल पाई और न ही कोई विश्वविद्यालय। एक ही संस्कृति या किसी अलग संस्कृति से किसी से विवाह करने का निर्णय एक व्यक्तिगत निर्णय है, जिसे अनुकूलता, साझा मूल्यों और आपसी सम्मान जैसे कारकों पर आधारित होना ही चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों जोड़े सामाजिक और सांस्कृतिक मतभेदों की परवाह किए बिना एक मजबूत और स्वस्थ संबंध बनाने के लिए एक साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध भी हों।

प्रत्येक जनजाति का एक टोटेम होता है यानी गोत्र, जो उनकी एक विशेषता भी होता है और यही उनकी एक पहचान है, इसमें आकर्षण भी है। बहुत सारी जनजातियाँ अपनी गोत्र प्रणाली से आसानी से चिन्हित भी की जा सकती हैं। आदिवासियों से विवाह कर लेने और उनसे वैवाहिक विच्छेद के बाद भी कई महिलाएं अपने पूर्व आदिवासी पतियों के गोत्र का उपयोग धड़ल्ले से करती रहीं हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं, जिसमें वैचारिक मतभेद के कारण ऐसे जोड़े अलग-अलग रह रहे हैं, पर ऐसी विवाहित महिलाएं अन्य पुरुष से उत्पन्न अवैध संतानों को भी पूर्व पति के गोत्र से जोड़ती जा रही हैं। आदिवासी ईसाइयों से संबंधित ऐसे प्रकरण ज्यादा हैं। ईसाई धर्म, तलाक को बढ़ावा या प्रोत्साहित नहीं करता। यह तलाक को सहजता से स्वीकार भी नहीं करता। तथ्य यह है कि केवल मृत्यु ही विवाह के पवित्र बंधन को भंग कर सकती है, यद्यपि भारतीय तलाक अधिनियम 1869, ईसाई धर्म को मानने वाले व्यक्तियों के तलाक से संबंधित कानून है। कैथोलिक चर्च की इसी कठोर अवधारणा की वजह से कई जोड़े गहरे विवाद और कलह के बावजूद बिना तलाक़ के ताउम्र अलग-अलग रहने को विवश होते देखे गए हैं। तलाक पश्चात भी पुनर्विवाह करना लगभग असम्भव ही है, ऐसे विवाह को ईसाई समुदाय में भी मान्यता नहीं मिलती। यह भी एक कारण है कैथोलिक सम्प्रदाय से सबद्ध लोग इस सम्प्रदाय से विमुख हो रहे हैं। इन्हीं वजहों से यूरोपीय देशों में लिव इन रिलेशनशिप को बढ़ावा भी मिल रहा है।

गैंगस्टर 'मैडम मिंज' को कौन नहीं जानता। हरियाणा की स्पेशल टास्क फोर्स के पास मौजूद अनुराधा चौधरी की क्राइम फाइल के मुताबिक, अपने कॉलेज के दिनों में अनुराधा को एक पढ़े लिखे आदिवासी लड़के से प्यार हुआ, जिसका नाम फेलिक्स दीपक मिंज था। जाहिर है, 'मिंज' गोत्र का यह व्यक्ति आदिवासी समुदाय से ही ताल्लुक रखता था। उस दौरान अनुराधा एमबीए की पढ़ाई कर रही थी। विवाह की बात घर तक पहुँची तो दोनों ही के परिवार वाले इस रिश्ते के खिलाफ खड़े हो गए, लेकिन, अनुराधा और दीपक मिंज एक दूसरे को अपना बनाने का फैसला कर चुके थे और इसीलिए परिवार के खिलाफ जाकर उन दोनों ने शादी कर ली। लड़के के परिवारजन को पता ही था कि उनका वैवाहिक संबंध क्लेश और कड़वाहट से ही भरा होगा। शुरुआत में सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था और शेयर ट्रेडिंग के जरिए दोनों अच्छी खासी कमाई कर रहे थे, पर कुछ ही दिनों बाद उनके परिजनों की आशंका के अनुरूप ही उनका वैवाहिक संबंध क्लेश और कड़वाहट से भर गया। फिर अचानक हालात बदलने लगे। दीपक मिंज से भी अनुराधा की राहें जुदा हो गईं। कुछ ही दिनों बाद अपराधियों के सम्पर्क में आकर इस मैडम ने जुर्म की राह पर चलने का फैसला कर लिया। धीरे-धीरे वो राजस्थान के बड़े गैंगस्टरों में शामिल आनंदपाल सिंह के गैंग का अहम हिस्सा बन गई। पढ़ी-लिखी अनुराधा ने ग्रामीण बैकग्राउंड से आने वाले कुख्यात गैंगस्टर आनंदपाल को अंग्रेजी सिखाना शुरू किया और उसके रहन-सहन के तरीके को भी मॉर्डन बना दिया। बदले में आनंदपाल ने भी अनुराधा को एके-47 जैसे मॉर्डन हथियार चलाने सिखाए। अनुराधा ने आनंदपाल के साथ कई वारदातों को अंजाम दिया। अब अनुराधा, आनंदपाल लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी। इस गैंगस्टर के मारे जाने के बाद भी इस महिला के संबंध अन्य कई खूंखार अपराधियों के साथ रहे। इतने सारे संबंधों के बावजूद वो अपने पूर्व पति के टोटेम का ही इस्तेमाल कर रही है, और 'मिंज मैडम' के नाम से ही कुख्यात है।

भिन्न- भिन्न जगहों पर अपनी पदस्थापना के दौरान भी मेरा ऐसे कई विषम आदिवासी जोड़ों से सम्पर्क हुआ, जहाँ ये एक दूसरे से अलग तो हुए पर बाद में उनकी पत्नियाँ अन्य पुरुषों से उत्पन्न अवैध संतानों को भी पूर्व पतियों के गोत्र से जोड़तीं रहीं। गैर जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखने वाली इन महिलाओं ने आखिरकार अपने पति का जीवन कठिन बना दिया । वे पूरी निर्लज्जता से पूर्व पतियों के गोत्र का इस्तेमाल करती रहीं, और अवैध संतानों को भी पूर्व पतियों की जैविक संतानें बताने पर तुली रहीं। सांस्कृतिक और वैचारिक तौर पर वे वास्तव में दो बहुत अलग लोग थे, बहुतों की शादी महज तीन-चार महीने तक ही टिकीं।

दो- तीन आदिवासी अधिकारियों ने दक्षिण भारत की महिलाओं से शादी की थीं। उन्होंने अपनी पत्नियों के रोज-रोज माँसाहार भोजन की आदतों से तंग आकर संबंध ही विच्छेद कर लिया जबकि धार्मिक रूप से वे दोनों ही ईसाई धर्मावलम्बी थे। जैसे-जैसे समाज में शिक्षा बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे अंतर्जातीय विवाह की स्वीकार्यता भी बढ़ने लगी है।आदिवासी समाज में इसे सहज ही स्वीकार किया जाता है यह कोई मुद्दा भी नहीं है। ये सपना देखने का उन्हें हक भी है, परंतु तथ्य यह भी है कि दो विपरीत विचारधारा और दो अलग-अलग सभ्यताओं के मिलन से निश्चित तौर पर सांस्कृतिक समस्या होगी ही और उनके दृष्टिकोण सहज भी नहीं होंगे। से विवाह से उत्पन्न संतानों से भविष्य में विवाह को लेकर अड़चनें भी आती हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहाँ ऐसी संतान अपने रंग रूप और अच्छे ओहदों पर रहने के बावजूद अविवाहित रहने को मजबूर हैं। वहीं कई मामलों में पति की मृत्यु के बाद अनायास ही जनजातीय समुदाय के लोग उनकी विधवा के परिवार से कट जाते हैं, उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं होता। एक तरह से दो भिन्न-भिन्न सभ्यताओं व जोड़ियों से उत्पन्न संतानें ऐसी स्थितियों का सामना करने को विवश ही हैं, जिसे उनके माँ-बाप ने शायद कभी सपने में सोचा न होगा। अदिवासियों का सांस्कृतिक ज्ञान और उनकी सोच लम्बे समय तक उनके जनजातीय अतीत की छाप का भी शायद प्रतिनिधित्व करती हैं, जो अब भी उनके सहज सरल स्वभाव में मौजूद है। ऐसे विवाह से उत्पन्न होने वाली जटिलताएं और दम्पतियों से उत्पन्न मिश्रित नस्ल के संतानों की पीड़ाएं निश्चय ही समाजशास्त्रीय अध्ययन का केन्द्रविन्दु भी है, जिसपर अब तक सभी मौन हैं।

# स्वामी विवेकानंद को समर्पित ध्येयनिष्ठ व्यक्तित्व एकनाथ रानाडे



अरविंद कुमार मिश्रा
रायपुर

आपके नाम से अधिक कार्य की कीर्ति हो, ऐसा यश बहुत कम लोगों को प्राप्त होता है। श्री एकनाथ रानाडे ऐसे ही देव दुर्लभ व्यक्तित्व हैं। देश और दुनिया भर में स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए श्री एकनाथ रानाडे जी ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। आज भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में भारतीयता एवं राष्ट्रीय चरित्र के प्रतीक स्वामी विवेकानंद जी के विचारों में मानवीय संकटों के समाधान खोजे जा रहे हैं। इसके पीछे स्वामी विवेकानंद के विचारों की शक्ति तथा उनके विचारों को सामाजिक समस्याओं के समाधान के रूप में परिणित करने वाले विवेकानंद शिला स्मारक तथा विवेकानंद केंद्र जैसे प्रकल्प हैं। विवेकानंद स्मारक जहां भारत की एकात्मता का श्रेष्ठ स्मारक है, वहीं विवेकानंद केंद्र स्वामीजी के विचारों के आधार पर राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण का प्रकल्प बन चुका है। विवेकानंद शिला स्मारक व केंद्र के निर्माण हेतु जिस प्रकार श्री एकनाथ रानाडे जी ने संपूर्ण राष्ट्र की जनभागीदारी सुनिश्चित की, स्वतंत्रता के आंदोलन के पश्चात सामूहिकता का ऐसा अद्भुत उदाहरण बहुत कम देखने को मिलता है। कन्याकुमारी में महासागर की लहरों के बीच स्थापित विवेकानंद शिला स्मारक के पास खड़े होकर सागर की ओर निहारने से भारत की भव्यता का दिव्य दृश्य होता है। यह किसी भी भारतीय को भारतीयता से स्पंदित कर देता है।

ऐसी मान्यता है कि जिस स्थान पर शिलास्मारक बना है वहाँ माता पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर तप किया था। तीन वर्ष तक संपूर्ण भारत का भ्रमण करने के बाद इसी स्थान पर स्वामी विवेकानंद जी ने तीन दिन तक चिंतन कर स्वत्व का साक्षात्कार किया था। कन्याकुमारी स्थिति विवेकानंद केंद्र से जुड़े हजारों स्वयंसेवक संपूर्ण देश एवं विशेष रूप से ऊत्तर पूर्व में शिक्षा, संस्कार, कौशल विकास, स्वास्थ्य की दिशा में कार्य कर रहे हैं। विवेकानंद केंद्र द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण परियोजनाएं लोगों को आजीविका के लिए प्रशिक्षित करती हैं। विवेकानंद केंद्र विद्यालय योजना के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश में 37, असम में 24, नागालैंड में 1, अंडमान में 10, तमिलनाडु में 2 और कर्नाटक में एक विद्यालय संचालित है। संस्कृति एवं संस्कार के जरिए व्यक्तित्व के विकास की दिशा में विवेकानंद केंद्र अरुण ज्योति की महत्वपूर्ण भूमिका है। विवेकानंद केंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ कल्चर, विवेकानंद केंद्र नेचुरल रिसोर्स डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, विवेकानंद केंद्र रुरल वेलफेयर प्रोजेक्ट, विवेकानंद केंद्र मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन, विवेकानंद केंद्र वैदिक विजन फाउंडेशन जैसे अनेक प्रकल्प विवेकानंद केंद्र द्वारा संचालित हो रहे हैं। पद्मश्री निवेदिता भिड़े जी द्वारा प्रकाशित पुस्तक में एकनाथ रानाडे जी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग पढ़ने को मिलते हैं। इसमें उनके जीवन के प्रारंभिक घटनाओं व अनुभव का संकलन है। केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2014-2015 को एकनाथ रानाडे जी की जन्मशताब्दी वर्ष घोषित किया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुनना चाहिए। प्रधानमंत्री जी को चूंकि श्री रानाडे जी के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ, इसलिए उनके उद्गार प्रेरित करते हैं।



स्मृति-शेष

आज जब राजनीति संवादहीनता के दौर से गुज रही है। पक्ष और प्रतिपक्ष ही नहीं विभिन्न विचारों के मध्य वैचारिक संघर्ष हिंसा का रूप भी ले ले रहा है। ऐसे समय में एकनाथ रानाडे जी देश के सार्वजनिक जीवन के लिए दिशादर्शक हैं। श्री एकनाथ रानाडे संघ के प्रचारक थे। समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया, श्री लालबहादुर शास्त्री, तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी, एम करुणानिधि, से लेकर कम्यूनिस्ट नेता ज्योतिबसु, शेख अब्दुल्ला समेत सार्वजनिक जीवन के शिखर पर उपस्थित प्रत्येक नेता ने इस प्रकल्प को अपना समर्थन तथा सहयोग प्रदान किया। विवेकानंद शिलास्मारक एवं कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद केंद्र की स्थापना हेतु उन्होंने जिस प्रकार देश के विभिन्न विचारधाराओं, व्यक्तित्व तथा सरकारों को एकजुट किया यह वर्तमान समय में प्रत्येक राजनीतिक दल व जनप्रतिनिधि के लिए प्रेरणादायी होना चाहिए। 2 सितंबर 1970 को तत्कालिन राष्ट्रपति श्री वीवी गिरी ने विवेकानंद शिला स्मारक राष्ट्र को समर्पित किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने शिला स्मारक हेतु न सिर्फ महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे, बल्कि श्रीएकनाथ रानाडे जी के आग्रह पर वह शिला स्मारक भी पहुंचीं थी। श्री लाल बहादुर शास्त्री के सुझाव पर श्री रानाडे जी ने 323 लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों से बातचीत कर उन्हें स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक ले जाने के लिए प्रेरित किया। विवेकानंद शिला स्मारक के बाद विवेकानंद केंद्र की स्थापना भी उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति से साकार हो सका। स्वामी चिन्मयान्द ने उन्हें कलयुग का हनुमान कहा था। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कहा था लोग मुझे लौहपुरुष कहते हैं, मैं एकनाथ रानाडे जी के व्यक्तित्व में इस्पात जैसी दृढ़ता देखता हूं।

19 नवंबर 1914 को अमरावती के टिमटाला गांव में जन्में एकनाथ रानाडे जी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक आद्य सरसंघचालक पूज्य डॉ श्रीकेशव बलिराम हेडगेवार ने संघ कार्य के लिए जबलपुर भेजा था। आज संघ के स्वयंसेवकों द्वारा समाज के सहयोग से वर्तमान महाकौशल एवं छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के जो विविध प्रकल्प संचालित हो रहे हैं, उनके पीछे श्री एकनाथ जी की प्रेरणा है। श्री एकनाथ रानाडे जी की ध्येनिष्ठा का अनुकरण करने वाली एक पूरी पीढ़ी ने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित किया है, आज भी राष्ट्र को समर्पित वह अविरल धारा समाज जीवन में व्यक्तित्व निर्माण के कार्य में जुटी है। पूर्व पूज्य सरसंघचालक श्री सुदर्शन जी जब इंटरमीडिएट कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे, उस समय श्री एकनाथ रानाडे जी उनके छात्रावास में बैठक लेने आया करते थे। यहीं से उन्हें अपना पूरा जीवन संघ कार्य में समर्पित करने की प्रेरणा मिली। 22 अगस्त 1982 को देवलोकगमन करने वाले श्री एकनाथ जी के जीवन का एक बड़ा कालखंड मां नर्मदा के आंचल पर बसे महाकौशल क्षेत्र में व्यतीत हुआ। उन्होंने समाज के सहयोग से जिस प्रकार विवेकानंद शिला स्मारक तथा विवेकानंद केंद्र जैसा अद्भुत

# राशन से पोषण तक : पोषण सुरक्षा के लिए उचित दर की दुकानों का पुनर्अभिविन्यास (री-ओरिएंटिंग)

संजीव चोपड़ा
भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव

**चमन** प्रकाश, एक उचित दर दुकान (एफपीएस) डीलर हैं जो उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के प्रताप विहार ब्लॉक में पिछले 11 वर्षों से खाद्यान्न वितरित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में एक मात्र एफपीएस डीलर होने के कारण वे 1,500 से अधिक परिवारों को सेवा प्रदान करते हैं। समुदाय में एक विश्वसनीय व्यक्ति के रूप में उनकी प्रतिष्ठा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के कारण हुए व्यवधानों के दौरान और भी महत्वपूर्ण हो गई, जब लाभार्थी अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से जुड़ी पात्रताओं पर बहुत अधिक निर्भर थे। प्रकाश, देश भर के उन 5.3 लाख डीलरों में से एक हैं, जो अंतिम छोर तक खाद्यान्न वितरण एजेंट के रूप में कार्य करते हैं और पीडीएस के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक व्यक्तियों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इन एफपीएस को राज्य सरकारों द्वारा लाइसेंस दिया जाता है और इनका प्रबंधन भी किया जाता है तथा डीलरों को अपनी दुकानों पर प्रति क्विंटल लेन-देन के आधार पर डीलर मार्जिन के माध्यम से मुआवजा मिलता है। तथापि, एफपीएस के माध्यम से खाद्यान्न वितरण प्रत्येक माह 7-10 दिनों की अवधि में केंद्रित होता है। माह के शेष दिनों में, ये दुकानें कम उपयोग में रहती हैं, जिससे डीलरों को कोई अतिरिक्त आय का अवसर नहीं मिलता है। एफपीएस में भौतिक और मानव संसाधनों का इस प्रकार से उपेष्टतम उपयोग से, आवश्यक अंतिम छोर तक वितरण नेटवर्क की आर्थिक व्यवहार्यता और स्थिरता को खतरा पहुंचता है। पिछले एक दशक में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने एफपीएस को आधुनिक बनाने के लिए विभिन्न क्रियाकलाप लागू किए हैं। सभी एफपीएस में इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल (ई-पॉस) डिवाइस लगाए गए हैं, और लगभग 100% लेन-देन अब आधार द्वारा बायोमेट्रिक रूप से प्रमाणित होते हैं। खाद्यान्नों का सही वजन सुनिश्चित करने के लिए ई-पीओएस उपकरणों को इलेक्ट्रॉनिक तराजू से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है, जिसे 2024 के अंत तक पूरा किया जाना है। राज्यों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत मॉडल एफपीएस विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिसमें लाभार्थियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था और पीने के पानी जैसी सुविधाएं हों। राज्य सरकारों को एफपीएस डीलरों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत सृजित करने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवाओं और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) सेवाओं जैसी अतिरिक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए सशक्त बनाया गया है। जनवरी, 2024 में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में एफपीएस को ऑनबोर्ड करने के लिए एक प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य एफपीएस के ग्राहक आधार को विस्तार देना और उसकी व्यवहार्यता को बढ़ाना है। यद्यपि, एफपीएस की आर्थिक स्थिरता डीलरों और सरकार दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। एक अन्य गंभीर चुनौती लाभार्थियों की पोषण सुरक्षा रही है। वर्तमान में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग केवल पीडीएस के माध्यम से ऊर्जा देने वाले (एनर्जी रिच) अनाज (चावल और गेहूं) प्रदान करता है, जबकि आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पोषण संबंधी कमियों का सामना कर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े उच्च एनीमिया दरों को दर्शाते हैं: 6 से 59 महीने की आयु के बच्चों में 67.1%, 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं में 57% और 15 से 49 वर्ष की आयु के पुरुषों में 25%। इसके अतिरिक्त, पांच साल से कम उम्र के बच्चों में स्टंटिंग, वेस्टिंग और कम वजन के मुद्दे बने हुए हैं। अतः, एफपीएस डीलरों के लिए आय के अवसरों को बढ़ाने के साथ-साथ आहार विविधीकरण के माध्यम से जनसंख्या के पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने जैसे दोहरे दृष्टिकोण (डुअल अप्रोच) की आवश्यकता है। इन दो चुनौतियों पर काबू पाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 60 एफपीएस-गाजियाबाद, जयपुर, अहमदाबाद और हैदराबाद प्रत्येक में 15 एफपीएस को'जनपोषण केंद्र'(जेपीके) में परिवर्तित करने के लिए एक प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम शुरू किया है। ये केंद्र, अन्य मदों के अलावा, खुले बाजार की तुलना में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पोषक तत्वों से भरपूर वस्तुओं जैसे मिलेट्स (श्री अन्न), दालें, खाद्य तेल और सोयाबीन की एक विविध रेंज पेश करेंगे। जेपीके का उद्देश्य लाभार्थियों और स्थानीय आबादी के बीच पोषण संबंधी अंतर को दूर करते हुए डीलरों के लिए अतिरिक्त राजस्व स्रोत और बेहतर मार्जिन प्रदान करना है। एफपीएस का जेपीके में बदलाव चार प्रमुख स्तंभों पर निर्भर करता है। एफपीएस डीलरों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, चालान वित्तपोषण (इन्वॉइस फाइनैन्सिंग) के माध्यम से एफपीएस डीलरों के लिए कार्यशील पूंजी तक पहुंच, बी2बी एग्रीगेटर्स के माध्यम से बाजार संपर्क, और पोषण संबंधी साक्षरता को बढ़ावा देना।

एफपीएस डीलरों की क्षमता बढ़ाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो कौशल विकास मंत्रालय के तहत काम करता है। इस साझेदारी का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, पोषण संबंधी साक्षरता और व्यवसाय प्रबंधन पर केंद्रित कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करना है। प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम में भाग लेने वाले एफपीएस डीलरों के लिए प्रशिक्षण सत्र मई और जून 2024 के दौरान दो बैचों में आयोजित किए गए थे। इसके अतिरिक्त, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने एक मोबाइल एप्लिकेशन जो एफपीएस डीलरों को गैर-पीडीएस वस्तुओं की खरीद के लिए इन्वॉइस फाइनैन्सिंग की अनुमति देता है, को बनाने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ एक और अन्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। प्रमुख बी2बी एग्रीगेटर्स को इस प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया है ताकि एफपीएस डीलरों के लिए आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चैन) लिंकेज स्थापित करने में सहायता की जा सके। इसके अलावा, एफपीएस डीलरों को पोषण मित्र के रूप में सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो लाभार्थियों को पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन और संतुलित भोजन बनाने के लाभों पर बुनियादी मार्गदर्शन प्रदान कर रहें हैं। इन चार स्तंभों के माध्यम से, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग एक स्थायी मॉडल के लिए आधार तैयार कर रहा है जो डीलरों और उनके द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले समुदायों दोनों को लाभान्वित करता है। इस पहल के साथ, चमन प्रकाश का पेशेवर जीवन परिवर्तन के लिए तैयार है, जिससे उन्हें अपनी पेशकशों में विविधता लाने, अपनी आय बढ़ाने और समुदाय के पोषण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सहायता मिलेगी। यह विकास न केवल उनकी आजीविका को बढ़ाएगा बल्कि पूरे भारत में खाद्य और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने में एफपीएस की महत्वपूर्ण भूमिका को भी सुदृढ़ करेगा।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने शेयर धारक गन्ना किसानों को रियायती दर पर किया 50 किलो शक्कर का वितरण

## गन्ना किसानों का अधिकार दिलाने और उनके कल्याण एवं सम्मान हेतु भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के गन्ना किसानों को बड़ी सौगात देते हुए भाजपा सरकार द्वारा फिर से शेयरधारक किसानों को किफायती दाम पर शक्कर वितरित किया जा रहा है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना, पंडरिया के शेयर धारक गन्ना किसानों को 50 किलो शक्कर का वितरण कर उन्हें बधाई दी। आपको बताते चलें कि पहले भी ये योजना चल रही थी। लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद से इस प्रक्रिया को बंद कर दिया गया था। विधायक भावना बोहरा ने इस विषय को विधानसभा में उठाया था और किसानों को पुनः शक्कर वितरण करने की मांग सदन में रखी थी। 5 वर्षों के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से इस क्रं को पुनः शुरू किया गया है जिससे गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों में खुशी दिखाई दी। इस दौरान राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे जिन्होंने सभी लाभान्वित किसानों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों के हितों और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इन जनहितैषी योजनाओं से आज हमारे अन्नदाता सक्षम व स्वालंबी बन रहें हैं। मोदी की गारंटी में किये गए अपने वादों को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश के अन्नदाताओं को उनका हक़ मिल रहा है, जिससे वे प्रदेश की तरक्की व प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभा रहें हैं। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज शक्कर कारखाने के शेयर धारक किसानों को 5 वर्षों के बाद उनका अधिकार मिलता देख बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। भाजपा सरकार हमेशा से ही किसानों के कल्याण और सम्मान के लिए कार्य करती रही है। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने किसानों को झूठ बोलकर शक्कर का वितरण बंद कर दिया था, लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने पुनः जो किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु परंपरा शुरू की थी उसे फिर से शुरू करने के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम का आभार व्यक्त करती हूँ। विधानसभा सत्र के दौरान भी मैंने क्षेत्र के हमारे गन्ना उत्पादक किसानों के हित के लिए इस सन्दर्भ में प्रश्नकाल में प्रश्न उठाया था साथ ही ध्यानाकर्षण में भी इस विषय को गंभीरता से सदन के समक्ष रखा था। मुझे भी हर्ष हो रहा है कि किसानों को उनका अधिकार मिल रहा है जिसे पूर्व की कांग्रेस सरकार ने 5 वर्षों तक रोककर उनके विश्वास को तोड़ा था। भावना बोहरा ने बताया कि पंडरिया स्थित शक्कर कारखाने में कुल 11,892 शेयरधारक किसान है जिन्हें आज 25 रु./किलो की किफायती दर पर 50 किलो शक्कर का वितरण किया गया। मुझे यह बताते हुए भी हर्ष हो रहा है कि हमारे किसानों और कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों के परिश्रम से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना,पंडरिया रिकवरी के मामले में पूरे भारत में दूसरे स्थान पर है। पेराई सत्र 2023-24 में 7741 किसानो से 3.13 लाख टन गन्ने की खरीदी की गई जो पिछले 5 वर्षों में इस बार सर्वाधिक किसानों को गन्ना बेचने का मौका मिला। इस साल किसानो को पिछले साल कि 76.33 करोड़ उचित और लाभकारी मूल्य की तुलना में 91.38 करोड़ का भुगतान होना है जिसमें से 71.92 करोड़ का भुगतान पूरा हो चुका है और शेष राशि किसानों को 30 सितम्बर तक होने की पूरी उम्मीद है। इसके साथ ही मंडी बोर्ड निधि से 33,62,457 रुपए के अनुदान राशि को भी स्वीकृति मिली है और भोरमदेव शक्कर कारखाना, कवर्धा में शेयरधारक पंडरिया विधानसभा के किसानों को भी शक्कर वितरण का लाभ मिला है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि किसानों के हित को देखते हुए मैनें लगातार उनके बकाया भुगतान के लिए प्रयास किया और लगभग 4 किस्तों में किसानों को भुगतान किया गया है वर्तमान में गन्ना किसानों का लगभग 19.47 करोड़ का भुगतान बकाया है, इस विषय में मैनें मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, वित्त मंत्री एवं सहकारिता मंत्री सभी से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर इस विषयक को संज्ञान में लाया है और किसानों को जल्द भुगतान करने का आग्रह भी किया है। किसानों को अधिक लाभ मिल सके इसके लिए मैनें विधानसभा में शक्कर कारखाने की क्षमता को दुगुनी करने का विषय भी रखा गया है। इस अवसर पर रतिराम भट्ट, कल्याण सिंह, भुनेश्वर चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, शिव चंद्रवंशी, शिवनाथ वर्मा, दिनेश मिश्रा, दिनेश गुप्ता, विकास पांडे, उत्तम मार्सकोले, सुरेश दुबे, प्रदीप गोस्वामी, चंद्र कुमार, विशाल शर्मा, ओम यदु, उत्तरा गोकुल साहू, सेवा समुंद कुर्रे, चेतन शुक्ला, धरमपाल कौशिक, अंजनी कृष्णा चंद्राकर सहित भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष, समस्त मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, किसान एवं क्षेत्रवासी उपस्थि रहे।

# स्वाधीनता दिवस पर मानस दर्शन जरा याद करो कुर्बानी का आयोजन

### छत्तीसगढ़ की बाल कलाकार आरू और वाणी साहू ने जीता सबका दिल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मानस दर्शन जीवन अर्पण समूह ने संस्थापक दीपक गुहा एवं संयोजक मण्डल के सक्रिय सहयोग से भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने देशभक्ति गीत, स्वरचित कविता आमंत्रित कर ऑनलाइन पटल के माध्यम से 78वें स्वतन्त्रता दिवस पर एक शाम शहीदों के नाम जरा याद करो कुर्बानी का आयोजन किया। इस परिकल्पना के अंर्तगत पहले चरण में सभी आयु वर्ग के लगभग 60 लोगों ने अपनी रचनाओं को लिखकर एवं ऑडियो फॉर्मेट में समूह में प्रेषित किया जिसमें छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध बल कलाकार व लोकगायिका कु आरू साहू नगरी भी सम्मिलित रही।

उनकी आडियो प्रस्तुति के आधार पर एवं सदस्यों के लाइक व कमेंट के आधार पर उत्कृष्ट 25 लोगों का चयन अंतिम चरण के लिए किया गया जिन्होंने 15 अगस्त की शाम 7 बजे से 11 बजे तक ऑनलाइन के माध्यम से दी। प्रस्तुति देंने वालों में दिलीप टिकरिहा बेरला, योगेश्वर साहू कंडेल, प्रहलाद वैष्णव आरंग, श्रवण साहू गरियाबंद, कोमल प्रसाद साहू कातलबोड वीरेन्द्र सरल मगरलोड, वाणी साहू पड़कीभट, संदीप ठाकुर अहिवारा, सुरेंद्र देवदास भिम्भौरी, बाली देवदास दुर्ग, सुरेंद्र सिन्हा छुइहा, वेद कुमार नागवंशी, मानेश्वर ध्रुव, पोयम शरण साहू चरोदा, कु आरू साहू नगरी, गौरी मिश्रा कु श्रद्धा साहू सिवनी, आशीष वैष्णव, सनत वर्मा, आनंद पांडे, हिमकल्यानी सिन्हा, जीतू साहू खैरागढ़, तोमेश साहू बासीन रहे। संगीतमयी देशभक्ति गीत के निर्णायक मंडल में गुरुशरण साहू व सन्तोष साहू कोटगाँव धमतरी के संगीत विशेषज्ञ रहे। इस विशिष्ट कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकगायक, गीतकार, कवि व साहित्यकार सीताराम साहू श्याम पैरी, आत्मा राम साहू धड़कन सिवनी कला एवं सहयोगी रामकुमार प्रजापति डौंडी बालोद व भूपेश बनपेला नगरी ने किया। संयोजक मण्डल के देवलाल सिन्हा, पिंटू पटेल के के सिन्हा, हेमराज भार्गव, कनस कोमरे पुनेश्वर साहू,मेसुल साहू आर डी साहू, माखन साहू, नूतन साहू, सविता सोन, वंदना साहू प्रतिभा साहू सहित सभी उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा

कविता प्रथम श्रवण कुमार साहू प्रखर गरियाबंद, द्वितीय पोयम शरण साहू चरोदा, तृतीय योगेश्वर साहू कंडेल, चतुर्थ आनंद पांडे बचेली गीत संगीतमयी प्रथम मनेश्वर ध्रुव छुइहा, द्वितीय सुरेंद्र देवदास भिम्भौरी, तृतीय सुरेंद्र सिन्हा गरियाबंद, चतुर्थ वेद नागवंशी, गीत व कविता बाल वर्ग में प्रथम कु आरू साहू नगरी, द्वितीय कु वाणी साहू पड़कीभाट, तृतीय कु श्रद्धा साहू सिवनी कला विजेता रही। साथ ही मानस दर्शन प्रमुख द्वारा सीताराम साहू श्याम पैरी बालोद को मानस दर्शन 2024 का सर्वश्रेष्ठ उद्घोषक सम्मान देने की घोषणा की गई। उक्त सभी को मानस मंथन 4.0 के ऑफलाइन आयोजन स्थल केशकाल के भव्य समारोह में पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा। आभार प्रकट रामकुमार प्रजापति एवं भूपेश बनपेला ने किया। यह जानकारी विष्णु साहू ने दिया।


# आरक्षकों को 03 वर्ष की कम सजा वाले अपराधों के विवेचना को लेकर 5 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा 28.06.2024 को जारी अधिसूचना में जिसमें 03 वर्ष की कम सजा वाले विवेचना हेतु आरक्षकों को दिया गया विवेचना करने का अधिकार। इस आदेश के तारतम्य में प्रशिक्षण हेतु जिला बेमेतरा से कुल आरक्षकों 301 को योग्य पाया गया, जिसके प्रशिक्षण हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में 20 से 24.08.2024 को रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक जिला बेमेतरा द्वारा 05 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आरक्षक पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए शासन द्वारा 03 वर्ष की कम सजा वाले विवेचना करने वाले पुलिस जवानों को पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्यों पालन करने धारा को अच्छी तरह से पढ़ने प्रथम सूचना पत्र दर्ज करते समय अच्छे पढने एवं घटना स्थल का नजरी नक्शा तैयार करने, आडियो ग्राफी, विडियो ग्राफी करने साक्षियों की सूची तैयार करने इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदाय करते हुए अपना कार्य पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ करने जिससे आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना पैदा हो और पुलिस को अपना मित्र समझे, आमजन से सदभावना पूर्वक व्यवहार करने हेतु कहां गया। इस अवसर पर ज्योति सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक जिला बेमेतरा द्वारा अपने संबोधन में आरक्षकों को विवेचना में कार्य करने हेतु उत्साहित किया गया है और सभी को शुभकामनाएं दी इस अवसर पर ज्योति सिंह, मनोज तिर्की पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा, राजेश कुमार झा, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या) निरीक्षक संतोषी ग्रेस थाना अजाक, महिला सेल प्रभारी, उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंषी थाना प्रभारी दाढ़ी द्वारा थाना चौकी एवं कार्यालयों से आये वरिष्ठ आरक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

# राखी पर्व पर भद्रा के कारण दोपहर में बहनों ने भाईयों के कलाई पर बांधीं राखी



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

रक्षाबंधन पर्व पर इस साल भद्रा के कारण दोपहर डेढ़ बजे के बाद बहनों ने भाईयों को राखी बांधी भद्रा लगने के कारण कोई भी शुभ काम या नया काम प्रारंभ नहीं करते और ना ही राखी बंधवाते और ना ही होलिका दहन ही करते। प्रतिवर्ष सावन माह के पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है जिसमें बहन अपने भाई को राखी बांध कर शुभकामना व्यक्त करते हैं इस वर्ष सावन पूर्णिमा लगने के साथ ही भद्रा भी लग गया था, जिसके कारण लोगों में दुविधा की स्थिति बन गई थी। राखी सबसे पवित्र त्योहार है जब बहनें अपनी कलाईयों पर खुशहाली और दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती हैं और इसी भावना के साथ वे अपनी कलाईयों पर राखियां बांधती हैं, इसलिए उन्हें भद्रा काल की इस अवधि से बचना चाहिए, भाई-बहनों के बीच प्रेम और अनुकूलता को स्वीकार करने के लिए एक खुशी के दिन के रूप में आते हैं। इस लिए भद्रा काल से बचना चाहिए। इस संबंध में विगत 1 सप्ताह से सोशल मीडिया में विभिन्न आचार्यों पंडितों के द्वारा भद्रा को लेकर विविध प्रकार की तर्क वितर्क दिया गया, जिसके कारण लोग शुरू से लेकर राखी तिथि के दिन दुविधा में रहे इस संबंध में आचार्य के द्वारा बताए गए मूहूर्त के अनुसार भद्रा दोपहर एक बजकर तीस मिनट तक रहा और उसके बाद से लोगों के द्वारा रक्षा बंधन मनाया गया इसकी शुरुआत कुछ लोगों के द्वारा अपने इष्ट देव को राखी बांध कर किया गया ।

### भाई की कलाई में बहन ने रक्षा सूत्र बांधकर मंगल कामना किया

रक्षाबंधन पर्व पर बहनो के यहां भाई समय पर पहुंच गए और शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधने के पहले उसका हिंदू परंपरा के अनुसार जल कुमकुम अक्षत फूल के साथ आरती किया गया। इसके साथ ही जहां बड़े बहनों ने जहां छोटे भाई को आशीर्वाद दिया वही छोटी बहन को भाइयों ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त किया। इस अवसर पर भाइयों के द्वारा बहनों को विभिन्न प्रकार के भेंट सामाग्री भेंट किया गया एवं घर में बने विभिन्न प्रकार के पकवानों के साथ भाइयों का मुंह मीठा भी कराया गया।

### क्यों मनाते हैं रक्षाबंधन पर्व

रक्षाबंधन पर्व मनाने के पीछे हिंदू धर्म के अनुसार विभिन्न प्रकार के उदाहरण एवं घटना का उल्लेख विभिन्न शास्त्रों में मिलता है, जिसके कारण लोग प्रत्येक वर्ष सावन माह के पूर्णिमा पर्व पर रक्षाबंधन त्यौहार मनाते हैं जिसमें बहनों के द्वारा द्वारा भाइयों को राखी बांधी जाती है लेकिन मुख्य घटना महाभारत काल के समय को बताया जाता है महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण और द्रौपदी से जुड़ी एक कथा प्रचलित है। बात उस समय कि है जब इंद्रप्रस्थ में शिशुपाल का वध करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र चलाया था। उसी दौरान श्रीकृष्ण की उंगली कट गई और काफी खून बहने लगा। उस समय द्रोपदी ने अपने साड़ी का पल्लू फाड़ के भगवान के उंगली पर बांध दिया। उस समय ही श्री कृष्ण ने द्रौपदी की रक्षा करने का वचन दिया। इसके बाद श्री कृष्ण ने अपने इसी वचन के तहत राजा धृतराष्ट्र के दरबार में द्रौपदी के चीरहरण के समय उसके सम्मान की रक्षा की थी। इसके अलावा मान्यता के अनुसार इस दिन देवराज इंद्र को उनकी प ी शचि ने रक्षा सूत्र बांधा था, जिसके शुभ प्रभाव से उन्होंने दानवों पर विजय प्राप्त की थी। उस दिन श्रावण पूर्णिमा तिथि थी। तभी से रक्षाबंधन पर्व मनाने की परंपरा चली आ रही है।

# थाना अजाक को प्राप्त हुआ शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, महिलाओं, अवस्यक बालक-बलिकाओं तथा समाज के कमजोर वर्गो पर होने वाले अत्याचार, उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने तथा त्वरित वैधानिक कार्यवाही करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले योग्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्ष-2023 के लिये गठित निर्णायक समिति की अनुशंसाओं के आधार पर इस वर्ष 15 अगस्त 2024 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर थाना-अजाक को शहीद वीर नारायण सिंह पुरस्कार के पुरूस्कृत किया गया है, जिसमें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं नगर 50000/-रूपये से सम्मानित किया गया है। इकाई की ओर से कौशिल्या साहू, उप पुलिस अधीक्षक(अजाक/म.वि.अ.) द्वारा पुरूस्कार ग्रहण किया गया है प्राप्त पुरूस्कार रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक जिला-बेमेतरा को सौपा गया। पुलिस अधीक्षक जिला-बेमेतरा द्वारा इस अवसर पर प्रशंसन्ना व्यक्त करते हुये थाना अजाक में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया गया।

# पुरानी रंजिश के चलते 70 वर्षीय बुर्जुग की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुराने रंजिश के चलते 70 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया। सूचनाकर्ता राजेन्द्र निषाद ग्राम कठिया ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रातः 07 बजे के लगभग ग्राम कठिया के गांधी चौक के पास रामाधार निषाद ने आशाराम निषाद के गर्दन में टंगिया से प्राणघातक वारकर हत्या कर दिया है। उक्त रिपोर्ट पर आरोपी रामाधार निषाद के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में अपराध सदर धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त सुचना मिलने पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं सायबर सेल व सिनआफ क्राईम युनिट और डॉग स्क्वाड टीम द्वारा मौके पर पहुचकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही किया गया। मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुये पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिकी के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू व सायबर सेल टीम एवं थाना स्टाफको अपराध विवेचना कार्यवाही में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना कार्यवाही के दौरान आरोपी रामाधार निषाद पिता बनाउ निषाद उम्र 50 साल साकिन कठिया थाना व जिला बेमेतरा को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर पताचला कि मृतक और आरोपी दोनो पडोसी है कि आरोपी रामाधार 5 से 6 साल से तबियत खराब रहता था मृतक आशाराम निषाद को जादु-टोना करते हो कहकर शंका करते थे बीच-बीच में इसी बात को लेकर आपस में दोनों लडाई झगडा करते थे और इसी बात को लेकर आपस में पुरानी रंजिश रखते थे कि सोमवार को सुबह करीबन 07 बजे मृतक आशाराम निषाद डबरी तलाब के तरफ से आ रहा था इसी बीच आरोपी रामाधार निषाद अपने सायकल में टंगिया लेकर जा रहा था कि गांधी चौक कठिया के पास आरोपी रामाधार निषाद ने मृतक आशाराम निषाद पिता झुलूराम निषाद उम्र 50 साल साकिन कठिया के गर्दन में टंगिया से प्राणघातक वार कर हत्या किया। घटना में प्रयुक्त टंगिया को जप्त किया गया। आरोपी रामाधार निषाद पिता बनाउ निषाद उम्र 50 साल साकिन कठिया थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार का अग्रिम वैधनिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक छत्रपाल डहरिया, सायबर सेल टीम प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक मोती जायसवाल एवं आरक्षक शिव सेन, राहुल यादव व अन्य थाना स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

# पंडरिया विधानसभा में हो रहे विकास को देखकर मानसिक संतुलन खो रहा है नीलकंठ चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के



सुशासन में पंडरिया विधायक भावना बोहरा के द्वारा क्षेत्र लगातार हो रहे गांव गांव में विकास कार्य को कांग्रेस पचा नहीं पा रहा है। कांग्रेस के पंडरिया विधानसभा प्रत्याशी पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी अपनी मानसिक संतुलन खो बैठा है और अनावश्यक बयान बाजी कर रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में सत्ता का दुरुपयोग कर भ्रष्ट्राचार करने वाले आज ईमानदार की श्रेणी में अपने आप को शामिल कर रहे हैं। जिसे जनता भली भांति परिचित हैं और विधानसभा चुनाव में तीस हजार से अधिक वोटो से हरा भी दिया है बावजूद सबक नही मिल रहा है।

### करारी हार से मानसिक संतुलन खो बैठे कांग्रेसी

विधानसभा चुनाव 2023 में पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा में हार चुके हैं। कवर्धा विधानसभा प्रत्याशी रायपुर निवासी मो.अकबर ने करारी हार के बाद लापता हो चुके है। उनके समर्थक खोज रहे हैं। वही पंडरिया विधानसभा प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी के द्वारा जारी विज्ञप्ति और अनर्गल बयान बाजी से मानसिक संतुलन खो बैठे हैं ऐसा प्रतीत होता है। जनता के द्वारा नकारा जा चुका है बावजूद बचा खुचा साख को गवाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### जन सेवा ही भावना है

भारतीय जनता पार्टी पांडातराई मंडल (महिला मोर्चा )अध्यक्ष उतरा देवी साहू ने कहा कि भावना बोहरा विधायक बनने से पहले ही सेवा के लिए संकल्पित थी और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी वर्गो का ध्यान रखते हुए सेवा कर रही थी चाहे वो कालेज में पढ़ने वाली बालिकाएं के लिए निःशुल्क बस सेवाएं, स्वास्थ्य की दिशा में एंबुलेंस की व्यवस्था, महिला समूह की बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण की व्यवस्था सहित अनेक प्रकार की सेवाए करती रहती थी उनके मतदाताओं में पकड़ मजबूत होने के कारण विधानसभा में टिकट मिला और ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जब से विधानसभा चुनाव जीती है तब से क्षेत्र की भ्रमण करते हुए लोगो की मांग और आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्य स्वीकृति दे रहे है। पंडरिया विधानसभा के निवासियों को विकास पुरुष और मजबूत विधायिका मिलने से चारो तरफखुशी की माहौल है।

### भय मुक्त जीवन जी रहे हैं लोग

पंडरिया विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे और राज्य में कांग्रेस का सरकार था, पंडरिया विधानसभा में कांग्रेस की विधायिका थी उस समय गांव गांव में अवैध शराब, जुआ, सट्टा चलता था। शाम होते ही नगर सहित गांव के महिलाएं, बेटी घर से बाहर निकलने में भयभीत होती थी। पंडरिया विधानसभा अपराध का गढ़ बन चुका था लेकिन भावना बोहरा के विधायक बनाते ही कमीशनखोरी सहित सभी प्रकार के अपराध में अंकुश लग गया है। अब अपराधी भय के जीवन जी रहे है।

### किसानो की चेहरा पर खुशी की लहर

कबीरधाम जिले में दो शक्क र कारखाना स्थापित है जिसके शेयर धारी किसानो को रियायती दर पर शक्क र नही दिया जा रहा था लेकिन भाजपा की सरकार बनाते ही किसानो को तिहार की सीजन में पचास किलो शक्क र मिलना शुरू हो गया है। कांग्रेस सरकार किसानों के धान का बोनस चार किस्तों में देता था लेकिन अब एक साथ मिल रहा है । किसानो के चेहरे में खुशी लहर दिखाई दे रहा है।

### सत्ता का दुरुपयोग करने वाले दूसरे पर लगा रहे हैं आरोप

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष और पंडरिया विधानसभा प्रत्याशी नीलकंठ चंद्रवंशी कांग्रेस शासन काल में कवर्धा विधायक और वन मंत्री मो.अकबर के करीबी होने के चलते सत्ता का भारी दुरुपयोग किया। अधिकारी कर्मचारियों को भयभीत करने में कोई कसर नहीं छोड़ा। वन मंत्री के नजदीकी होने के चलते भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र में अपने परिवार वालों के नाम से जंगल से अवैध पत्थर निकलते हुई क्रेशर मशीन लगा लिया जबकि उन्हें मालूम था कि अभयारण्य क्षेत्र में कोई आदमी अनाधिकृत रूप से प्रवेश भी नहीं कर सकता बावजूद पत्थर निकलते के लिए पहाड़ो पर अवैध ब्लास्टिंग करते थे । इनका पुराना रिकार्ड निकलने पर तरह तरह का गड़बड़ियां उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

# सिटी कोतवाली में ब्रह्मकुमारीज बहनों ने पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा की सेवा केंद्र प्रभारी बी के शशि बहन द्वारा सिटी कोतवाली में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बाँधी एवं आत्मिक स्मृति का तिलक लगाया और मुख मीठा कराया। बी के शशि बहन ने कहा कि राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से हमें परमात्मा से जुड़ना है और उनसे शक्ति प्राप्त करनी है। यह शक्ति बुराइयों से और विकारों से हमारी रक्षा करती है तथा विकत परिस्थिति को सामना करने की सामर्थ्य प्रदान कराती है। उन्होंने कहा की हमें हमेशा सकारात्मक सोच रखनी है नकारात्मक सोच से हमारे तन में नकारात्मक ऊर्जा पहुंचती है जिसका बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव हमारे ग्रंथियां पर पड़ता है। बी के शशि दीदी ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया तथा संस्था का परिचय दिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे। बी के शशि दीदी से राखी बंधवाकर सभी पुलिसकर्मी भाईयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। मौके पर बी के शशि दीदी ने बताया कि यह राखी परमात्मा के घर से आई है। उन्होंने कहा कि यह राखी सभी भाइयों को उनकी बुराइयों से हमेशा बचाकर रखेगा ताकि वे सभी की सेवा कर सके। उन्होंने बताया कि बहन भाईयों को स्नेह बंधन में बांधकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना करती है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू द्वारा भी सकारात्मक सन्देश देकर सभी का मनोबल बढ़ाया उन्होंने बताया कि ईश्वर ने उन्हें बहुत अच्छा मौका दिया और पहली बार ब्रह्माकुमारीज के द्वारा यहां पुलिस भाइयों को राखी बांधी गई। इस मौके पर बी के शशि बहन, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू जी एवं थाना प्रभारी सहित पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# स्त्री 2 के बाद कृष 4 में दिखेगा श्रद्धा कपूर का कमाल



श्रद्धा कपूर की हालिया रिलीज हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल कर रही है। फिल्म ने महज तीन दिनों में 144 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इसी बीच अभिनेत्री के वर्कफ्रंट पर बड़ी जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो श्रद्धा अगली फिल्म में ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। इस खबर मात्र ने प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है। श्रद्धा कपूर एक तरफ फिल्म स्त्री 2 की सफलता का आनंद ले रही हैं। वहीं दूसरी ओर, अच्छी खबर यह है कि वह अब बहुप्रतीक्षित ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म कृष 4 की मुख्य महिला का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टाइम्स नाउ की ताजा खबर के मुताबिक अब कहा जा रहा है कि, फिल्म कृष 4 के मेकर्स ने श्रद्धा कपूर से संपर्क किया है। हालांकि, किसी की ओर से कोई पुष्टि या कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है।

ऐसा लगता है कि रोशन परिवार के मन में हमेशा से फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के रूप में श्रद्धा कपूर थीं। इसका अंदाजा उस रहस्यमय पोस्ट से लगाया जा सकता है जो कई हफ्ते पहले श्रद्धा कपूर ने पोस्ट किया था। श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी एक शानदार सेल्फी शेयर की थी। हालांकि, सेल्फी के साथ लिखा गया कैप्शन खुश करने वाला था। श्रद्धा कपूर ने पोस्ट को कैप्शन दिया था, जादू जैसी धूप की जरूरत है। जिस पर उनके कई प्रशंसकों ने रिएक्ट किया था। लेकिन, एक जवाब जो वास्तव में सबसे अलग था, वह ऋतिक रोशन का था, जिन्होंने लिखा, वह आ रहे हैं। उन्हें बताएंगे। इस पर श्रद्धा ने जवाब देते हुए कहा, वास्तव में? कब क्या, कहां बताएं बताएं बताएं।

वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो, सिद्धार्थ आनंद कृष 4 का निर्देशन कर सकते हैं। ऋतिक रोशन और सिद्धार्थ आनंद पहले भी साथ में कई बार काम कर चुके हैं। दोनों ने बैंग बैंग, वॉर और फाइटर में काम किया था। इनमें से वॉर और फाइटर को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी कामयाब हुई थीं और करोड़ों रुपये छापे थे। फिल्म का पहला भाग कोई मिल गया साल 2003 में रिलीज हुआ था। इसमें ऋतिक और प्रीति जिंटा ने मुख्य भूमिका निभाई थीं। दूसरे भाग का नाम कृष रखा गया था, जिसे 2006 में रिलीज किया गया था। इसमें प्रीति जिंटा की जगह प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में थीं। फिल्म का तीसरा भाग कृष 3 कई साल बाद 2013 में रिलीज हुआ था।



## रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन पर निर्माताओं ने दिया अपडेट

सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। फिलहाल वे लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही फिल्म कुली की शूटिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही अभिनेता के पास टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म वेट्टैयन भी है। फिल्म की शूटिंग रजनीकांत पहले ही खत्म कर चुके हैं, जिसकी जानकारी उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए दी थी। वहीं, अब प्रशंसकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार है। हालांकि, अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। बहुप्रतीक्षित फिल्म वेट्टैयन पर प्रशंसक काफी दिनों से अपडेट मांग रहे हैं और अब आखिरकार फिल्म के निर्माता प्रशंसकों को तोहफा देने वाले हैं। उन्होंने फिल्म से जुड़ी अहम जानकारी फैंस के साथ साझा करने का एलान कर दिया है। निर्माताओं ने आज रविवार, 18 अगस्त को दिलचस्प पोस्ट साझा किया और सोमवार को बड़ा खुलासा करने का एलान किया।

पोस्ट में निर्माताओं ने बताया है कि कल यानी 19 अगस्त, 2024 की सुबह 10 बजे फिल्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। हालांकि, अब इसके बाद से सोशल मीडिया पर कयास लगाए जा रहे हैं कि यह एलान फिल्म की रिलीज की तारीख को लेकर हो सकता है। निर्माता कल वेट्टैयन की रिलीज डेट का खुलासा कर सकते हैं। यह पहले से ही पता है कि फिल्म इस साल अक्तूबर में रिलीज होने वाली है। हालांकि, तय तारीख का खुलासा होना बाकि है। इससे पहले रजनीकांत ने अपने आध्यात्मिक दौरे के दौरान फिल्म की रिलीज डेट के बारे में संकेत दिया था। उन्होंने एक योगी से बात करते हुए बताया था कि फिल्म दशहरा की छुट्टियों के दौरान 10 अक्तूबर को रिलीज होगी। हालांकि, इस पर अब आधिकारिक तौर पर मुहर लगनी बाकी है। यदि फिल्म 10 अक्तूबर को रिलीज होगी तो यह सूर्या की कंगुवा के साथ बॉक्स ऑफिस पर टकराएगी। वेट्टैयन का निर्देशन जय भीम फेम फिल्म निर्माता टीजे ज्ञानवेल ने किया है, जो रजनीकांत के साथ उनका पहला सहयोग है। फिल्म लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है और इसमें अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत है। वेट्टैयन कई दिग्गज सितारों से सजी फिल्म होगी, जिसमें विभिन्न उद्योगों के कलाकार शामिल होंगे। रजनीकांत और राणा दग्गुबाती के अलावा, वेट्टैयन में अभिनेता अमिताभ बच्चन, फहद फाजिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य शामिल हैं।

## बीना त्रिपाठी के रोल को पसंद करने पर दर्शकों की आभारी हैं रसिका

रसिका दुग्गल ने वेब सीरीज मिर्जापुर 3 में भी बीना त्रिपाठी के किरदार से खूब धमाल मचाया है। सीरीज में उनका किरदार बेहद अलग था। हालांकि, अब अभिनेत्री का कहना है कि वह फिल्मों और वेब सीरीज में रो-रोकर थक गई हैं। अभिनेत्री ने बताया कि जो भी स्क्रिप्ट ऑफर की जाती है, उसमें कम से कम दो सीन थे, जिनमें वह रो रही थीं। हाल ही में एक इंटरव्यू में रसिका दुग्गल ने बताया कि अब एक जैसे किरदार निभाने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली है क्योंकि लेखक अब उनके लिए अलग-अलग स्क्रिप्ट लिख रहे हैं।



अभिनेत्री ने कहा कि एक समय था, जब वह एक स्क्रिप्ट को पीछे से पढ़ सकती थीं और आखिर के 10 मिनट में कम से कम दो रोने के सीन होते थे। वह मिर्जापुर के बाद से उनके लिए लिखे गए किरदारों में बदलाव के लिए आभारी हैं, जिसमें उन्हें एक घातक महिला के रूप में चित्रित किया गया था। रसिका अपने करियर में उछाल का श्रेय ओटीटी बूम को देती हैं। उन्होंने बताया कि स्ट्रीमिंग सेवाओं की वजह से ही उन्हें बहुत सारा काम मिलने लगा और उनका बहुत सारा काम दर्शकों तक पहुंचा। अभिनेत्री ने कहा, सही बताऊं तो स्ट्रीमिंग सेवाएं मेरे लिए जीवन का एक पट्टा हैं क्योंकि ऐसी कई फिल्में थीं जो मैंने की थीं, लेकिन उन्हें उस तरह की रिलीज नहीं मिली जिसकी वे हकदार थीं। कई छोटी फिल्में थीं। हालांकि, बाद में मुझे बहुत काम मिला और मिर्जापुर जैसे शो के जरिए मुझे बड़े दर्शकों तक पहुंचने का मौका मिला। यह तब था जब मुझे लगा कि स्ट्रीमिंग सेवाएं छोटी फिल्मों के लिए दर्शक पाने का एक स्थान हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने आगे कहा कि इस बार ओटीटी पर छोटा और स्वतंत्र सिनेमा फिर से संघर्ष कर रहा है। दुर्भाग्य से ऐसा हो रहा है और छोटी फिल्में दर्शक ढूंढने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

## ऋषभ शेट्टी ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की बताई सच्चाई



70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में कन्नड़ इंडस्ट्री की ब्लॉकबस्टर फिल्म कांतारा ने भी झंडे गाड़े हैं। इस फिल्म में अभिनय के लिए ऋषभ शेट्टी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। साथ ही, फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ मनोरंजक फिल्म का भी राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद ऋषभ शेट्टी कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री की मौजूदा स्थिति पर बात करते हुए नजर आए। पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में अभिनेता ने खुलासा किया कि कन्नड़ फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्म को उचित ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने के लिए काफी ज्यादा संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ओटीटी निर्माताओं का समर्थन नहीं करते हैं। ऋषभ शेट्टी ने कहा कि कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के कई फिल्म निर्माताओं को एक अच्छा रिलीज प्लेटफॉर्म हासिल करने में काफी मुश्किलें उठानी पड़ती हैं। इसलिए वे (निर्माता) अपनी फिल्में यूट्यूब पर रिलीज करते हैं। अपनी बात रखते हुए अभिनेता ने कहा, हम त्यौहारों पर फिल्म का प्रीमियर करते हैं। पुरस्कार जीतते हैं, लेकिन हमें इसके लिए कोई मंच नहीं मिलता है। ओटीटी प्लेटफॉर्म कन्नड़ कंटेंट नहीं खरीदते हैं, इसलिए हमें मजबूरन फिल्मों को यूट्यूब चैनलों पर डालना पड़ता है। इस बात ने मुझे काफी परेशान किया है। हमें ऐसी फिल्मों से कोई रिकवरी नहीं मिलती है। फिल्म कांतारा साल 2022 में रिलीज हुई थी। दक्षिण भारत के साथ फिल्म को उत्तर भारत के लोगों ने भी खूब पसंद किया था। लोककथा पर आधारित फिल्म ने टिकट खिड़की पर तगड़ी कमाई की थी। फिल्म में ऋषभ एक विद्रोही की भूमिका में थे जो प्रकृति के शोषण के खिलाफ आवाज उठाता है।



## अनन्या पांडे को दूसरी बार लॉन्च करने जा रहे करण जौहर

**चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे को बॉलीवुड में लॉन्च करने के बाद करण जौहर एक बार फिर से उन्हें लॉन्च करने जा रहे हैं। फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर इस बार अनन्या को ओटीटी पर लॉन्च करने जा रहे हैं। अनन्या जल्द ही वेब सीरीज कॉल मी बे के जरिए ओटीटी पर अपना डेब्यू करने वाली हैं।**



अनन्या के ओटीटी डेब्यू का एलान बड़े ही खास अंदाज में किया गया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया, जिसमें अनन्या पांडे और करण जौहर दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में अनन्या के लॉन्च को लेकर बातचीत चलती है, जिस पर अनन्या कहती हैं कि वो तो उन्हें पहले ही लॉन्च कर चुके हैं। इसके बाद करण अपनी फिल्म कुछ कुछ होता है के मशहूर डायलॉग को थोड़ा तोड़-मरोड़कर कहते हैं कि हम एक बार जीते हैं, एक बार मरते हैं, शादी भी एक बार होती है, लेकिन लॉन्च तो बार-बार हो सकता है। डार्लिंग वो बॉलीवुड लॉन्च था, ये ओटीटी लॉन्च है।

### इस रोल को निभाएंगी अनन्या पांडे

इस मजेदार वीडियो में करण आगे कहते हैं कि अनन्या प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेंगी। इसके बाद अनन्या अपने किरदार के बारे में पूछती हैं। जवाब में करण कहते हैं कि वो कुछ नया और चुनौतीपूर्ण होगा। एक ऐसा रोल, जो तुमने जिंदगी में नहीं किया। वो अनन्या को बताते हैं कि उनका किरदार एक ऐसी अमीर लड़की का होगा, जो सब कुछ खो देती हैं और उसे मुंबई आकर हर चीज के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इसके बाद सीरीज कॉल मी बे की एक छोटी सी झलक भी देखने को मिलती है।

कॉल मी बे का निर्देशन कोलिन डी'कुन्हा ने किया है और इसका निर्माण करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। इशिता मोइत्रा, समीना मोटलेकर और रोहित नायर ने मिलकर सीरीज की कहानी लिखी है। इसमें अनन्या पांडे, वीर दास, वरुण सूद, विहान समत, मिनी माथुर, गुरफतेह पीरजादा, निहारिका लारा दत्त, लिसा मिश्रा और मुस्कान जाफरी ने अभिनय किया है।



## अरशद वारसी को कल्कि में जोकर जैसे लगे प्रभास

**अरशद वारसी एक ऐसे एक्टर हैं जो अपनी बात रखने में जरा भी नहीं कतराते हैं और खुलकर सबके सामने सबकुछ बोल देते हैं। एक इंटरव्यू में, अरशद ने अपनी लाइफ, करियर और यहां तक कि हाल ही में देखी गई फिल्मों के बारे में बात की।**

एक्टर ने कल्कि 2898 एडी के बारे में बात की और अपना रिव्यू दिया कि उन्हें आखिर फिल्म कैसी लगी। फिल्म के बारे में बोलते हुए अरशद वारसी ने फिल्म के एक्टर्स में से एक अमिताभ बच्चन की तारीफ करते हुए शुरुआत की। उन्होंने कहा, मैंने कल्कि देखी, मुझे तो अच्छी नहीं लगी। मुझे बहुत तकलीफ होती है जब अमित जी दिमाग उड़ा देने वाली आवाज में बोल रहे थे। मैं उस आदमी को समझ नहीं पा रहा हूं। मैं कसम खाता हूं कि अगर उनकी ताकत हमें मिल जाए तो लाइफ बन जाए। वह कमाल हैं।

### अरशद वारसी को पसंद नहीं आए प्रभास

हालांकि, इसके बाद उन्होंने बिना किसी लाग-लपेट के फिल्म की आलोचना की और कहा, प्रभास, मैं वास्तव में दुखी हूं, वह क्यों था, वह एक जोकर की तरह लग रहा था। क्यों? मैं मैड मैक्स देखना चाहता हूं। मैं वहां मेल गिब्सन को देखना चाहता हूं। तुमने उसको क्या बना दिया यार। क्यू करते हो ऐसा मुझे नहीं समझ में आता।

### अरशद वारसी की अगली फिल्म

अपनी हालिया देखी गई फिल्मों के बारे में आगे बात करते हुए, अरशद ने श्रीकांत में राजकुमार राव की तारीफ की। उन्होंने मुंज्या और किल देखने में भी दिलचस्पी दिखाई। अरशद को आखिरी बार वेब सीरीज असुर और मॉडर्न लव मुंबई में देखा गया था। वह जॉली एलएलबी के तीसरे पार्ट में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे।

## सन ऑफ सरदार 2 से विजय राज बाहर

रन, देल्ही बेली और गली बॉय जैसी फिल्मों में नजर आए एक्टर विजय राज को अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' से बाहर निकाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो विजय ने सेट पर मेकर्स के साथ दुर्व्यवहार किया। इसके अलावा मेकर्स उनकी बढ़ती डिमांड से भी परेशान थे। इस मामले पर फिल्म के को-प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक ने कहा, 'हां, यह सच है कि हमने विजय राज को सेट पर उनके खराब व्यवहार की वजह से फिल्म से हटा दिया है। उन्होंने बड़े कमरे और अजय देवगन जैसी वैनिटी वैन समेत कई और मांगें की थीं जिससे परेशान होकर हमने उन्हें फिल्म से बाहर का रास्ता दिखाया।' मंगत ने आगे कहा, 'हम विजय के स्पॉट बॉय को 20 हजार रुपए पर नाइट के हिसाब से दे रहे थे, जो किसी बड़े एक्टर को किए जाने वाले पेमेंट से कहीं ज्यादा है। यूके एक महंगी जगह है। फिर भी हमने शूटिंग के दौरान सभी को बढ़िया कमरे उपलब्ध करवाए हैं पर विजय तो हमसे प्रीमियम सुइट्स की मांग कर रहे थे। जब हमने उन्हें समझाने की कोशिश तो उन्होंने बड़े ही खराब तरीके से बात की। वो बोले कि आप लोगों ने मुझे अप्रोच किया, मैं कौन सा सामने से काम मांगने आया था। हमने उनकी सभी मांगों को पूरा करने की कोशिश की, लेकिन उनका व्यवहार खराब होता गया और उनकी मांगें भी खत्म होने का नाम नहीं ले रही थीं। तमाम चर्चाओं के बाद हमने उन्हें फिल्म से हटाने का फैसला किया।



# एसटी-एससी क्रिमी लेयर मामले को लेकर जशपुर भी रहा बंद, पहले कुछ दुकानें खुलीं फिर आदिवासियों द्वारा फोटो खींचे जाने के दौरान बंद हो गई

## क्रिमी लेयर प्रावधान लागू नहीं करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन





पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एक पीढ़ी को आरक्षण का लाभ मिल जाने के बाद दूसरी पीढ़ी को सामान्य वर्ग की तरह प्रतिस्पर्धा कर नौकरी हासिल किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के विचार को लेकर देशभर में एससी और एसटी समाज के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर बुधवार को भारत बंद का आह्वान किया गया था। जशपुर जिला मुख्यालय में भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विरोध प्रदर्शन रैली का आयोजन किया गया और रणजीता स्टेडियम में एकत्रित हुई भीड़ को समाज के लोगों के द्वारा संबोधित कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर समाज हित आरक्षण पर संसद में विधेयक प्रस्तुत करने की मांग की है।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

एसटी-एससी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा, सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ द्वारा सिविल अपील 2317/2011 पंजाब सरकार एवं अन्य बनाम दविंदर सिंह अन्य के मामले में 1 अगस्त 24 को दिए गए अपने फैसले में एससी-एसटी अंतर्गत उप वर्गीकरण को संवैधानिक रूप से अनुग्येय अभिनिर्णित करते हुए इन वर्गों में क्रिमी लेयर लागू किए जाने का उल्लेख किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से समाज अत्यंत क्षुब्ध है, उन्होंने कहा, अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ सैंकड़ों वर्षो से अपृश्यता का व्यवहार किया गया है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति के लोगों के जल, जंगल को हड़पा गया है। इन दोनों ही वर्गों को वर्षो से शिक्षा और संपत्ति के अधिकार से वंचित रखा गया था। इनके पिछड़ेपन का कारण अतीत में इनके साथ किया गया भेदभाव, अन्याय और अत्याचार है। देश की स्वंतत्रता के बाद भारत का संविधान लागू करने पर अनुच्छेद 341 के तहत अनुसूचित जाति का एवं अनुच्छेद 342 में अनुसूचित जनजाति का प्रावधान किया गया है। संविधान आदेश 1950 के अंतर्गत सूची राज्यों के लिए अधिसूचित की गई। केंद्र और राज्य में जनसंख्या के अनुपात पर प्रतिनिधित्व प्रदान किए जाने का आरक्षण दिया गया। अगर इन वर्गों में क्रिमी लेयर का प्रावधान लागू किया जाता है तो इन वर्गों के मध्य विभाजन की रेखा खींच जाएगी साथ ही संविधान प्रदत्त आरक्षण का लाभ से दूसरी पीढ़ी उपेक्षित हो जाएगी और उनकी प्रगति रूक जाएगी इसलिए उक्त फैसले को बदलने के लिए संसद में विधेयक पारित कराए जाने की मांग की गई है।

### इन्होंने किया संबोधित

क्रिमी लेयर मामले को लेकर आयोजित सभा को आदिवासी नेता हीरू राम निकुंज, प्रदीप खेस्स, सिंहासन मिंज, रूपनारायण एक्का के साथ ही बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों ने संबोधित किया। प्रदीप खेस्स ने बंद का समर्थन देने के लिए व्यापार संघ को धन्यवाद दिया।

### बंद कराने का अनोखा तरीका

भारत बंद को लेकर जशपुर जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड और आसपास की दुकानों को बंद कराने का आदिवासी समुदाय का अनोखा अंदाज सामने आया। बुधवार को रैली निकलने के बाद कुछ युवक खुली दुकानों की फोटो खींचते हुए उनका नाम लिखने लगे। उनके इस अंदाज ने व्यापारियों को यह संकेत दिया कि इन्होंने बंद का समर्थन देने की मांग की थी। इसके बाद भी जिन्होंने दुकानें खुली रखीं समाज की ओर से इनके प्रतिष्ठानों का बहिष्कार किया जाएगा। और एससी-एसटी समुदाय के बहिष्कार करने से व्यापार को छति पहुंचना स्वभाविक है। क्योंकि ये यहां बहुसंख्यक वर्गों में हैं। अन्य आंदोलनकर्ताओं की तरह ये दुकानों को बंद करने का आग्रह किसी से भी करते हुए नहीं दिखे।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में दिव्यांग को ट्राई सायकल और श्रवण बाधित व्यक्ति को दिया गया श्रवण यंत्र



पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में आम लोगों की समस्याओं के सामाधान के लिए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की स्थापना की है। तब से बड़ी उम्मीद के साथ यहां पहुंच रहे लोगों की समस्याओं को न केवल गंभीरतापूर्वक सुना जाता है, बल्कि उसका समाधान भी किया जा रहा है। कैंप कार्यालय में आज बड़े आस के साथ पहुंचे श्रवणबाधिता की समस्या से जूझ रहे श्री अर्जुन राम यादव को श्रवण यंत्र और दिव्यांग श्री अशोक दुबे को ट्राई सायकल प्रदान किया गया है। दोनों ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया है। ग्राम फरसाबहार, बरटोली निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग अर्जुन राम यादव पिछले 40 सालों से दोनों कानों से न सुनाई नहीं देने की समस्या से पीड़ित थे। इससे उन्हें अपने दैनिक जीवन के क्रियाकलापों में काफी परेशानी होती थी। अपनी इस समस्या को लेकर वे मुख्यमंत्री कार्यालय कैंप पहुंचे। कैंप कार्यालय में उनकी समस्या को तत्काल संज्ञान लेते हुए श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र मिलने से वे काफी प्रसन्न हैं और बताते हैं कि अब फिर से वे अपने जीवन का पूरी तरह से आनंद ले सकते हैं। इसी तरह कुनकुरी निवासी 62 वर्षीय दिव्यांग अशोक दुबे अपने दोनों पैरों में परेशानी होने की वजह से चलने-फिरने में असमर्थ थे। ट्राई सायकल की मांग को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री कैंप मे आवेदन किया। कैंप कार्यालय में उनकी समस्या को तत्काल संज्ञान लेते हुए ट्राई सायकल दिया गया। अपनी समस्या के तत्काल समाधान से प्रसन्न दुबे बताते हैं कि ट्राई सायकल मिलने से उन्हें काफी आसानी हो गई है। अब इसकी मदद से अपनी जरूरत के हिसाब से कहीं आ-जा सकते हैं।

# एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के एनएसएल स्टील प्लांट ने हॉट रोल्ड कॉइल के उत्पादन में बनाया नया कीर्तिमान

## एक वर्ष से भी कम समय में प्राप्त की एक मिलियन टन हॉट रोल्ड कॉइल उत्पादन की बड़ी उपलब्धि

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) को यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने अपनी उत्पादन क्षमता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को, छत्तीसगढ़ के नगरनार स्थित इस अत्याधुनिक एकीकृत इस्पात संयंत्र की हॉट स्ट्रिप मिल ने सफलतापूर्वक 1 मिलियन टन (एमएनटी) हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) का उत्पादन किया, और एचआर कॉइल उत्पादन की शुरुआत की पहली वर्षगांठ से चार दिन पहले ही इस मील के पत्थर को हासिल कर लिया। यह उपलब्धि एनएसएल की तेज और प्रभावी उत्पादन प्रक्रिया को दर्शाती है, जिसे इसकी अद्वितीय कार्यशैली, प्रदर्शन और अत्याधुनिक तकनीक के लिए पहचाना जाता है। यह महत्वपूर्ण सफलता एनएसएल की 2024 की पहले की सफलताओं पर आधारित है। 21 जुलाई 2024 को, कंपनी ने अपने ब्लास्ट फर्नेस से 1.5 मिलियन टन हॉट मेटल का उत्पादन किया, और 11 अगस्त 2024 को, उसने स्टील मेकिंग शॉप (एसएमएस) से 1 मिलियन टन लिक्विड स्टील का उत्पादन किया। इन दोनों मील के पत्थरों को उत्पादन की शुरुआत के एक साल से भी कम समय में हासिल किया गया, जो उद्योग जगत में नए मानक स्थापित करते हैं। ये उपलब्धियां एनएसएल की परिचालन उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। कंपनी दक्षता, स्थिरता और तकनीकी प्रगति के साथ इस्पात निर्माण क्षेत्र में एक लीडर बनने की दिशा में प्रयासरत है। यह अत्याधुनिक 3 एमटीपीए इस्पात संयंत्र, जिसमें 22,900 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, भारत के सबसे चौड़े हॉट स्ट्रिप मिल्स में से एक को सम्मिलित करता है, जो 900 मिमी से 1650 मिमी चौड़ाई और 1 मिमी से 16 मिमी मोटाई में एचआर कॉइल को रोल करने में सक्षम है। एनएमडीसी और एनएसएल के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) अमिताभ मुखर्जी ने इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए बेहद गर्व हो रहा है कि एनएसएल ने अपने उत्पादन यात्रा में इतनी जल्दी इस महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। निर्धारित समय से पहले 1 मिलियन टन हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) का उत्पादन करना हमारी पूरी टीम की समर्पण, विशेषज्ञता और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल पीएसयू क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करती है, बल्कि यह उद्योग मानकों के खिलाफ भी मजबूती से खड़ी होती है। हम इस गति को बनाए रखने और गुणवत्ता और दक्षता के साथ नेतृत्व करते रहने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# देवरानी बनाम जेठानी का ड्रामा तेज हो गया है

## कलर्स के नए शो, 'सुमन इंदौरी' में अशनूर कौर और अनीता हसनंदानी के बीच होगा टकराव




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मौजूदा बदलती दुनिया में, जेठानी ने नई सास की भूमिका ले ली है। कलर्स के नवीनतम शो, 'सुमन इंदौरी' ने इस कन्टेम्पररी ड्रामा में जान फूंक दी है। यह शो देवरानी-जेठानी के पारंपरिक टकराव में स्ट्रीट-स्मार्ट फ्लेवर को भी शामिल कर रहा है, जिसका उद्देश्य युवा दर्शकों को भी आकर्षित करना है। मध्य प्रदेश के प्रमुख नगर इंदौर में स्थापित, यह कहानी एक नेकदिल लड़की सुमन के इर्द-गिर्द घूमती है। सुमन को अनिच्छा से शहर के एक बाहुबली परिवार के चतुर राजनेता तीर्थ से शादी करनी पड़ती है, जिसके बाद उसे एक बहू के रूप में अपनी नई भूमिका निभानी होगी। लेकिन ससुराल में उसका सामना अपनी दबंग जेठानी देविका से होगा, जो परिवार की मुखिया बनना चाहती है और सुमन को अपने पारिवारिक विरासत के लिए खतरा मानती है। उत्साही सुमन के रूप में अश्नूर कौर, चालाक राजनेता तीर्थ के रूप में ज़ैन इमाम, और दबंग देविका के रूप में अनीता हसनंदानी अभिनीत, 'सुमन इंदौरी' भावनाओं, सत्ता संघर्ष और पारिवारिक टकरावों का दिलचस्प मिश्रण पेश करने का वादा करता है, जो 'देवरानी-जेठानी' के अनूठे रिश्ते पर एक नया दृष्टिकोण पेश करता है। सुमन का किरदार निभाने को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, अश्नूर कौर ने कहा, मैं दर्शकों के समक्ष 'सुमन इंदौरी' को पेश करते हुए बहुत खुश हूं।

# मोटोरोला ने मोटो जी45 5-जी लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड ने मोटो जी45 5जी के लॉन्च की घोषणा की। मोटो जी45 5जी ने अपने दमदार Snapdragon Gen 3 प्रोसेसर के साथ भारत में किफायती 5जी स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है, जो बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए VoN के अलावा इस सेगमेंट के सबसे ज़्यादा 13 5जी बैंड्स के साथ बेहतरीन परफॉरमेंस देता है। अल्ट्रा-प्रीमियम डिजाइन वाले मोटो जी45 5जी का लुक शानदार है, जिसे जी-सीरीज के स्मार्टफोन में पहली बार 3 खूबसूरत पैन्टोन क्यूरेटेड कलर वेरिएंट तथा वीगन लेदर फ़िनिश के साथ पेश किया गया है। साथ ही यह इस सेगमेंट में सबसे पतला और सबसे हल्का डिवाइस भी है। यह स्मार्टफोन कई बेमिसाल और इस सेगमेंट में सबसे शानदार फीचर्स की पेशकश करता है, जिनमें 16एमपी के सेल्फी कैमरे के साथ 50एमपी Quad Pi&el कैमरा, Gorilla® Glass 3 प्रोटेक्शन के साथ 120एच5 6.5 का डिस्प्ले, और Dolby Atmos® के साथ डुअल स्टीरियो स्पीकर शामिल है। इसके अलावा, इसमें स्मार्ट कनेक्टट्ट, मोटो सिक्योर, फैमिली स्पेसेस, मोटो अनप्लग्ड जैसे कई उम्दा सॉफ्टवेयर फीचर्स भी मौजूद हैं, जो इसे अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन में से एक बनाते हैं।

# ओला इलेक्ट्रिक ने बाजार में अपनी स्थिति मजबूत की, इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल लॉन्च की



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत को विश्व का इलेक्ट्रिक वाहन और नया ऊर्जा केंद्र बनाने के उद्देश्य से ओला इलेक्ट्रिक ने इलेक्ट्रिक वाहन और एनर्जी वर्टिकल्स में अपने नए उत्पादों और भविष्य के रोडमैप की घोषणा की। रोडस्टर, रोडस्टर एक्स और रोडस्टर प्रो के लॉन्च के साथ कंपनी ने आज इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल के सेगमेंट में प्रवेश किया और वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही से अपने वाहनों में अपने खुद के सेल लाने की घोषणा की। कंपनी ने 15 अगस्त, 2024 को कृष्णागिरी, तमिल नाडु की फ्यूचर फैक्ट्री में ओला की वार्षिक लॉन्च ईवेंट- संकल्प 2024 में स्वदेशी विकसित भारत 4680 सेल और बैटरी पैक तथा मूवओएस 5 का प्रदर्शन भी किया। इस कार्यक्रम में ओला इलेक्ट्रिक के फाउंडर एवं सीएमडी, भाविश अग्रवाल ने कहा, भारत में टूव्हीलर के दो तिहाई हिस्से पर मोटरसाईकल का कब्जा है, और इस सेगमेंट में ओला के प्रवेश के साथ भारत के टूव्हीलर उद्योग में इलेक्ट्रिक वाहनों का हिस्सा तेजी से बढ़ेगा। हमने स्कूटर सेगमेंट में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में सफलतापूर्वक तेजी लाई, और अब अपने भविष्य के मोटरसाईकल पोर्टफोलियो के साथ हम इलेक्ट्रिक

# रियलमी ने 13 सीरीज़ 5जी स्पीड ट्रायो का अनावरण किया: 29 अगस्त, को शुरू होगी अतुलनीय स्पीड




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय ब्रांड, रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज़ में रियलमी 13 सीरीज़ 5जी का लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन उद्योग में अब तक की सबसे तेज स्पीड प्रदान करेगा। इसमें डायमेंसिटी 7300 एनर्जी 5जी चिपसेट, 80 वॉट के अल्ट्रा चार्ज और 256जीबी डायनामिक रैम एक्सपैंशन + 256जीबी रोम के साथ शक्तिशाली स्पीड का कॉम्बिनेशन है। रियलमी 13 सीरीज़ 5जी का लॉन्च 29 अगस्त, 2024 को दोपहर 12 बजे होगा। इस नई सीरीज़ में यह मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 एनर्जी 5जी चिपसेट के साथ पहला स्मार्टफोन है। यह एडवांस्ड 4एनएम प्रोसेस टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जो सुगम मल्टीटास्किंग और गेमिंग के अनुभव के लिए बेहतरीन पॉवर एवं एफिशियंसी प्रदान करता है। पिछले मॉडलों के मुकाबले यह चिपसेट 30 प्रतिशत ज्यादा एनर्जी एफिशियंसी प्रदान करती है। इस स्मार्टफोन में दमदार परफॉर्मेंस और कम से कम पॉवर कंज़ंप्शन के साथ स्थिर और सुगम हाई-फ्रेम-रेट गेमिंग प्राप्त होती है। इसमें बेहतरीन मैमोरी कॉन्फिगुरेशन के साथ डायमेंसिटी चिपसेट दिया गया है।

# काइलैक: स्कोडा ऑटो इंडिया लेकर आया है ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अब तक का सबसे बड़ा लॉन्चः स्कोडा ऑटो इंडिया ने एक नई कॉम्पैक्ट एसयूवी के नाम की घोषणा की है, जो इसके नेशनल 'नेम योर स्कोडा' कैम्पेन के जरिए नामित अपनी तरह की पहली एसयूवी है। राष्ट्रव्यापी भागीदारीः इस नामकरण अभियान के तहत 200,000 से अधिक प्रविष्टिया प्राप्त हुई, जिसके परिणामस्वरूप एक ऐसे नाम का चयन हुआ जो स्कोडा के पारंपरिक आईसीयु एसयूवी नामकरण के अनुरूप है और 'के' से शुरू होकर 'क्त' पर समाप्त होता है। भागीदारी के लिए पुरस्कारः 10 फाइनलिस्टों में से सबसे लोकप्रिय नाम को पहला स्थान मिला है। इसमें ग्रैंड पुरस्कार विजेता को 2025 में प्रोडक्शन लाइन से निकलने वाला पहला वाहन मिलेगा, 10 दूसरे प्रतिभागियों को प्राग घूमने का खास मौका मिलेगा। स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए आज का दिन एक बड़ी उपलब्धि वाला दिन है क्योंकि कंपनी अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के साथ भारत में एक नए युग की ओर कदम बढ़ा रही है। फरवरी में घोषित और इसके डिजाइन के हाल ही में जारी किए गए टीज़र के बाद, इस वाहन का नाम एक राष्ट्रव्यापी कैम्पेन के जरिए रखा गया है। हजारों लोगों की पसंद को दर्शाते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया की नई कॉम्पैक्ट एसयूवी का नाम काइलैक होगा, और यह अपने भावी ड्राइवर्स के साथ अनूठा संबंध स्थापित करेगी।

# भारत की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर ने अपने नए वीडियो में सेगमेंट के पहले 'इनफिनिटी व्यू ग्लास रूफ' को किया प्रदर्शित

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एक नए वीडियो में अपने बहु-प्रतीक्षित वाहन - एमजी विंडसर- भारत की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटीलिटी व्हीकल (सीयूवी), के 'इनफिनिटी ग्लास रूफ' को प्रदर्शित किया। इस इन्नोवेशन में एक शानदार डिजाइन है, जो कार के आलीशान केबिन के साथ आउटडोर वातावरण को उत्कृष्ट बनाता है, जिससे वाहन में बैठने वालों को एक पैनोरैमिक और प्रभावी ड्राइविंग अनुभव मिलता है। इस एक्सपैनसिव ग्लास रूफ के साथ, एमजी विंडसर को खरीदने वाले बाहरी वातावरण, चाहे फिर शहरी लैंडस्कैप हो या मनोरम पर्यटन स्थल, के साथ एक निर्बाध कनेक्शन का आनंद उठा सकेंगे। अपनी तरह का यह अनूठा फीचर न केवल एक लग्जरी टच प्रदान करता है, बल्कि स्पेस की भावना को भी बेहतर बनाता है, जिसके परिणामस्वरूप एडवांस्ड केबिन के भीरत एक हवादार एहसास महसूस होता है, जिससे हर यात्रा और अधिक आनंददायक बन जाती है। इनफिनिटी व्यू ग्लास रूफ विंडसर के सुरुचिपूर्ण डिजाइन में चार चांद लगाता है, जो इसे उन भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है, जो प्रीमियम स्टाइल और कम्फर्ट दोनों को पसंद करते हैं। यह टीजर सीयूवी के सेगमेंट-फर्स्ट एयरो-लाउंज सीटों के हालिया खुलासा करने के बाद आया है, जिसने पहले ही कम्फर्ट और लग्जरी के लिए नए मानक स्थापित कर दिए हैं।

# आईडीबीआई बैंक ने उत्सव फिक्स्ड डिपॉजिट पर ज़्यादा ब्याज दरें पेश कीं

IDBI BANK

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईडीबीआई बैंक ने सीमित अवधि की उत्सव फिक्स्ड डिपॉजिट योजना पर ज्यादा ब्याज दरें प्रदान करने की घोषणा की है। बैंक 444 दिन और 375 दिन की अवधि के लिए अब 7.85% और 7.75% प्रति वर्ष की अधिकतम ब्याज दर प्रदान कर रही है। ब्याज दरों में इस बढ़ोत्तरी ने उत्सव फिक्स्ड डिपॉजिट को बेहतर रिटर्न चाहने वाले ग्राहकों के लिए और भी ज्यादा आकर्षक बना दिया है। यह सीमित अवधि का ऑफर 30 सितंबर, 2024 तक लागू रहेगा। ग्राहक बैंक की वेबसाइट या मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन या आईडीबीआई बैंक की किसी भी शाखा में जाकर उत्सव फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। इसके अलावा, आईडीबीआई बैंक उत्सव फिक्स्ड डिपॉजिट योजना के अंतर्गत अन्य विशेष अवधियों के लिए भी बहुत आकर्षक ब्याज दरें प्रदान कर रहा है। 700-दिन की अवधि के लिए 7.70त्न प्रति वर्ष की अधिकतम ब्याज दर और 300-दिन की अवधि के लिए 7.55त्न प्रति वर्ष की ब्याज दर प्रदान की जा रही है। ब्याज दरों में इस संशोधन से ग्राहकों को उनकी वित्तीय जरूरतें पूरी करने के लिए आकर्षक निवेश विकल्प प्रदान करने की आईडीबीआई बैंक की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

# तहसील इकाई दुलदुला ने राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के छठवे स्थापना दिवस किया वृक्षारोपण



**जशपुरनगर।** राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के छठवे स्थापना दिवस के अवसर पर तहसील इकाई दुलदुला के पदाधिकारियों ने पर्यावरण जागरूकता का सन्देश देते हुए वृक्षारोपण किया। स्थापना दिवस पर प्रवीण तिर्की सहित दिलीप कुजूर, ज्ञानदास खेस, जितेंद्र प्रधान, हितेंद्र पैकरा, सुखसाय भंडारी, टीकम सिंह, विवेक ठाकुर, दिलेश्वर नारंग, प्रदीप सोनी, राजकमल भगत, फारुख, एलिस मिंज, सिल्बिनुस शशांक ने तहसील परिसर और जनपद परिसर में जामुन अमरूद पीपल, आम के पौधों का रोपण किया।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060124912291, धरमू लाल चन्द्र (ऋणी), त्रिवेणी चन्द्र (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 ₹ 2,95,266/- दो लाख पिच्यानवे हजार दो सौ छियासठ रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 2182/7 जईजईपुर नाहर, जिला जांजगीर, चम्पा, छत्तीसगढ 495690 क्षेत्रफल 1722.22 वर्ग फीट | 17-अगस्त-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060128939198, अर्जुन निराला (ऋणी), बबलू निराला (सहऋणी) | 15-अप्रैल-24 ₹ 8,31,462/- आठ लाख इकत्तीस हजार चार सौ बासठ रूपये मात्र 12-अप्रैल-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 449 6 जी 3 462 6 जी 3 पुराना खसरा नं. 449 462 6जी, वार्ड नं. 3 सुभाष चन्द्र बोस, सारंगगढ, जिला रायगढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 215.27 वर्ग गज | 17-अगस्त-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांक:** 22/08/2024
**स्थान:** छत्तीसगढ

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**, का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गारंटर 1. तहसीन अख्तर, 2. मारुफा बानो को मांग नोटिस दिनांक** 22.07.2023 **को जारी किया गया था, जिसमें सूचना में उल्लेखित बकाया राशि रू. 16,61,397.62 (रु. सोलह लाख इकसठ हजार तीन सौ सत्तान्वे और पैसे बासठ मात्र) दिनांक 21.07.2023 तक** उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का भौतिक कब्जा उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा दिनांक 14.08.2024** को ले लिया है।

उधारकर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते बकाया राशि रू. 16,61,397.62 (रु. सोलह लाख इकसठ हजार तीन सौ सत्तान्वे और पैसे बासठ मात्र) और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि डायवर्टेड आवासीय भूमि जिसका माप 30 X 55 = 1650 वर्ग फीट, खसरा नं. 1282/2 का हिस्सा, मौजा-कोहका वार्ड नं. 08, विवेकानंद नगर, आंतरिक भाग पी.एच. नंबर 14/19, आर.एन.एम.-दुर्ग-1, नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत, तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़-491001, और **चौहद्दी**: पूरब में - संतोष इंगले का प्लॉट, पश्चिम में - डी.आई. खान का प्लॉट, उत्तर में - 30 फीट का रास्ता, दक्षिण में - गोलछा का प्लॉट

**दिनांकः 14.08.2024**
**स्थानः छत्तीसगढ़**
**ऋण खाता नं. 51189410**

**हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

# जैन समाज का चक्काजाम, नपं अध्यक्ष पर एफआईआर

## नगर पंचायत अध्यक्ष के समर्थन में एसटी-एससी मोर्चा, एसटी-एससी मोर्चा की रैली दौरान विवाद से मचा बवाल





पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में एसटीएससी मोर्चा के आरक्षण मुद्दे को लेकर रैली दरम्यान समर्थन देने पहुंचे नपं अध्यक्ष के साथ एक व्यापारी के साथ विवाद हो गया। ओबीसी वर्ग के निकाय अध्यक्ष की भारत बंद की अपील दरम्यान जैन समाज के किसी एक व्यापारी के साथ विवाद के सामाजिक स्वरूप लेने से सकल जैन समाज ने उद्वेलित होकर स्टेटहाइवे में चक्काजाम कर दिया। अध्यक्ष पर कार्रवाई व रिमांड पर भेजे जाने से माजरा शांत हुआ। उल्लेखनीय है कि दिनभर में नगर में अलग अलग 5 बार चक्काजाम हुए।

चक्काजाम दरम्यान जी अनुयायियों ने मीडिया को बताता कि नगर में बुधवार को सुबह 9 बजे से एसटीएससी मोर्चा के केंद्रीय आव्हान पर नगर व अंचल के आदिवासी एवं अनुसूचित समुदाय ने संयुक्त रैली निकालकर कोटे पर कोटा आरक्षण मुद्दे पर अपनी आवाजें बुलंद की। इस दरम्यान पिछड़ावर्ग के निकाय अध्यक्ष ने भी समर्थन करते हुए रैली में शामिल हो गए। इसी दरम्यान पुराना मार्केट एरिया में रैली के साथ एसटीएससी नेताओं के साथ कुछ दुकानदारों से बंद की अपील कर रहे थे। तब एक जैन समाज के अनुयायी दुकानदार से रैली के समर्थन में बंद की अपील की, तो दुकानदार ने अपनी दुकान बंद करने मना कर दी। इससे अध्यक्ष हीरा भाई निषाद भड़क गए। जैन अनुयायियों के मुताबिक अध्यक्ष ने दुकानदार को जैन समाज के सामाजिक पर्व दरम्यान बंद का आव्हान करने पर भी मछली माँस का व्यापार जारी रखेंगे। इतने में अध्यक्ष व दुकानदार के मध्य आपस मे बहस हो गई। वहीं बहस कुछ देर में खत्म हो गया। हालांकि इस वाकये की जानकारी जैन समुदाय के वरिष्ठजनों को मिलते ही एक बहस विवाद में तब्दील हो गया। उपरांत आधे घण्टे के अंदर सकल जैन समाज स्टेटहाइवे में पहुंचकर पुतलादहन करते हुए चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम दरम्यान पुरुषों के अलावा महिलाएं व बच्चे भी शामिल हो गए थे। समाज ने एक स्वर में अध्यक्ष को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग करते हुए 3 घण्टे तक नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस व प्रशासन को भी कोसते हुए मुदार्बाद के नारे लगे। अंततः दोपहर में पुलिस विभाग द्वारा अध्यक्ष को तलब किये जाने पर अध्यक्ष को उनके पार्टी के एक कार्यकर्ता थाने लेकर पहुंचे।

### गैरजमानतीय धाराओं में कार्रवाई

आखिरकार अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ग़ैरजमानतीय धाराओं के तहत कार्रवाई की है। खबर लिखे जाने तक देर शाम को अंततः अध्यक्ष के खिलाफ सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने व शांति भंग करने संबंधी नए कानून बीएनएस 2023 अंतर्गत धारा 302, 299 व 196 के तहत अपराध कायम कर जिला न्यायालय में पेश किया। हालांकि देर शाम बेल मिल जाने की भी खबर वायरल हो गई थी।

### एसटीएससी मोर्चा का अध्यक्ष को समर्थन

एसटीएससी मोर्चा के आरक्षण मुद्दे पर रैली दरम्यान अध्यक्ष हीरा निषाद ने शामिल होकर बंद का समर्थन किया था। इसी के मद्देनजर अध्यक्ष पर कार्रवाई कर धारा लगाने से एसटीएससी मोर्चा कार्रवाई का विरोध करते हुए अध्यक्ष के समर्थन में उतर आए हैं। पुलिस थाना में नारेबाजी के बाद एसटीएससी मोर्चा के अनुयायियों ने स्टेटहाइवे में आंशिक चक्काजाम भी किया। कल नए सिरे से पुलिस थाना पहुंचने की बात कही गई है।

# अंडर-19 क्रिकेट ट्रॉयल 23 अगस्त को

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा जारी सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न आयु वर्ग की चयन प्रक्रिया की तिथियों के तहत जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगाँव द्वारा जिले की टीम (अंडर-19) के गठन हेतु आगामी 23/08/2024 शुक्रवार को चयन प्रक्रिया का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में किया जायेगा। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। अंडर 19 आयु वर्ग के लिए आयु सीमा 01 सितम्बर 2006 या उसके बाद जन्म हुआ हो निर्धारित की गई है। चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु खिलाड़ियों का ऑनलाईन पंजीयन आवश्यक है। जिन खिलाड़ियों का पंजीयन नही हुआ है, वे ट्रॉयल दिनांक को आवश्यक दस्तावेज (पिछले 6 वर्षों की अंक सूची, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सभी की मूल प्रति व 1 पासपोर्ट साईज फोटो) के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराकर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकता है।

उक्त चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकताओं द्वारा किया जायेगा। बताया गया कि आगामी क्रिकेट सत्र के लिए विभिन्न आयु वर्गो की चयन प्रक्रिया सत्र शुरू होने के पहले आयोजित की जा रही है, ताकि विभिन्न आयु वर्ग (अंडर-14, 16 व अंडर-19) के खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारिकियां सिखने व फिटनेस हेतु प्राप्त समय मिल सके। उक्त आयोजित चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर सघन प्रशिक्षण शिविर लगाया जावेगा। शिविर के दौरान आयोजित अभ्यास मैचों में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर जिले के टीम (अंडर-19) का गठन किया जावेगा। जो छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आगामी सत्र में आयोजित अंतर जिला क्रिकेट टुनार्मेंट में भाग लेंगे। उक्त चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु खिलाड़ियों को स्वयं की क्रिकेट कीट व सफेद ड्रेस के साथ आना होगा, आवश्यक दस्तावेजों के साथ न आने पर खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा। ट्रॉयल दिनांक को खराब मौसम होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया संबंधित जानकारी मो. 9399645345 पर ली जा सकती है, ताकि खिलाड़ियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# चौपाटी से ओपन जिम के उपकरण उखाड़े यहां मॉडल शौचालय बना रहा निगम

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





रानीसागर किनारे चौपाटी में मॉडल शौचालय निर्माण का खुला विरोध हो रहा है। यहां निगम ने ओपन जिम की सामग्री हटाकर वहां शौचालय का निर्माण शुरु किया है। सुबह यहां सेहत बनाने के लिए जुटने वाले लोगों को ये नागवार गुजरा है। इस मामले में नागरिकों ने अभियान चलाकर सौ से अधिक लोगों के हस्ताक्षर वाला लिखित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है और निर्माण को लेकर आपत्ति जताई है।

इस मामले में कांग्रेसी नेता और पार्षदों ने भी आपत्ति की है। पूर्व पार्षद अशोक फड़नवीस ने बताया कि, हमें जानकारी मिलते ही इसका विरोध किया है। निगम द्वारा किया जा रहा ये निर्माण अनुचित है। यहां आसपास और भी स्थान हैं जहां शौचालय बनाया जा सकता है। लेकिन इसे दरकिनार करते हुए यहां ओपन जिम को हटाकर निर्माण किया जा रहा है। रोज सुबह यहां सभी उम्र वर्ग के लोग यहां जुटते हैं। उन्होंने इसे शासन के पैसों का दुरुपयोग करार दिया है।

इधर, राजीव गांधी वार्ड के पार्षद ऋषि शास्त्री ने भी इस निर्माण का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि, नागरिकों को सेहमतमंद माहौल देने के लिए तैयार किए गए क्षेत्र में शौचालय का निर्माण व्यवहारिक ही नहीं है। निगम प्रशासन की इस सोच से सभी वर्ग के लोगों में रोष है। इस निर्माण का तत्काल बंद किए जाने की मांग पार्षद ने की है।

जानकारी के मुताबिक पूर्व में मॉडल शौचालय के लिए जगह भी चयनित किया गया था, 28 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य होना था, लेकिन निर्माण से ठीक पहले जगह को बदलकर चौपाटी में काम शुरू कर दिया गया। ओपन जिम होने के कारण यहां कई अच्छे उपकरण हैं। जिसमें लोग सेहत बनाने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं। लोगों को सेहत बनाने के लिए यहां का माहौल अनुकूल लगता है। खुले माहौल में एक्सरसाईज करने के अलावा योग और अन्य तरीके से सुबह और शाम के वक्त में सैकड़ों की तादाद में लोगों की मौजूदगी रहती है।

# 7 दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर उदयाचल में

**राजनांदगांव।** समाजसेवी संस्था उदयाचल महिला मंडल द्वारा बालाघाट, महासमुंद, बागबाहरा, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा की आपार सफलता के बाद जनता की मांग पर अब अपने शहर राजनांदगांव में 7 दिवसीय एक्युप्रेशर शिविर जोधपुर के प्रसिद्ध एक्युप्रेशर विशेषज्ञों द्वारा राजनांदगांव के उदयाचल परिसर में 29 अगस्त से 04 सितम्बर 2024 तक 7 दिवसीय एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जोड़ों का दर्द, सिर दर्द, हार्ट, बीपी, लकवा, बवासीर आदि समस्त प्रकार का इलाज बिना दवाई के एक्यूप्रेशर द्वारा किया जावेगा। रजिस्ट्रेशन उदयाचल रूम नं. 10 नेत्र चिकित्सालय में किया जा रहा है। 7 दिनों का फीस मात्र 100/- रखा गया है। सीमित लोगों की जांच व्यवस्था होने के कारण अग्रिम पंजीयन अवश्य करायें ताकि होने वाली असुविधा से बचा जा सके। उक्त जानकारी उदयाचल प्रचार प्रसार प्रभारी ने दी है।

# राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना मार्च निकाला, श्रद्धांजलि अर्पित की

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने के पश्चात राजीव फैंस क्लब के बैनर तले सुबह स्कूली बच्चों के साथ सद्भावना मार्च ने शहर भ्रमण किया। इसके साथ ही गांधी सभा गृह में स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शहर के 15 स्कूलों ने हिस्सा लिया। जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 21वीं सदी के उन्नत भारत के लिए सूचना प्रोद्योगिकी क्रांति के स्वप्नदृष्टा राजीव गांधी को नमन किया गया। राजीव फैंस क्लब के संरक्षक व कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने बताया कि, प्रति वर्ष राजीव गांधी जी की जयंती पर यह आयोजन किया जाता रहा है। मंगलवार की सुबह म्यूनिसपल स्कूल में सभी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों और त्याग पर संबोधित किया गया। इसके बाद यहां से सद्भावना मार्च निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल थे। शहर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए मार्च वापस यहीं पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके कुछ ही देर बाद गांधी सभा गृह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।




सांस्कृतिक कार्यक्रम में 15 स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। गीत गायन और देशभक्ति की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में नौनिहालों ने विभिन्न माध्यमों से भारत की अद्भुत छवि प्रस्तुत की। नृत्य में नीरज पब्लिक स्कूल को प्रथम पुरुस्कार मिला। दूसरा स्थान अजीज इंग्लिश मीडियम स्कूल और तीसरा स्थान गायत्री पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ। इसी तरह गीत में प्रथम नीरज पब्लिक स्कूल, दूसरा अजीज स्कूल और गायत्री विद्या पीठ को तीसरा स्थान मिला। इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने राजीव फंस क्लब के आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, कई वर्षों की परम्परा का निर्वाह किया जाना एक बेहतर प्रयास को इंगित करता है।

इकरामुद्दीन सोलंकी ने कहा, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की स्मृतियाँ को लेकर कहा कि असमय उनके निधन से राष्ट्र को तब जो अपूरणीय क्षति हुई उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकी। किशन खंडेलवाल ने इस दौरान सम्बोधित करते हुए कहा कि, राजीव जी में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने तब की कई चुनौती का विवेकपूर्ण तरीके से जैसा सामना किया और देश को नई ऊंचाइयों पर ले गए वह अविस्मरणीय है। विजेताओं को वरिष्ठ नागरिक श्रीकिशन खंडेलवाल व रोहिणी जितेंद्र मुदलियार द्वारा पुरुस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर रोहणी मुदलियार ने नौनीहालों की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने राजीव गाँधी को लेकर कहा कि देश उनका सदा आभारी रहेगा। आज आमजनों के हाथों में जो मोबाइल, कंप्यूटर है वह उनकी ही दूरदर्शिता का परिणाम है। उन्होंने विश्व पटल पर भारत की नेतृत्व क्षमता साबित की। उनका जीवन त्याग के कई उदाहरणों से परिपूर्ण रहा। उनकी जयंती पर न सिर्फ उन्हें याद किया जाना चाहिए बल्कि उनसे प्रेरणा लेकर देश के लिए अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प भी लिया जाना चाहिए।

## पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस को स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बनाने के लिए दिए निर्देश

# घूमंतु पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए टीम बनाकर करें कार्य : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सजगता रखने की आवश्यकता है। डीजे के कारण ध्वनि प्रदूषण होने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घूमंतु पशुओं के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए टीम बनाकर मानिटरिंग का कार्य करें तथा चिन्हांकित क्षेत्रों में मवेशियों को हटाने के लिए कार्य करें। उच्च न्यायालय के निदेर्शों का पालन करते हुए इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए तथा लोगों की जान बचाने के लिए सुरक्षात्मक प्रयास जरूरी है। नेशनल हाईवे में और मेहनत करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन ग्रामों में टंकी का निर्माण अप्रारंभ है, वहां गति लाएं और कार्य को समय पर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि क्रेडा विभाग को ऐसे ठेकेदार जो समय पर कार्य नहीं कर रहे है, उनका टेंडर निरस्त करने के निर्देश दिए तथा शीघ्र नया टेंडर जारी करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग के प्रकरणों के निराकरण में गति लाएं। भू-अर्जन के रिकार्ड दुरूस्तीकरण का कार्य महत्वपूर्ण है, इसे ध्यान देते हुए पूर्ण करें। लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग स्कूलों के




जीर्णोद्धार व मरम्मत योग्य तथा डिस्मेंटल भवनों के संबंध में जानकारी भेजे, ताकि ऐसे स्कूलों के जीर्णोद्धार के कार्य के लिए प्रस्ताव बना सकें। सभी निर्माण विभाग निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लिए निर्माण के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा आधार कार्ड में मोबाईल नंबर अपडेट नहीं होने की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिक स्वयं पंजीयन कर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके संबंध में प्रशिक्षण दें तथा सूचना के माध्यम से प्रचार-प्रसार करें। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने उक्त बातें कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, पीजी पोर्टल, जन-शिकायत, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर से कहा कि ई-केवाईसी में विलंब होने तथा अन्य कारणों से किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि मिलने में दिक्कत आ रही है। इस समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करें।

**रानी-बूढ़ा सागर की सफाई के निर्देश** - कलेक्टर ने परिक्रमा पथ, रिंग रोड का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए तथा इंडोर मल्टीपर्पज स्टेडियम के निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने खरखरा डैम एवं मोंगरा जलाशय से पानी की सतत आपूर्ति के संबंध में चर्चा की तथा अधिकारियों से कहा कि जल की आपूर्ति बाधित नहीं हो इसके लिए इसके लिए विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने रानी तालाब एवं बुढ़ातालाब की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। नगरीय निकाय निर्वाचन परिसीमन, गिरदावरी, प्रधानमंत्री आवास योजना, रोड सेफ्टी, प्लास्टिक वेस्ट मैरेजमेंट, ओडीएफ सहित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में समीक्षा की।

**ग्राम सभाएं आयोजित होंगी-** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री आवास संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। जिसे सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने स्वच्छता त्यौहार में सभी अधिकारियों को शामिल होने के लिए कहा जिससे एक अच्छा प्रभाव एवं जागरूकता जनसामान्य में आएगी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा प्रारंभ हो रहे हैं।

# निर्माण एजेंसियों को मिली स्वीकृति और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर स्वीकृति, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मनरेगा, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, जिला खनिज न्यास से संपादित होने वाले पूर्व एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के समस्त स्वीकृत कार्यों के प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूल जतन योजना के तहत विभिन्न मदों में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा करें। उन्होंने समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को अध्ययन के लिए जितने बेहतर सुविधा हो सकती है, उन्हें उपलब्ध कराएं। इसके तहत छोटे-छोटे विभिन्न कार्य जैसे दिवाल निर्माण, फर्श निर्माण और अन्य कार्य स्वीकृत किए गए हैं, उन्हें तत्काल पूरा करें, इन सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करें। इसके अलावा विद्यालयों में रिनोवेशन से संबंधित किसी भी प्रकार के कार्यों को उनके प्राकलन तत्काल तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करें। बैठक में समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में शौचालय मरम्मत, फ्लोरिंग के कार्य एवं अन्य कार्यों को स्वीकृत किया गया है, इन कार्यों को समय पर पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि मार्च 2023 तक जितने भी कार्य स्वीकृत किए गए हैं और प्रगतिरत है, उन्हें हर हालत में पूरा कर लिया जाए। इस दौरान अग्रवाल ने निर्माण एजेंसियों से कहा कि वे कार्यों के प्रस्ताव बनाकर भेजते समय मौके पर पहुंचकर उनके प्राक्लन तैयार करें।

# संजय रामचंद्र ने किया सरकारी अस्पताल का निरीक्षण, अस्पताल की बंद पड़ी लिफ्ट होगी चालू

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विगत दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ति में जीवनदीप समिति में सदस्यों की नियुक्ति की गई है,तथा इसी श्रृंखला में शक्ति के पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय रामचंद्र को जीवनदीप समिति का सदस्य बनाया गया है, एवं संजय रामचंद्र ने सदस्य की जिम्मेदारी मिलने के बाद सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शक्ति के सरकारी अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं एवं व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में पहल करते हुए 20 अगस्त को अस्पताल पहुंच कर वहां निरीक्षण किया, तथा वहां उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ति में भर्ती मरीजों का हाल चाल जान डिलीवरी माताओं से उनके परिवार के साथ जाकर नवजात शिशुओं का हाल चाल जाना, एवं सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और लगातर सफाई के निर्देश दिए, तथा सफाई व्यवस्था बढ़ाने के लिए मुख्य नगर पालिका सक्ति संजय सिंह से बात कर अतिरिक्त कर्मचारी देने का अनुरोध किया, जिस पर सीएमओ सक्ति द्वारा स्वीकृति दी गई। एमबीएससी कक्ष में नवजात शिशुओं की वजन मशीन जांचकर संपूर्ण जानकारी ली गई। जिसमे 3 में से 2 मशीन चालू हालत में पाई गई। हॉस्पिटल में कोई असामाजिक तत्व ना आ पाए तथा अनावश्यक भीड़ से बचने के लिए 2 गार्ड की आवश्यकता महसूस की गई जिसे एसडीओपी सक्ति मनीष कंवर से निवेदन कर बीएमओ डॉ. सूरज राठौर को तत्काल पुलिस अधीक्षक सक्ति को पत्र लिख कर अनुरोध करने कहा गया। संजय रामचंद्र ने अस्पताल के वार्ड में जाकर मरीजों का हाल चाल जानते हुए मरीजों को दिए जानें वाले भोजन नाश्ता की जांच की,पैथो लेब तथा ब्लड बैंक की विस्तृत समीक्षा कर ब्लड चढ़ाने संबंधित डाटा एवम विस्तृत जानकारी ली गई, जिससे मरीजों को सुविधा दी जा सके तथा बंद पड़ी पैथो मशीन की जानकारी जीवन दीप समिती के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी सोम जी को दी गई। जिससे संपूर्ण खून के नमूने में ही जांच की जा सके। मरीजों के वाहन एम्बुलेंस की जानाकारी वाहन प्रभारी थवाईत जी से ली गई, जिन्होंने 4 एम्बुलेंस वाहन चालू हालत में बताया गया, जिनका किराया 15 रुपये प्रति किलोमीटर लेना बताया गया, हॉस्पिटल में 3 मंजिल तक जानें के लिफ्ट की व्यवस्था है, जो आज तक ना तो चालू की गई है, ना ही आमजन को इससे बारे में अभी तक इसकी जानाकारी है, इसको भी अधिकारियों को अवगत करा कर लिफ्ट चालू कराने आवश्यक पहल की चर्चा बीएमओ राठौर से की गई, रामचंद्र के द्वारा बीएमओ राठौर को कहा गया कि ड्यूटी में रहने वाले डॉक्टरों की सूचि पट्टिका में लगाई जाये, ताकि प्रत्येक दिन 24 घंटे की ड्यूटी आमजन को जानाकारी हो सके और मरीजों को भटकना ना पड़े,अव्यवस्थित पार्किंग के लिए भी बीएमओ राठौर से चर्चा की गई, हॉस्पिटल निरीक्षण के दौरान बीएमओ राठौर के निर्देश पर जीवन दीप प्रभारी रामगोपाल थवाईत साथ में रहे, बाद में बीएमओ राठौर से मोबाइल पर आवश्यक चर्चा कर अस्पताल को और सुचारू रूप से दुरूस्त करने की पहल करने संजय रामचंद्र के द्वारा की सरकारी अस्पताल के निरीक्षण के बाद जीवनदीप समिति के सदस्य संजय रामचंद्र ने एक भेंटवार्ता में बताया कि सक्ति के वर्षो पुराने शासकीय अस्पताल को एक आदर्श अस्पताल की ओर ले जानें का लक्ष्य ही भाजपा की विष्णु देव सराकार और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित जीवन दीप समिती के सदस्यों का है, ताकी आम जनों को और अच्छे से स्वास्थ सुविधा सुलभ कराई जा सके।

# संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में बेलबहरा हायर सेकेंडरी के बच्चों ने लहराया परचम

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






अंबिकापुर के अभिरुचि केंद्र में आयोजित अगस्त 2024 को संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में बेलबहरा हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 14 वर्ष 17 वर्ष और 19 वर्ष की आयु वर्ग में आयोजित की गई थी, जिसमें हायर सेकेंडरी बेलबहरा के ग्रामीण अंचल से आने वाले छात्रों ने अपना परचम लहराते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर अपने विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया इससे विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। व्याख्याता सुषमा टोप्पो एवं व्याख्याता मंजू बघेल के कुशल मार्गदर्शन में अंडर-19 में कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान की छात्रा अमृता रवि एवं अंडर 17में कक्षा ग्यारहवीं के भरत तथा कक्षा नवमी के छात्र कमलेश चयनित हुए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के प्राचार्य द्वारा बच्चों और अभिभावाहों को बधाई देते हुए उन्हें आगामी 28 अगस्त को दुर्ग में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा क्योंकि मेहनत और अधिक प्रयास से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है और राष्ट्रीय स्तर पर भी चयनित होने के लिए शुभकामनाएं भी दी पूर्व में भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बाल विज्ञान नाटिका 2024 प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिन छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था उन्हें 15 अगस्त 2024 को आजादी के 78वीं वर्षगांठ पर इन छात्रों को संस्था प्रमुख बलराज पाल एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा एवं वर्तमान सरपंच परमेश्वर सिंह एवं भूतपूर्व सरपंच प्रभा सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी में प्रथम द्वितीय प्राप्त करने वाले छात्रों को भी प्रतिभा सम्मान देकर प्राचार्य के द्वारा सम्मानित किया गया वार्षिक परीक्षा परिणाम 2023 - 24 में हाई स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा अंजलि साहू 82.5 प्रतिशत कक्षा 12वीं कॉमर्स ग्रुप के सनी राम प्रथम 12वीं साइंस ग्रुप से द्वितीय स्थान प्रिया रजवाड़े एवं कक्षा 12वीं की ही निधि को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# महामाया मंदिर में सावन की पूर्णिमा में हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




सावन पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां महामाया मंदिर सक्ति में रामायण के सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया, एवं राखी बंधन के पवित्र त्योहार की शुभकामनाए देते हुए मानव कल्याण की मंगल कामना की गई, सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र सोनी ने बताया की रक्षाबंधन होने के बाद भी मां महामाया दाई की असीम अनुकंपा से पूर्व की तरह समय से सुंदरकांड का पाठ की शुरूआत हुई, वही समय पर संध्याकालीन आरती भी की गई, इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ अच्छी रही, अमावास एवम पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुंदरकांड के पाठ के पश्चात राम दरबार की आरती, फिर मां की आरती सामूहिक रूप से सभी दर्शनार्थियों, भक्तो द्वारा की गई, माता को भोग लगे प्रसाद का वितरण किया गया, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में माता रानी के भक्तो में प्रमुख पुजारी गजराज सिंह, रमैया सिदार, गोपाल अग्रवाल, संतोष देवांगन, आत्माराम, प्रहलाद अग्रवाल, अनुसुइया जयसवाल, कुमारी बाई सिदार, मन्नू देवांगन, कुंगल गुरूजी, राधेश्याम दूज राम, हेमचंद, धन्नू देवांगन, सहोद्रा यादव, रूपेश यादव, नरेंद्र जायसवाल का सराहनीय योगदान रहा।

# सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों को नोटिस हुआ जारी





उमा राजेन्द्र राठौर ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

लछनपुर के राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर शासकीय जमीन को बैचने का आरोप

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com

राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर शासकीय जमीन में अवैध प्लाटिंग कर उसे टुकड़े में बैचने का शिकायत जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सदस्य एवं भाजपा नेत्री उमा राठौर ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। अपने शिकायत में राठौर ने बताया कि चाम्पा के समीपस्थ ग्राम लछनपुर के निवासियों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि मेसर्स नारायणी डेव्हलपर्स सहभागीदार, महेश कुमार मोदी पिता निवास मोदी, कंवलजीत कौर सलूजा पति अमरजीत सिंह सलूजा, आनंद सोनी पिता [illegible]मोहन सोनी, दीपक कुमार अग्रवाल [illegible] अग्रवाल द्वारा ग्राम लछनपुर [illegible] तहसील जांजगीर, मिसल नक्शा में दर्ज शासकीय सड़क खसरा नंबर 1083, 1087, 1084/4 रकबा क्रमशः 0.61, 0.92 एवं 3.25 एकड़ भूमि स्थित है को राजस्व अभिलेख में हेरफेर कर अवैध प्लाटिंग कर भूमि का टुकड़ों में विक्रय कर मोटी रकम प्राप्त कर रहे है तथा खरीद-फरोक का धंधा भी किया जा रहा है एवं उक्त शासकीय भूमि को अवैधानिक रूप से निजी भूमि के रूप में विलय कर लिया गया है एवं शासन को करोड़ों की क्षति पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर द्वारा विगत 24 मई 2024 को माननीय नायब तहसीलदार जांजगीर के न्यायालय में भी उक्त ग्राम लछनपुर स्थित भूमि के अवैध रूप से खरीद-फरोत व प्लाटिंग किये जाने के संबंध में दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत की है जिसमें न्यायालय द्वारा 14 जून 2024 को महेश कुमार मोदी, कंवलजीत कौर, दीपक कुमार अग्रवाल एवं आनंद सोनी के विरुद्ध स्थगन आदेश जारी कर बिक्री रुकवाई गई है। न्यायालय द्वारा हल्का पटवारी लछनपुर से जाँच प्रतिवेदन भी उक्त भूमि के संबंध में मंगाया गया द्वारा हल्का पटवारी द्वारा स्पष्ट रूप से प्रतिवेदित किया है कि भूमि खसरा नंबर है। जिसमें हल्का 1.315 हेक्टेयर मिसल में दर्ज है जिसमें 1084/4 का अतिरिक्त बटांकन होकर दर्ज है जो मिसल रकबे से 0.324 हेक्टेयर अधिक रकबा है तथा भूमि खसरा नंबर 1084/4 को शुन्य किये जाने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। भूमि खसरा नंबर 1120 1121, 1122 रकबा क्रमशः 0.020, 0.045, 0.045 हेक्टेयर भूमि पूर्व में घास भूमि उल्लेखित करते हुए भी प्रतिवेदन प्रस्तुत की है साथ ही खसरा नंबर 1087 रकबा 0.373 हेक्टेयर भूमि मिसल में घास भूमि (रास्ता) के रूप में दर्ज होना व्यक्त करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत न्यायालय में की गई है। अपने आवेदन में जिला पंचायत सदस्या ने बताया कि आवेदिका जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने दायित्वों का पालन करते हुए शासन, प्रशासन को इस आवेदन के माध्यम से ग्राम लछनपुर में हो रहे अवैध प्लाटिंग एवं खरीद-फरोक तथा शासकीय भूमि को भूमि स्वामी के रूप में हो रहे विलय को रोके जाने के समक्ष प्रस्तुत करती है। साथ ही तत्कालीन नायब तहसीलदार जांजगीर और पटवारी, आर आई, व उप पंजीयक जमीन की खरीदी करने वाले महेश कुमार मोदी, कंवलजीत कौर, दीपक कुमार अग्रवाल एवं आनंद सोनी और फर्जी तरीके से पर्ची बना कर बेचने वाले छोटे लाल अग्रवाल के विरुद्ध उचित दाण्डिक कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से शासकीय भूमि को किये गये स्वामी हक विलय कर राजसात किये जाने की मांग करते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है।

पायनियर लगातार

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

लछनपुर के शासकीय धरसे को निजी लाभ के लिए बिल्डर द्वारा सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा कर लिया गया है। राजस्व विभाग ने मामले को संज्ञान में लिया और मामले की जांच करवाकर बिल्डर को नोटिस जारी किया गया है। संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। आरोप है कि नारायणी बिल्डर पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण सहित शासकीय धरसा में कब्जा पाया गया है। नायब तहसीलदार जांजगीर निर्माण कार्य में स्थगन आदेश जारी करते हुए अतिक्रमण करने वाले बिल्डर को न्यायालय में जवाब पेश करने निर्देशित किया है। ग्राम पंचायत लछनपुर के बगल से निकली धरसा जो दर्रा भाटा की तरफ सड़क निकली है। उस धरसे में निजी लाभ के लिए बिल्डर द्वारा शासकीय धरसा में अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है। इसके बाद राजस्व विभाग ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच के लिए पटवारी को निर्देशित किया था जांच उपरांत पटवारी ने तहसीलदार को जांच प्रतिवेदन दिया जिसमें शासकीय जमीन पर सड़क का निर्माण करना प्रतिवेदित किया गया। जिसके आधार पर जवाब पेश करने न्यायालय में तलब किया है। इसके अलावा लछनपुर के सरकारी घास जमीन पर कई लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। लेकिन अधिकारियों के साथ साठ गांठ के चलते कब्कोजा धारियो के खिलाफ करवाई नहीं हो रही है। जिसके चलते कब्जाधारियों हौसल बुलंद है, जिसके चलते सरकारी जमीन खत्म हो रही है। तो वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं हैं।

# राजीव गांधी के जयंती के अवसर पर देश सदभावना दिवस मना रहा है

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



देश सदभावना दिवस मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, भारत के महान सपूत थे। उन्होंने करोड़ों भारतीयों में आशा की किरण जगाई और अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुंचाया। उक्ताशय के उदगार संचार क्रांति के जनक और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी के जयंती के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी खोंगापानी के द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव में व्यक्त कर रहे थे। अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी खोंगापानी और नेता प्रतिपक्ष, पार्षद वार्ड क्र.04 नगर पंचायत खोंगापानी जिला एमसीबी जगदीश मधुकर के नेतृत्व में खोंगापानी के हृदय स्थल मुख्य मार्ग राजीव गांधी चौक पर राजीव गांधी के प्रतिमा में माल्यार्पण व मोमबत्ती जला कर उपस्थित जनों ने स्व. राजीव गाँधी को श्रद्धांजली अर्पित की। नेता प्रतिपक्ष जगदीश मधुकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की आज भारत जिस विकास की राह पर अग्रसर है। उसकी नींव दूरदर्शी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने रखी थी. जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने भी उपस्थित समस्त सदस्यों को राजीव गांधी के पद चिह्नों पर चलने का आह्वान किया। कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, मैं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हमसे बहुत जल्दी छिन जाने वाले वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिनके सुधारों ने भारत को 21वीं सदी के लिए तैयार किया। अपने एक कार्यकाल में उन्होंने इस बात का उदाहरण प्रस्तुत किया कि भारत को किस तरह से विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जाना चाहिए, चाहे वह विदेश नीति हो, रक्षा हो, आर्थिक सुधार हो या लोकतंत्र को मजबूत करना हो। उनके मूल्य हमेशा हमारे कार्यों में हमारा मार्गदर्शन करेंगे और उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डा. विनय जायसवाल ने कहा कि मतदान की आयु घटाकर 18 वर्ष करना, पंचायती राज को मजबूत करना, दूरसंचार और आईटी क्रांति, कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम, निरंतर शांति समझौते, महिला सशक्तिकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और समावेशी शिक्षा पर जोर देने वाली नई शिक्षा नीति जैसे उनके कई सुखद कदम देश में परिवर्तनकारी बदलाव लाए। हम भारत रत्न राजीव गांधी को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# कांग्रेसियों ने शक्ति जिले में सरस्वती साइकिल वितरण योजना में साइकिलों की गुणवत्ता को लेकर लगाए सवाल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी कक्षा 9वी से ऊपर की छात्राओं को दी जाने वाली सरस्वती साइकिल योजना को लेकर शक्ति जिले में कांग्रेसियों ने सवालिया निशान लगा दिए हैं, कांग्रेसियों का कहना है की साइकिल की क्वालिटी अच्छी नहीं है, जिसके चलते जिले में साइकिल की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाकर अभी तक हुई आपूर्ति कर्ताओं का भुगतान रोका जाए,ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में सरस्वती सायकल योजना के तहत नवमी कक्षा के छात्राओं को साइकिल प्रदान किया जाता हैं, जिला सकती में शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों के छात्राओं को 3863 नग सायकिल वितरण किया जाना है, जो सभी स्कूलों में भेजी जा रही हैं,जिसकी लागत 1-79 करोड़ रुपये करीब है, तथा उपरोक्त साइकिल की क्वालिटी को लेकर सक्ति जिले के कांग्रेस नेताओं ने जिले के कलेक्टर को एक ज्ञापन सौपा है, जिसमें कांग्रेसियों ने बताया है कि जो सायकल छात्राओं को दिया जा रहा है, वह बेहद निम्न स्तर का है, इस सम्बंध में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत के स्थानीय शिक्षा विभाग में प्रतिनिधि रहे अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता गिरधर जायसवाल, जिला कॉग्रेस कमेटी सकती के प्रवक्ता एव पूर्व मंडी सदस्य धनेश्वर जयसवाल, सेवादल अध्यक्ष प्यारेलाल पटेल, ब्लॉक कॉग्रेस उपाध्यक्ष रामनाथ जायसवाल, सहित कॉग्रेसजनो ने जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सायकल वितरण बन्द कराने एवँ भुगतान रोकने की मांगकर आपूर्ति को निरस्त करने, सम्बंधित एजेंसी एवँ इस कार्य मे सलंग्न लोगो के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

देवी गगा लहर तुरगा जीयत जागत रहीबो भोजली

# धूमधाम से मनाया गया भोजली पर्व

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com




प्रतिवर्ष की भांति रक्षाबंधन के दूसरे दिन मां भोजली त्योहार मनाया जाता है, जिसमें नगर की महिलाएं एवं युवतियां अपने सर पर मां भोजली रखकर गांव के राम मंदिर जैजैपुर में एकत्र होते हैं। भोजली धान, गेहूं या जौ से एक नौ दिनो तक मां भोजली की आराधना किया जाता है इससे सुख, संपत्ति एवं धन धानय, समृद्धि होने का मां भौजली को मा का प्रतीक मानते हैं इससे फसल अच्छी होती है इसी को लेकर मां भोजली नौ दिनों तक पूजनीय कार्य करके राखी के दूसरे दिन पूजा पाठ बाजे गाजे के साथ करमा नृत्य के साथ गांव के सभी युवा यूतियां वृद्ध सभी तालाब में मां भौजली की विसर्जन करते हैं और एक दूसरे को सहेली( दोस्त) मानते हैं और प्रसाद का भी वितरण करते हैं। देवी देवताओं के चरणों पर मां भोजली को अर्पित करने के बाद प्रत्येक घर एवं जो भी महिला पुरुष मिले उन्हें भोजली देखकर बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है और भोजली से ही शखा सहेली भी बदे जाते है। इसी कड़ी में राम जानकी मंदिर में गांव के समस्त युतियां एवं महिलाएं अपने सर में भोजली रखकर एकत्रित होते हैं जहां पर नगर के प्रतिष्ठित नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा उपहार प्रदान किया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रथम स्थान आरती धीवर, द्वितीय स्थान रितु चंद्रा, तृतीय स्थान कुमारी चंद्रा को प्राप्त हुआ। जिसमें प्रथम स्थान में फ्रिज द्वितीय स्थान वॉशिंग मशीन एवं तृतीय स्थान वाले को एल डी टीवी प्राप्त हुए। सभी महिलाओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया। गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन, महेंद्र चंद्रा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, प्रतिष्ठित तीरिथ रामचंद्रा, सचिन सिह, अखिलेश स्वर्णकार, विष्णु साहू डाक्टर प्रसाद चंद्रा, दिगंबर साहू, रामाधार यादव, रत्थू साहू बोट रामसाहू, साधराम साहू हरीराम साहू एव पत्रकार धनेश्वर साहू तथा नगर के प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। सभी के मध्य में यह पुरस्कार दिया गया जिससे कि सभी महिलाओं के चेहरे पर रौनकता छाई रही सभी को पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस तरह से भोजली का पर्व नगर पंचायत जैजैपुर में बाजे गाजे करमा नृत्य के साथ धूमधाम से मनाया गया।

# रामकुमार-गीता गबेल परिवार ने श्रावणी मास पर किया शिवजी का रुद्राभिषेक

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ति जिले के भाजपा नेता एवं जनपद सदस्य रामकुमार गबेल एवं उनकी धर्मपत्नी गीता गबेल ने श्रावणी मास के पावन मौके पर अपने निवास पर शिव जी के रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया, इस अवसर पर जहां उपस्थित विद्वान पंडितों ने भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न कराया, तो वही पूजा अर्चना के पश्चात डोंगिया सुलोनी वाले गबेल परिवार द्वारा उपस्थित सभी विद्वान पंडितों के चरण धोकर उनसे आशीर्वाद लिया गया एवं उन्हें भोजन भी कराया गया तथा भोजन के पश्चात रामकुमार गबेल एवं गीता गबेल ने सभी ब्राह्मणों को दक्षिणा स्वरूप भेंट अर्पित की एवं उनके चरण स्पर्श किये, इस दौरान डोंगिया सुलोनी वाले गबेल परिवार के सभी सदस्य, महिला सदस्य एवं बच्चे भी उपस्थित रहे तथा इस संबंध में रामकुमार गबेल ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की आराधना से ही जहां सभी संकटों का निवारण होता है तो वही वे विगत कई वर्षों से निरंतर बाबा बैजनाथ धाम की भी कावड़ यात्रा करते हैं, एवं उनका सौभाग्य है कि उन्हें शिवजी की आराधना का अवसर मिला है।

# जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता जरूरी : राज्यपाल रमेन डेका

## राज्यपाल ने पर्यावरण संवर्धन हेतु सभी से एक पेड़ लगाने का किया आह्वान




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर देते हुए पर्यावरण संवर्धन के लिए सभी से एक पेड़ लगाने का आह्वान किया है। राज्यपाल डेका ने दुर्ग जिले में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में उक्त आशय के विचार व्यक्त किए। राज्यपाल ने जिले में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अलावा सामाजिक हितों के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। राज्यपाल डेका ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से इसका लाभ जन-जन तक पहुंचता है। उन्होंने अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण की भावना से करने कहा। राज्यपाल डेका ने अधिकारियों से एजेण्डावार 20 विषयों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही इस पर प्रशासनिक अधिकारियों से सुझाव आमंत्रित किए। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले की योजनाओं के संबंध में पॉवर पांइट प्रेसेन्टेशन दिया। बैठक में संभागायुक्त एस.एन. राठौर, पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने भिलाई इस्पात संयंत्र का किया भ्रमण



राज्यपाल रमेन डेका ने अपने दुर्ग भिलाई प्रवास के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र का भ्रमण किया। इस दौरान सांसद विजय बघेल भी साथ मौजूद थे। राज्यपाल डेका ने भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस, रेल पथ मिल्स, सेफ्टी पाइंट और इस्पात गार्डन का अवलोकन किया। बीएसपी के अधिकारियों ने राज्यपाल को संयंत्र में इस्पात निर्माण की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रबंध निदेशक अनिर्बन दास गुप्ता, प्रबंध निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।




**रायपुर।** मोवा स्थित श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में तनावमुक्त जीवन जीने की कला पर मोटिवेशनल स्पीच का आयोजन किया गया। ब्रम्हकुमारी आश्रम की बहनों द्वारा तनावमुक्त जीवन जीने के संदर्भ में जानकारी दी गई। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डायरेक्टर सीए नितिन पटेल, डॉ. दीपक जायसवाल समेत काफी संख्या में मेडिकल कॉलेज की छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# भाजपा संविधान बदलना, आरक्षण खत्म करना चाहती है : दीपक बैज

## छत्तीसगढ़ में भी वंचित वर्ग का आरक्षण भाजपा ने रोका है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा की केंद्र सरकार किसी ने किसी प्रकार से वंचित वर्गों का आरक्षण समाप्त करवाना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देशभर के अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी वर्ग के लोगों को इस बात की आशंका है कि उनके आरक्षण को बाधित करने वर्ग भेद पैदा करने की कोशिश की जा रही है। कोटा में कोटा भाजपा की साजिश है। देश भर के वंचित वर्ग के लोग मुखरता से भाजपा के साजिश के विरोध में सामने आये। आरक्षण पर आंच कदापि भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राजनीतिक चरित्र देश विरोधी है, संविधान विरोधी है, आरक्षण विरोधी है। क्रीमी लेयर के नाम पर आरक्षण को खत्म करने की एक बार फिर से साजिश भाजपा के इशारे में रची गई है। भाजपा के बांटने और काटने की नीति के तहत ही आरक्षित तबके के भीतर वर्गीकरण करके भेद पैदा करने की साजिश है, संविधान की मूल भावना के विपरीत आरक्षण को खत्म करने का षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। कांग्रेस इसका विरोध करती है भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से केंद्र में आई है तब से आरक्षित वर्ग के हितों के खिलाफ फैसले आ रहे हैं। भाजपा की सरकार है जानबूझकर न्यायलय में आरक्षित वर्गों का पक्ष नहीं रखती है। पहले तो सरकारी उपक्रमों के अंधाधुंध निजीकरण करके आरक्षित वर्ग के युवाओं का सरकारी नौकरी का अधिकार बेच दिया गया, अब बांकी बचे अधिकारों में भी क्रीमी लेयर का भेद? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि खास तौर पर भाजपा शासित राज्य और केंद्र के द्वारा लगातार आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। हाल ही में मोदी सरकार के द्वारा केंद्रीय सचिवालय में डायरेक्टर और अवर सचिव के पदों पर आरक्षण को दरकिनार कर लैटरल एंट्री का जो षड्यंत्र रचा था उसे कांग्रेस के दबाव में वापस लेना पड़ा।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पत्रकार–वार्ता में नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की जानकारी दी



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने रायपुर के सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों और नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए दी जा रही राशि की जानकारी दी। उन्होंने राज्य के सभी नगरीय निकायों में विगत 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में मिले आवेदनों और उनके निराकरण के बारे में भी बताया।

# छत्तीसगढ़ में पढ़ने वाले बच्चों पर रहेगी अब शासन की सीधी नजर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए राजधानी रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में राज्य में एक और बड़ी पहल की गई है, जिसमें स्कूलों के साथ उनमें पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे के प्रदर्शन पर भी अब सीधी नजर रखी जाएगी। सॉफ्टवेयर एवं मोबाइल एप्प का विकास तथा कॉल सेंटर के माध्यम से मॉनिटरिंग आई.आई.टी. भिलाई के सहयोग से किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की ऑनलाईन मॉनिटरिंग एवं आंकड़ों के विश्लेषण करने के लिए रायपुर स्थित पेंशन बाड़ा में विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की गई है। इस केन्द्र के माध्यम से शासन की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू एवं मॉनिटरिंग करने में आसानी होगी। स्कूल और उनमें पढ़ने वाले एक-एक बच्चों के प्रदर्शन का रीयल टाइम ब्यौरा मुहैया कराएगा। विद्या समीक्षा केंद्र की स्थापना से शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं सुविधाओं को विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों तक आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। शालाओं में मूलभूत संरचनाओं की उपलब्धता, मरम्मत, उपयोगिता आदि की सतत् मॉनिटरिंग की जायेगी ताकि विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए उचित एवं पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो सके तथा बेहतर शिक्षा प्रदान की जा सके। इसके द्वारा शिक्षकों की पदस्थापना से सबंधित जानकारियों की भी मॉनिटरिंग की जा रही है। विद्या समीक्षा केन्द्र के अंतर्गत शिक्षकों का विवरण, यूडाइस डाटा, मध्यान्ह भोजन, शिक्षक प्रशिक्षण से सबंधित मॉनिटरिंग, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति, अधिकारियों के द्वारा शालाओं का निरीक्षण, विद्यार्थियों का मूल्यांकन

### रायपुर में स्थापित हुआ विद्या समीक्षा केंद्र

आदि तथा केन्द्र सरकार से सबद्ध शैक्षिक योजनाओं की नियमित आनलाइन मानिटरिंग की जायेगी। योजनाओं की मॉनिटरिंग हेतु साफ्टवेयर एवं एप्प भी तैयार किया जा रहे हैं। योजनाओं की मॉनिटरिंग हेतु काल सेंटर स्थापित किया गया है। विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधियों से संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिये एक टोल-फ्री नम्बर भी जारी किया जायेगा। स्कूल में मूलभूत सुविधाएँ जैसे शाला भवन, शौचालय, विद्युत् व्यवस्था आदि उपलब्ध है अथवा नहीं है, के सबंध में एआई आधारित माड्यूल के उपयोग से जानकारी प्राप्त की जा रही है। प्राप्त जानकारियों की सूची के साथ की सहायता से स्कूलों का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। एआई के उपयोग से ही बच्चों को दी जाने वाली मध्यान्ह भोजन की जानकारी प्राप्त की जा रही है। एआई के माध्यम से ही मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत बच्चों को परोसी जानी वाली सामग्रियों की गुणवत्ता का विश्लेषण किया जायेगा जिससे बच्चों को पर्याप्त मात्रा में भोजन मिल रहा है कि नहीं इसकी जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी। एआई के उपयोग से शिक्षकों के डाटा के विश्लेषण की सुविधा भी विद्या समीक्षा केन्द्र के अंतर्गत तैयार की गई है। विषयवार शिक्षकों की जानकारी, अतिशेष शिक्षकों की जानकारी, एकल शिक्षकों की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403